खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :33°C
न्यूनतम: 22°C

देहरादून, बुधवार 29 अप्रैल 2026 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 261 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com बैसाख शुक्ल पक्ष 12 विक्रमी सम्वत् 2083 10 जिलकदा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

UPES UNIVERSITY OF TOMORROW
India's AI-FIRST University
Alumni working at Microsoft, Google, Atlassian, Bain & Company, and more
1.3 Cr. Alumnus Package
B.TECH. ADMISSIONS 2026
CSE | Artificial Intelligence and Machine Learning | VLSI
Smart Manufacturing | Intelligent Robotics and Automation
Applied Petroleum Engineering | Aerospace Engineering and more
Apply through UPESEAT Entrance Test
SCAN TO APPLY
Upto 25% FEE WAIVER for Uttarakhand Domicile Students* | LAST DATE TO APPLY - APRIL 29, 2026
*T&C Apply.
For more details visit upes.ac.in or call Toll Free

## संक्षिप्त समाचार

### मस्जिद सभी के लिए खुली: इसका मतलब यह नहीं वहां पूजा करने लगें : वकील

**नई दिल्ली।** केरलम के सबरीमाला मंदिर सहित अन्य संप्रदायों के धार्मिक स्थलों में महिलाओं के साथ होने वाले भेदभाव से जुड़ी याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हो रही है। मंगलवार को सुनवाई का 9वां दिन था। मस्जिद दरगाह में महिलाओं के प्रवेश के खिलाफ दलील दे रहे एडवोकेट निजाम पाशा ने कहा कि कोई व्यक्ति हिजाब को धार्मिक रूप से अनिवार्य मान सकता है, लेकिन स्कूल के नियम अलग हो सकते हैं। मतलब धार्मिक विश्वास हमेशा संस्थागत नियमों से ऊपर नहीं होगा। अगर किसी मोहल्ले की मस्जिद सबके लिए खुली हो तो भी कोई जाकर घंटी नहीं बजा सकता। आरती नहीं कर सकता, क्योंकि उस जगह की अपनी धार्मिक मर्यादा है।

### सिसोदिया भी जज स्वर्णकांता की कोर्ट में पेश नहीं होंगे

**नई दिल्ली।** दिल्ली आबकारी नीति मामले में अरविंद केजरीवाल के बाद अब दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने भी न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा को पत्र लिखकर सूचित किया है कि न तो वह और न ही उनके वकील उनकी अदालत में पेश होंगे। श्री सिसोदिया ने अपने पत्र और सोशल मीडिया 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि 'पूर्ण सम्मान के साथ', उनकी अंतरात्मा उन्हें वर्तमान परिस्थितियों में न्यायमूर्ति के समक्ष कार्यवाही में भाग लेना जारी रखने की अनुमति नहीं देती है।

### गुजरात निकाय चुनाव: सभी नगर निगमों में BJP जीती

**अहमदाबाद।** गुजरात स्थानीय निकाय चुनाव में भाजपा ने शानदार जीत हासिल की है। राज्य के 15 नगर निगमों, 84 नगरपालिकाओं, 34 जिला पंचायतों और 260 तालुका पंचायतों के चुनाव की काउंटिंग सुबह 8 बजे से जारी है। इनमें 9992 सीटें हैं। भाजपा ने अब तक 6161 सीटें जीत ली हैं। कांग्रेस के खाते में 1315 और अन्य को 592 सीटें मिली हैं। इस चुनाव भाजपा का स्ट्राइक रेट 76 फीसदी है। आम आदमी पार्टी (आप) ने दावा किया है कि उसे 380 सीटों पर जीत मिली है। असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम के 3 उम्मीदवारों को जीत मिली है।

### हौज खास स्थित डियर पार्क से हिरण राजस्थान जाएंगे

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने हौज खास स्थित दिल्ली के एएन झा डियर पार्क से हिरणों को राजस्थान के टाइगर रिजर्व में स्थानांतरित करने की अनुमति दे दी है और इसके साथ ही अदालत ने देश भर में वन्यजीवों के स्थानांतरण के लिए व्यापक दिशा-निर्देश भी निर्धारित किए हैं। सीईसी के निष्कर्षों को स्वीकार करते हुए न्यायालय ने कार्यवाही को बंद कर दिया और अधिकारियों को वैज्ञानिक तथा समयबद्ध स्थानांतरण योजना लागू करने का निर्देश दिया। न्यायालय ने कि संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया है।

# अमेरिका अब दूसरे देशों पर फैसले थोपने की स्थिति में नहीं

## ईरान की दो टूक: ट्रम्प का दबाव नहीं सहेंगे, दावा: ईरान होर्मुज स्ट्रेट खोलने को तैयार

**तेहरान/वाशिंगटन।** ईरान ने मंगलवार को कहा कि अब अमेरिका उस स्थिति में नहीं है कि वह दूसरे देशों को बताए कि उन्हें क्या करना चाहिए। ईरान के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता रेजा तलाएई-निक ने सरकारी टीवी से कहा कि वे ट्रम्प का दबाव नहीं सहन करेंगे।

उन्होंने कहा कि अमेरिका को अपनी गलत मांगों को छोड़ना ही होगा। यह बयान उस समय आया है जब अमेरिका, होर्मुज स्ट्रेट को खोलने से जुड़े ईरान के नए प्रस्ताव पर विचार कर रहा है। अमेरिका, ईरान और इजरायल के बीच फिलहाल युद्धविराम लागू है, लेकिन इस संघर्ष को पूरी तरह खत्म करने के लिए जो बातचीत चल रही है, उसमें अभी तक



कोई ठोस नतीजा नहीं निकला है। इस बीच ईरान पहली बार होर्मुज स्ट्रेट खोलने को तैयार हो गया है। ईरान ने अमेरिका से समुद्री नाकेबंदी हटाने की भी अपील की है। न्यूयॉर्क टाइम्स ने तीन ईरानी अधिकारियों के हवाले से यह जानकारी दी है। रिपोर्ट के मुताबिक ईरान ने अमेरिका को बातचीत के लिए रविवार को एक नया प्रस्ताव दिया था। इसमें मुख्य रूप से 3 शर्तें -शेष पृष्ठ दो पर

### एनपीटी समीक्षा सम्मेलन में ईरान को उपाध्यक्ष चुना गया

**न्यूयॉर्क।** ईरान को न्यूयॉर्क में चल रहे परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) समीक्षा सम्मेलन का उपाध्यक्ष चुना गया है। ईरान ने इसे परमाणु हथियार मुक्त दुनिया के लिए अपने प्रयासों की जीत बताया है। संयुक्त राष्ट्र में ईरान के मिशन ने इस चुनाव की जानकारी दी। संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी संस्था अंतर्राष्ट्रीय परमाणु उर्जा एजेंसी का हालांकि कहना है कि ईरान लगातार परमाणु अप्रसार संधि के नियमों का उल्लंघन कर रहा है। वियना में ईरानी मिशन ने एक बयान में कहा कि यह चुनाव वैश्विक स्तर पर परमाणु हथियारों को खत्म करने के लिए ईरान की 'भूमिका और वकालत' का सम्मान है। ईरान ने अपना पुराना नारा दोहराते हुए कहा कि परमाणु ऊर्जा सभी के लिए, लेकिन परमाणु हथियार किसी के लिए नहीं। ईरान ने अपने दावे में यह भी कहा कि उनके यहां परमाणु हथियारों पर धार्मिक रूप से पाबंदी है। इसके लिए उन्होंने अपने दिवंगत सर्वोच्च नेता के उस फतवे का हवाला दिया, जिसमें इन हथियारों के इस्तेमाल पर रोक लगाई गई है। पिछले साल आईएईए के 35 सदस्यीय बोर्ड ने एक प्रस्ताव पारित किया था, जिसमें 2005 के बाद पहली बार आधिकारिक रूप से कहा गया था कि ईरान परमाणु नियमों का पालन नहीं कर रहा है।

### ईरान को होर्मुज नियंत्रित करने का अधिकार: रूस

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र में रूस के राजदूत वसीली नेबेंजिया ने जोर देकर कहा है कि जंग के समय सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए ईरान के पास होर्मुज स्ट्रेट में नौवहन को विनियमित और प्रतिबंधित करने का अधिकार सुरक्षित है।

श्री नेबेंज़िया ने बोलते हुए सारा इल्जाम ईरान पर मढ़ने की कोशिशों को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि ईरान को हमलावर के रूप में पेश करना गुमराह करने वाला है। उन्होंने कहा कि पूरी जिम्मेदारी ईरान पर डालने की कोशिश की गई, मानो ईरान ने ही अपने पड़ोसियों पर हमला किया हो। ईरानी मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, होर्मुज स्ट्रेट में ईरान के कदम का बचाव करते हुए उन्होंने तर्क दिया कि युद्ध की स्थिति में खतरे का सामना कर रहे किसी भी तटीय देश के पास अपनी सुरक्षा के लिए अपने क्षेत्रीय जल क्षेत्र के भीतर आवाजाही को सीमित करने का अधिकार होता है। रूसी दूत ने पश्चिमी देशों पर 'दोहरे मानदंड' अपनाने का भी आरोप लगाया और अन्य क्षेत्रों में समुद्री आचरण के साथ इसकी तुलना की।

# तपी धरती, झुलसा बदन

## यूपी का बांदा 47.6°दुनिया में सबसे गर्म

शाह टाइम्स ब्यूरो




- भीषण गर्मी के बीच दिल्ली में बारिश- आंधी का अलर्ट
- 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं

**नई दिल्ली।** देशभर में जारी भारी गर्मी के बीच दिल्ली में आंधी और बारिश का अलर्ट है। मौसम विभाग ने मंगलवार को कहा कि यहां 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं और बिजली कड़कने के साथ हल्की बारिश हो सकती है।

पाकिस्तान और राजस्थान के ऊपर बने चक्रवाती सिस्टम के कारण मौसम में अचानक यह बदलाव हुआ है। उत्तर प्रदेश और राजस्थान में गर्मी ने सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। सोमवार को बांदा 47.6 डिग्री सेल्सियस के साथ दुनिया का सबसे गर्म शहर रहा। यहां 30 अप्रैल 2022 को 47.4 डिग्री तापमान रहा था। राजस्थान के जैसलमेर में 46.4 डिग्रीतापमान दर्ज हुआ। मध्य प्रदेश के खजुराहो में पारा 46 डिग्री पहुंच गया, जो पिछले 10 साल में सबसे ज्यादा है। जैसलमेर-खजुराहो के अलावा देश के 4 शहरों में पारा 46 डिग्री या इससे ज्यादा रहा। इनमें बाड़मेर 46 डिग्री, वर्धा 46.5डिग्री, अमरावती 46.6डिग्री और अकोला 46.3 डिग्री शामिल हैं। बढ़ती गर्मी और हीटवेव को देखते हुए केंद्र ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को सभी अस्पतालों और स्वास्थ्य संस्थानों में हीट स्ट्रोक मैनेजमेंट यूनिट शुरू करने के निर्देश दिए हैं।

### लू से प्रभावितों के लिए पहले से ही कार्रवाई करें राज्य : एनएचआरसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने 21 राज्यों और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र-दिल्ली को लू से प्रभावित होने वाले लोगों के जीवन की रक्षा के लिए पहले से ही कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। एनएचआरसी ने मंगलवार को बताया कि आयोग ने 21 राज्यों और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र- दिल्ली में देश में भीषण गर्मी के दौरान प्रभावित होने वाले लोगों की सुरक्षा के लिए पहले से ही कार्रवाई करने और राहत संबंधी उपाय लागू करने को कहा है। इन राज्यों में आंध्र प्रदेश, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, कर्नाटक, केरलम, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, पंजाब, राजस्थान, सिक्किम, तमिलनाडु, तेलंगाना, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल शामिल हैं। आयोग ने पाया है कि बार-बाल लू चलने, उसकी अवधि और तीव्रता में वृद्धि के कारण हाशिए पर रहने वाले, आर्थिक रूप से दुर्बल वर्ग, घरों के बाहर काम करने वाले श्रमिक और बेघर लोग गंभीर रूप से प्रभावित होते हैं, क्योंकि उनके पास पर्याप्त आश्रय और संसाधन नहीं होते। बुजुर्ग, अल्पवयस्क, बच्चे और नवजात शिशु अत्यधिक गर्मी के कारण स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों के प्रति विशेष रूप से संवेदनशील होते हैं। इसके अतिरिक्त लू से आजीविका का नुकसान हो सकता है।

### सलीम डोला को तुर्की से वापस लाना एनसीबी की बड़ी उपलब्धि: शाह

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि नार्को सिडिकेट के खिलाफ सरकार की 'ज़ीरो टॉलरेंस' नीति के अनुरूप, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो



(एनसीबी) ने तुर्की से कुख्यात ड्रग तस्कर मोहम्मद सलीम डोला को वापस लाने में एक बड़ी सफलता हासिल की है। श्री शाह ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि मोदी सरकार की नार्को सिंडिकेट के खिलाफ ज़ीरो टॉलरेंस की नीति के तहत एनसीबी ने मंगलवार को तुर्की से कुख्यात ड्रग तस्कर सलीम डोला को वापस लाने में एक बड़ी सफलता हासिल की है। उन्होंने कहा कि ड्रग कार्टेल को पूरी तरह से खत्म करने के सरकार के मिशन के तहत, हमारी नार्कोटिक्सरोधी एजेंसियों ने वैश्विक एजेंसियों के एक मज़बूत नेटवर्क के ज़रिये सीमाओं के पार भी अपनी पकड़ बना ली है।

## यूपी पुलिस में एक लाख भर्तियों का ऐलान

शाह टाइम्स ब्यूरो

- योगी ने उप्र पुलिस दूरसंचार विभाग के 936 चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिए

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के युवाओं के लिए बड़ी खुशखबरी देते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ऐलान किया कि प्रदेश में इस वर्ष करीब एक लाख पुलिस भर्तियां की जाएंगी। उन्होंने कहा कि भर्ती प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ आगे बढ़ रही है, जिससे योग्य युवाओं को अवसर मिल रहा है।

मुख्यमंत्री ने लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश पुलिस दूरसंचार विभाग के 936 चयनित प्रधान परिचालकों/प्रधान परिचालक (यांत्रिक) को नियुक्ति पत्र वितरित किए। कार्यक्रम के दौरान विभाग पर आधारित एक लघु फिल्म भी दिखाई गई। योगी ने नवचयनित अभ्यर्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार ने भर्ती प्रक्रिया को ईमानदारी से पूरा किया है, अब युवाओं का दायित्व है कि वे साफ नीयत, पारदर्शिता और समर्पण के साथ अपनी सेवा दें। उन्होंने कहा कि राष्ट्र सर्वोपरि है और हर नागरिक को अपने कर्तव्यों का निर्वहन ईमानदारी से करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले भर्ती प्रक्रिया में लेनदेन और भेदभाव की



शिकायतें होती थीं, लेकिन अब योग्यता और आरक्षण के आधार पर निष्पक्ष चयन सुनिश्चित किया गया है। पिछले 9 वर्षों में प्रदेश पुलिस में 2.20 लाख से अधिक भर्तियां की जा चुकी हैं। उन्होंने बताया कि हाल ही में 60 हजार आरक्षियों की दीक्षांत परेड हुई है, जो अब फील्ड में तैनात होकर सेवा देंगे। ट्रेनिंग व्यवस्था में भी बड़ा बदलाव आया है, जहां पहले सीमित संख्या में प्रशिक्षण होता था, वहीं अब एक साथ बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। योगी ने कहा कि मजबूत कानून-व्यवस्था के चलते प्रदेश में निवेश बढ़ा है और इससे अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिल रही है।

## ईडी ने आरकॉम की लगभग 3000 करोड़ की संपत्ति कुर्क की

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड (आरकॉम) बैंक धोखाधड़ी मामले में 3,034.90 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की है।

इसके साथ ही रिलायंस अनिल अंबानी ग्रुप (आरएएजी) से जुड़े मामलों में कुल कुर्की 19,344 करोड़ रुपये से अधिक हो गई है। ईडी ने मंगलवार को बताया कि संपत्तियों को क्षय से बचाने और बैंकों तथा जनता के हितों की रक्षा के लिए धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 की धारा 5 के तहत यह अंतरिम कुर्की की है। उच्चतम न्यायालय के निर्देशों पर गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) बैंक और सार्वजनिक धन की कथित हेराफेरी और धन शोधन के आरोपों से जुड़े मामलों की जांच कर रहा है। यह जांच भारतीय स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) द्वारा आरकॉम, अनिल डी. अंबानी और अन्य के खिलाफ दर्ज कराई गई सीबीआई की कई प्राथमिकियों के आधार पर शुरू की गई थी।

### अंतरिम कुर्की दोष सिद्धि नहीं : अनिल अंबानी का परिवार

**नई दिल्ली।** आरकॉम से जुड़े एक मामले में ईडी की अंतरिम कुर्की की हालिया कार्रवाई पर अनिल अंबानी परिवार ने मंगलवार को एक बयान जारी कर कहा कि इससे दोष साबित नहीं होता। परिवार ने कहा है कि अंतरिम कुर्की दोष सिद्धि नहीं है और प्रभावित पक्ष प्राधिकरण के समक्ष तय समय सीमा में अपना पक्ष रखेंगे। जांच में प्रवर्तकों से जुड़ी संपत्तियों का पता चला है, जिनमें मुंबई की उषा किरण बिल्डिंग में एक फ्लैट, पुणे के खंडाला में एक फार्महाउस और अहमदाबाद के साणंद में जमीन का एक हिस्सा शामिल है।

### दिल्ली कोर्ट ने सीबीआई के जॉइंट डायरेक्टर को तीन महीने जेल की सजा सुनाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली के कोर्ट ने दो सीबीआई ऑफिसर्स को दो दशक पहले एक रेड के दौरान इंडियन रेवेन्यू सर्विस (आईआरएस) ऑफिसर के घर में मारपीट करने और बिना इजाजत घुसने के जुर्म में तीन महीने की जेल की सजा सुनाई। ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट शशांक नंदन भट्ट रिटायर्ड पुलिस ऑफिसर वीके पांडे और रमनीश के खिलाफ सजा पर दलीलें सुन रहे थे, जो 2000 में रेड के समय सुपरिटेंडेंट ऑफ पुलिस के तौर पर काम कर रहे थे। रमनीश अभी सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (सीबीआई) में जॉइंट डायरेक्टर हैं। कोर्ट ने दोनों आरोपियों पर 50.50,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया। दोनों पर आईआरएस ऑफिसर अशोक कुमार अग्रवाल ने आरोप लगाए गए थे।

## बंगाल में दूसरे चरण की 142 सीटों पर मतदान आज

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में बुधवार को 142 सीटों पर वोटिंग होनी है। इसको लेकर राज्य में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है।

ममता की भवानीपुर सीट पर मंगलवार को सीआरपीएफ ने फ्लैग मार्च निकाला। ममता के खिलाफ भाजपा ने सुवेंदु अधिकारी को मैदान में उतारा है। इधर चुनाव कर्मचारी ईवीएम मशीन लेकर पोलिंग बूथ पर पहुंच चुके हैं। कोलकाता में एक महिला कर्मचारी गर्मी के चलते बेहोश हो गई। सेकेंड फेज में कुल 1473 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। 23 अप्रैल को पहले चरण में 92.72 फीसदी मतदान हुआ था। दूसरे चरण के मतदान को शांतिपूर्ण बनाने के लिए चुनाव आयोग के निर्देश पर पुलिस ने राज्य भर में 1,543 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें पूर्व बर्धमान के टीएमसी पार्षद नारु गोपाल भक्त भी शामिल हैं, जिन पर भाजपा नेता के घर हमले और डराने-धमकने का आरोप है। बंगाल में 510 करोड़ रुपये से अधिक की अवैध सामग्री जब्त हो चुकी है। 2021 के चुनाव में 339 करोड़ की जब्ती हुई थी।

## नारी शक्ति से भयभीत है परिवारवादी दल: मोदी

वाराणसी, वार्ता

- वाराणसी में जन आक्रोश महिला सम्मेलन को संबोधित करते हुए पीएम ने विपक्ष पर साधा निशाना

**पीएम मोदी** मंगलवार की दोपहर दो दिवसीय दौरे पर काशी पहुंचे। बाबतपुर एयरपोर्ट से हेलीकॉप्टर से बरेका पहुंचे। यहां गेस्ट हाउस में विश्राम के बाद शाम करीब पांच बजे बरेका में आयोजित जन आक्रोश महिला सम्मेलन में पहुंचे। यहां महिलाओं के बीच से होकर पीएम मंच पर पहुंचे।

उन्होंने महिलाओं को संबोधित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नारी वंदन सम्मेलन में महिलाओं के सशक्तिकरण को लेकर सरकार की उपलब्धियों और योजनाओं का विस्तार से उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि



आज देश की लगभग 10 करोड़ महिलाएं स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी हैं और उनमें से करीब तीन करोड़ महिलाएं 'लखपति दीदी' बन चुकी हैं। उन्होंने बताया कि इस उपलब्धि में बनारस की हजारों महिलाएं भी शामिल हैं। उन्होंने भोजपुरी में कहा कि अभी त शुरुआत भयल हौ, ई बोनस बढ़त जाई, जिससे कार्यक्रम में मौजूद महिलाओं में उत्साह का माहौल बन गया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के निर्माण का अभियान शुरू हो चुका है और इसमें महिलाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि पहली बार सैनिक स्कूलों और रक्षा क्षेत्र के द्वार बेटियों के लिए खोले गए हैं, जिससे वे राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभा सकें। प्रधानमंत्री ने कहा कि नई संसद के गठन के बाद महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाया गया और वर्ष 2023 में नारी वंदन अधिनियम लाया गया। पीएम मोदी ने अपने संबोधन में विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि कुछ परिवारवादी दल नारी शक्ति से भयभीत हैं।

संक्षिप्त समाचार

### ड्रग तस्कर की एक करोड़ रुपये से ज्यादा की संपत्ति कुर्क

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर में नशा मुक्त अभियान के तहत ड्रग तस्करी के खिलाफ अपनी तेज कार्रवाई जारी रखते हुए श्रीनगर पुलिस ने एक ड्रग तस्कर की लगभग 1.5 करोड़ रुपये की अचल संपत्ति कुर्क की है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस)एक्ट की धारा 68-एफ के तहत कार्रवाई करते हुए रैनावारी पुलिस स्टेशन ने आरोपी बिलाल अहमद पाटू, सैदकदल, श्रीनगर की 11 मरला जमीन के साथ एक मंजिला रिहायशी घर कुर्क किया। आरोपी एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20-29 के तहत शामिल है। उक्त संपत्ति की पहचान ड्रग तस्करी से कमाए गए पैसे से गैर-कानूनी तरीके से हासिल की गई संपत्ति के रूप में की गई है।

### मार्च में 4.1 प्रतिशत बढ़ा औद्योगिक उत्पादन

**नई दिल्ली।** वैश्विक चुनौतियों के बीच घरेलू खनन सेक्टर के अच्छे प्रदर्शन से मार्च में देश का औद्योगिक उत्पादन सूचकांक 4.1 प्रतिशत बढ़ा जो पांच महीने में सबसे कम है। यह अक्टूबर 2025 के बाद की सबसे सुस्त वृद्धि है। इस साल फरवरी में औद्योगिक उत्पादन सूचकांक 5.1 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई थी। केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय की ओर से मंगलवार को जारी आंकड़ों के अनुसार मार्च में विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर फरवरी के 5.9 प्रतिशत से घटकर 4.3 प्रतिशत और बिजली क्षेत्र की 2.3 प्रतिशत से घटकर 0.8 प्रतिशत रह गई। हालांकि खनन क्षेत्र की वृद्धि दर फरवरी की 3.1 फीसदी की तुलना में मार्च में 5.5 फीसदी हो गई। पूरे वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान भी औद्योगिक उत्पादन में 4.1 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई।

# सहमति से शारीरिक संबंध रेप नहीं: हाईकोर्ट

**प्रयागराज, वार्ता**



याचिका पर इलाहाबाद हाईकोर्ट का बड़ा फैसला

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने रेप केस में एक आरोपी की अग्रिम याचिका पर मंगलवार को सुनवाई करने के बड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि बालिगों के बीच सहमति से लंबे समय तक चलने वाला शारीरिक संबंध बलात्कार नहीं हो सकता है। कोर्ट ने इस केस में आरोपी की अग्रिम जमानत याचिका मंजूर करते हुए यह आदेश दिया।

इलाहाबाद हाईकोर्ट में जस्टिस राजीव लोचन शुक्ला की सिंगल बेंच ने आरोपी को सशर्त अग्रिम जमानत देते हुए कहा कि वो पुलिस जांच में सहयोग करेगा। इस मामले पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनीं, जिसके बाद कोर्ट ने यह टिप्पणी की। आरोपी ने इलाहाबाद हाईकोर्ट का दरवाजा तब खटखटाया, जब मामले में कथित पीड़िता ने उसके खिलाफ बीएनएस की अलग-अलग धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कराई। आरोपी याचिकाकर्ता ने आजमगढ़ के सिधारी थाने में बीएनएस की धारा 64, 115(2) और 351(3)के तहत एफआईआर दर्ज होने के बाद गिरफ्तारी से बचने के लिए हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल करते हुए कोर्ट से अग्रिम जमानत देने की मांग की थी। याची के वकील ने कोर्ट में दलील देते हुए कहा कि याची को बलात्कार केस में फर्जी तरीके से फंसाया गया है। उन्होंने कोर्ट में अपनी सारी दलीलें रखीं, कोर्ट ने सभी तथ्यों के आधार पर माना कि सहमति से बालिगों के बीच लंबे समय से चले आ रहे फिजिकल रिलेशन को बलात्कार नहीं माना जा सकता है। पीड़ित जो एक विधावा है और उसका 15 साल का बेटा है, उसने याची के खिलाफ झूठी रिपोर्ट दर्ज कराई है। बीएनएस की धारा 183 के तहत दर्ज किया गया बयान एफआईआर में बताई गई कहानी से बिल्कुल अलग है। धारा 183 के तहत दर्ज बयान में आपसी सहमति से संबंध दिखाया गया है और याचिकाकर्ता के खिलाफ कोई अपराध नहीं बनता है, वहीं याची का कोई क्रिमिनल इतिहास नहीं है। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान पाया कि मामले में महिला ने दावा किया कि उसने 2022 से याचिकाकर्ता से बात करना शुरू किया था., हालांकि कोर्ट में सरकार की तरफ से अग्रिम जमानत याचिका का विरोध किया गया और कहा गया कि याची इस मामले में अकेला नामजद आरोपी है। उसने पीड़िता का फायदा उठाते हुए बंदूक की नोक पर उसके साथ रेप किया। सभी पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने कहा कि एफआईआर में यह नहीं बताया गया कि पीड़िता और याचिकाकर्ता के बीच सहमति से रिश्ता था। धारा183 के तहत दर्ज बयान में पीड़िता का दावा है कि उसने साल 2022 से याची से फोन पर बात करना शुरू कर दिया था और उसके साथ शारीरिक संबंध भी बनाए थे। वह लगभग 35 साल की विधवा है, जिसका एक 15 साल का बेटा है।

# महिला आरक्षण पर सर्वदलीय बैठक बुलाए सरकार: कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**



विधानसभा चुनाव का प्रचार खत्म हो चुका

कांग्रेस ने कहा है कि जिन राज्यों में विधानसभा चुनाव प्रस्तावित थे, वहां अब चुनाव लगभग समाप्त हो गए हैं, इसलिए सरकार को महिला आरक्षण लागू करने के मुद्दे पर तत्काल सर्वदलीय बैठक बुलानी चाहिए।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने मंगलवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि अब विभिन्न राज्य विधानसभाओं के लिए होने वाले चुनाव का प्रचार समाप्त हो चुका है और लोकसभा के परिसीमन को लागू करने का सरकार का प्रयास विपक्ष की एकजुटता के कारण विफल रहा है, तो अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को महिला आरक्षण लागू करने के मुद्दे पर पहल करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023 को वर्ष 2029 से लोकसभा की मौजूदा संख्या के साथ किस प्रकार लागू किया जा सकता है, इस पर चर्चा के लिए सर्वदलीय बैठक बुलाई जानी चाहिए। यह कदम संभव, वांछनीय और आवश्यक है। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि संसद के विशेष सत्र के दौरान महिलाओं का आरक्षण वास्तविक मुद्दा नहीं था, बल्कि उस समय का एजेंडा परिसीमन से जुड़ा हुआ था।

### ओडिशा के सिजिमाली में अशांति की केंद्र कराए निष्पक्ष जांच

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने ओडिशा के रायगड़ा और कालाहांडी जिलों के सिजिमाली क्षेत्र में उत्पन्न अशांति पर चिंता जताते हुए केंद्र सरकार से पूरे घटनाक्रम की व्यापक और निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने मंगलवार को सोशल मीडिया एक्स पर इसको लेकर कहा कि क्षेत्र में प्रस्तावित बॉक्साइट खनन परियोजना और उससे जुड़ी आधारभूत संरचनाओं को लेकर स्थानीय आदिवासी समुदायों में व्यापक असंतोष है, जिसे संवेदनशीलता से संभालने की आवश्यकता है।

# शिष्टमंडल को गाजीपुर जाने से रोकना दुर्भाग्यपूर्ण

**नई दिल्ली, वार्ता**

सीएम योगी ने किया मौलिक अधिकारों का उल्लंघन: गौतम

कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान सहित भारतीय जनता पार्टी शासित राज्यों में दलितों के खिलाफ अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह तथा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को इसका जवाब देना चाहिए।

कांग्रेस आदिवासी विभाग के अध्यक्ष राजेंद्र पाल गौतम तथा उनके साथ उत्तर प्रदेश के गाजीपुर गए प्रतिनिधिमंडल के कुछ सदस्यों ने मंगलवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बताया कि उत्तर प्रदेश के गाजीपुर में विश्वकर्मा समाज की एक बेटी की हत्या हुई है। कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल कल पीड़ति परिवार से मिलने और उन्हें सांत्वना देने जा रहा था, लेकिन प्रशासन ने उन्हें वहां जाने से रोक दिया। उन्होंने बताया कि प्रतिनिधिमंडल को रोकने के लिए जिलाधिकारी ने धारा 163 का हवाला दिया। उनका कहना था कि कानून में पीड़ित की पहचान उजागर न करने का प्रावधान है लेकिन प्रशासनिक आदेश में ही पीड़ति की पहचान सामने आ रही है, जो नियमों के विपरीत है। गौतम ने कहा कि मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश सहित कई बड़े राज्यों में दलितों के खिलाफ अत्याचार की घटनाएं बढ़ी हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि मध्य प्रदेश में घोड़ी पर बारात लेकर जा रहे एक दलित दूल्हे के साथ मारपीट की गई।

### समय आने पर लोकतंत्र के अपराधी बख्शे नहीं जाएंगे: अखिलेश

# आईपीएस के वायरल वीडियो पर सियासत तेज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



बंगाल चुनाव में ऑब्जर्वर बनकर पहुंचे यूपी के आईपीएस अधिकारी अजय पाल शर्मा

**लखनऊ।** बंगाल चुनाव में ऑब्जर्बर बनकर पहुंचे आईपीएस अधिकारी अजय पाल शर्मा के वायरल एक वीडियो को लेकर उत्तर प्रदेश में सियासत गरमा गई है।

प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने वीडियो को लेकर भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि समय आने पर लोकतंत्र के अपराधी बख+्शे नहीं जाएंगे। यादव ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर करते हुए कहा कि इस प्रकरण ने प्रदेश के शासन-प्रशासन की छवि को गहरा नुकसान पहुंचाया है और 'महिला सम्मान' व 'नारी वंदन' जैसे दावों की वास्तविकता भी उजागर कर दी है। सपा प्रमुख ने कहा कि भाजपा शासन में इस तरह के मामले अपवाद नहीं हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि जब महिला सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालने वाले ही इस तरह के आचरण में शामिल पाए जाएं, तो आम महिलाओं की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित होगी। उन्होंने कहा कि इस घटना से भाजपा से जुड़ी महिलाएं भी असहज और शर्मिंदा महसूस कर रही होंगी। उन्होंने कहा कि अब सबकी नजर इस बात पर है कि संबंधित अधिकारी के खिलाफ निलंबन या बर्खास्तगी की कार्रवाई कितनी तेजी से होती है। उन्होंने इसे सीधे तौर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की छवि से जुड़ा मामला बताया। अखिलेश यादव ने कहा कि इस प्रकरण में होने वाली कार्रवाई से यह स्पष्ट हो जाएगा कि मुख्यमंत्री का रुख क्या है। उन्होंने यह भी कहा कि इतना कुछ सामने आने के बाद सरकार पर अनुशासनात्मक और दंडात्मक कार्रवाई का दबाव बनना तय है। उन्होंने जोर देकर कहा कि 'जीरो टॉलरेंस' की नीति केवल अपराधियों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि ऐसे अधिकारियों पर भी समान रूप से लागू होनी चाहिए, ताकि महिलाओं का भरोसा कायम रह सके।

### आईपीएस की नियुक्ति पर प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के फलता में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के समर्थकों ने चुनाव आयोग द्वारा नियुक्त उत्तर प्रदेश कैडर के आईपीएस अधिकारी अजय पाल शर्मा पर पश्चिम बंगाल में दूसरे चरण के मतदान से पहले पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं को डराने-धमकाने का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया। अधिकारियों ने बताया कि शर्मा उन 95 पर्यवेक्षकों में शामिल हैं, जिन्हें चुनाव आयोग ने दूसरे चरण में स्वतंत्र और निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने के लिए तैनात किया है। इस घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए टीएमसी उम्मीदवार जहांगीर खान ने तेलुगू एक्शन फिल्म 'पुष्पा' और बॉलीवुड की फिल्म -'सिंघम' का जिक्र करते हुए कहा कि शर्मा बीजेपी द्वारा नियुक्त पुलिस अधिकारियों को मतदाताओं को धमकाने की इजाजत नहीं देंगे। यह बंगाल है, अगर वह 'सिंघम' है, तो मैं 'पुष्पा' हूं।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 76886.00
निफ्टी 23995.70



सोना 150000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार




चांदी रु. 238000
प्रति किलो



# बैंकिंग, आईटी शेयरों के दबाव में लुढ़के प्रमुख सूचकांक

**मुंबई, वार्ता**



विदेशों से मिले नकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में बैंकिंग और आईटी सेक्टरों में बिकवाली के दबाव में प्रमुख सूचकांक गिरावट में रहे।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 416.72 अंक (0.54 प्रतिशत) गिरकर 76,886 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 97 अंक यानी 0.40 फीसदी नीचे 23,995.70 अंक पर बंद हुआ। डॉलर की तुलना में रुपए में 40 पैसे से ज्यादा की गिरावट से भी निवेश धारणा प्रभावित हुई है। बड़ी कंपनियों के विपरीत छोटी और मझौली कंपनियों के सूचकांकों में तेजी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.26 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.42 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। बैंकिंग, वित्त, आईटी और ऑटो सेक्टरों पर सबसे अधिक दबाव देखा गया।

तेल एवं गैस, धातु और रसायन समूहों के सूचकांक हरे निशान में रहे। सेंसेक्स की कंपनियों में एक्सिस बैंक, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, इंडिगो और मारुति सुजुकी के शेयर ढाई फीसदी से अधिक लुढ़क गए। भारतीय स्टेट बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, हिंदुस्तान यूनीलिवर और अल्ट्राटेक सीमेंट में डेढ़ से दो प्रतिशत तक की गिरावट रही। इंफोसिस और एशियन पेंट्स के शेयर एक से डेढ़ प्रतिशत तक टूटे। एचडीएफसी बैंक, एनटीपीसी, पावरग्रिड, इटरनल, महिंद्रा एंड महिंद्रा और टाइटन के शेयर भी लाल निशान में रहे। रिलायंस इंडस्ट्रीज और भारती एयरटेल में डेढ़ प्रतिशत के आसपास तेजी रही। टेक महिंद्रा, सन फार्मा, टाटा स्टील, बजाज फिनसर्व और अडानी पोर्ट्स के शेयर भी ऊपर रहे।

### सोना और चांदी की कीमतों में गिरावट

**नई दिल्ली।** मंगलवार को सोने-चांदी के दाम में गिरावट दर्ज की गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 1,629 रुपए घटकर 1.50 लाख रुपए आ गया है। इससे पहले गुरुवार को यह 1.51 लाख पर था। वहीं एक किलो चांदी की कीमत 5,381 रुपए घटकर 2.38 लाख रुपए रह गई। चांदी की कीमत कल यानी 27 अप्रैल को 2.49 लाख रुपए थी।

साल की शुरुआत में सोने में तेजी थी, लेकिन हाल के हफ्तों में मुनाफावसूली और ईरान जंग से गिरावट आई है। उच्चतम स्तर से सोना 26 हजार सस्ता होकर अब 1.50 लाख प्रति10 ग्राम आ चुका है। चांदी में सोने के मुकाबले ज्यादा उतार-चढ़ाव रहा और यह ऑल टाइम हाई से तेजी से नीचे आई है। पिछले 89 दिन में चांदी 1.48 लाख गिरकर 2.38 लाख/किलो पर आई। हमेशा ब्यूरो आफ इंडियन स्टैंडर्ड का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें। सोने का सही वजन और खरीदने के दिन उसकी कीमत कई सोर्सेज (जैसे इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट) से क्रॉस चेक करें।

# मदर डेयरी ने 30 से अधिक नए उत्पाद पेश करने की घोषणा की

**नई दिल्ली, वार्ता**

मदर डेयरी ने इस बार गर्मी के सीजन में 30 से अधिक नए उत्पाद बाजार में उतारने की मंगलवार को घोषणा की और कहा कि इससे उसके प्रमुख श्रेणियों में कारोबार 30 प्रतिशत तक बढ़ने की उम्मीद है। कंपनी ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि इन मूल्य-वर्द्धित उत्पादों को पूरे सीजन के दौरान चरणबद्ध तरीके से बाजार में उतारा जाएगा। इंडल्जेंस, सेहत, सुविधा और क्षेत्रीय पसंद जैसे प्रमुख पहलुओं पर आधारित ए उत्पाद हर उम्र के उपभोक्ताओं और बदलती जीवनशैली के लिए विविध और आकर्षक विकल्प पेश करते हैं।

आइसक्रीम सेगमेंट में ब्रांड लगभग 20 नए उत्पाद ला रहा है। इनमें पहली बार टू-इन-वन मटका और टब फॉर्मेट, प्रीमियम क्राफ्टेड रेंज, तथा युवाओं को पसंद आने वाले फ्लेवर्स जैसे क्रीम चीज पिस्ता कोन और पिस्ता कुल्फी कसाटा शामिल हैं। इसके अलावा गो-लो सब-ब्रांड के तहत कम कैलोरी वाली आइसक्रीम की नई रेंज भी पेश की जा रही है, जो तीन स्वादिष्ट फ्लेवर्स- चोको आल्मंड, शाही मेवा और केसर पिस्ता टिल्ला कुल्फी- में उपलब्ध होगी। कंपनी अपने फेश डेयरी पोर्टफोलियो में जामुन योगर्ट और भुना जीरा रायता जैसे उत्पाद ला रही है। नई कैटेगरी श्रीखंड को पश्चिमी बाजारों के लिए तीन स्वादिष्ट फ्लेवर्स में पेश किया जाएगा और उत्तरी बाजारों के लिए मीठी दही पेश की जाएगी। कंपनी अपने यूएचटी दूध पोर्टफोलियो का भी विस्तार करेगी, जिसमें काउ मिल्क और स्टैंडर्डाइज्ड मिल्क को जम्मू एवं कश्मीर जैसे बाजारों में पेश किया जाएगा, ताकि सुविधाजनक और लंबी शेल्फ-लाइफ वाले विकल्पों की बढ़ती मांग पूरी की जा सके। इसके अतिरिक्त हाई-प्रोटीन 'प्रो' रेंज को प्रोकर्ड और प्रोपनीर- क्रमश: हाई-प्रोटीन दही और हाई-प्रोटीन पनीर- के साथ और मजबूत किया जा रहा है।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# पश्चिम एशिया संकट: तारकोल के रेट में 60 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ोतरी

**लखनऊ।** अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच जारी तनाव का असर अब उत्तर प्रदेश में सड़क निर्माण कार्यों पर साफ नजर आने लगा है। कच्चे तेल की आपूर्ति प्रभावित होने से तारकोल के दामों में तेज उछाल आया है, जिससे सड़क निर्माण की गति धीमी पड़ गई है।

रिपोर्ट के मुताबिक प्रदेश में पिछले डेढ़ महीने के भीतर तारकोल के रेट में 60 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई है। इस अचानक बढ़ोतरी से पुराने रेट पर ठेका लेने वाले ठेकेदारों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। पीडब्ल्यूडी (लोक निर्माण विभाग) के अधिकारी भी मानते हैं कि लागत बढ़ने से निर्माण कार्य प्रभावित हो रहे हैं। निर्माण विभाग के सूत्रों के अनुसार, 1 मार्च 2026 को तारकोल (वीजी-30) का दाम 46,532 रुपए प्रति टन था। इसके बाद हर पंद्रह दिन में इसमें उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई।16 मार्च भाव 51,092 रुपए प्रति टन, 1 अप्रैल को 65,002 रुपए प्रति टन और 16 अप्रैल को 76,152 रुपए प्रति टन हो गया था।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**अमेरिका अब...** थीं- 1. अमेरिका- इजरायल के साथ चल रहा युद्ध खत्म हो और आगे हमला न करने की गारंटी मिले 2. फिर अमेरिका की समुद्री नाकेबंदी हटे, होर्मुज खुले और जहाजों की आवाजाही फिर से शुरू हो 3. सबसे आखिर में परमाणु कार्यक्रम और यूरेनियम संवर्धन जैसे विवादित मुद्दों पर बात हो, हालांकि ट्रम्प इस प्रस्ताव को मानने को तैयार नहीं हैं। ट्रम्प सरकार का मानना है कि अगर बिना परमाणु कार्यक्रम का मामला सुलझाए बिना होर्मुज स्ट्रेट खोला, तो बातचीत में अमेरिकी पक्ष कमजोर हो जाएगा। इसलिए दोनों का हल एक साथ ही निकाला जाना चाहिए। ओमान के मुसंदम तट के पास सोमवार को होर्मुज में कई जहाज खड़े दिखाई दिए। युद्ध शुरू होने के बाद से इनमें से कई जहाज फंसे हुए हैं। ट्रम्प ने दो दिन में दूसरी बार ईरान का प्रस्ताव ठुकराया है। दरअसल, पिछले कई हफ्तों से ईरान और अमेरिका के बीच पाकिस्तान के जरिये प्रस्तावों का आदान-प्रदान हो रहा है, लेकिन परमाणु कार्यक्रम से जुड़े अहम मुद्दों पर अब तक सहमति नहीं बन सकी है।

### ओडिशा कंकाल मामले में बैंक ने आरोपों का किया खंडन

**नई दिल्ली।** इंडियन ओवरसीज बैंक ने एक व्यक्ति के बहन की मौत के सबूत के तौर पर बैंक में कंकाल लेकर पहुंचने की घटना पर सफाई देते हुए कहा है कि शाखा प्रबंधक का इरादा उस व्यक्ति को परेशान करने का नहीं था, बल्कि वह सिर्फ नियमों का पालन कर रहे थे। घटना के एक दिन बाद मंगलवार को बैंक ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि ओडिशा के क्योंझर जिले में उसके द्वारा प्रायोजित क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक 'ओडिशा ग्रामीण बैंक' की मल्लीपोसी शाखा में 27 अप्रैल को जीतू मुंडा नाम का व्यक्ति आया था। उसने खुद को कालरा मुंडा का भाई बताते हुए उसके खाते से पैसे निकालने की मांग की। पोस्ट में कहा गया है कि जब उसे बताया गया कि बिना उचित प्राधिकार पत्र के कोई भी व्यक्ति किसी और के खाते से पैसा नहीं निकाल सकता तो उसने बताया कि कालरा मुंडा की मौत हो चुकी है।

# जम्मू-कश्मीर को विकास की बड़ी सौगात

**श्रीनगर, वार्ता**



शिवराज सिंह चौहान ने 3566 करोड़ की सड़क परियोजनाओं को दी मंजूरी

केंद्रीय ग्रामीण विकास और कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को यहां प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 3566 करोड़ रुपए की लागत वाली परियोजनाओं का स्वीकृति पत्र मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला को सौंपा। केंद्रीय मंत्री ने इस अवसर पर 'दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन' के तहत 24 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के महिला स्वयं सहायता समूहों के लिए 4568-23 करोड़ रुपए से अधिक की धनराशि भी जारी की। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, उपमुख्यमंत्री सुलरदर कुमार चौधरी और अन्य वरिष्ठ अधिकारी तथा गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार केवल सड़कें बनाने के लिए नहीं, बल्कि दिल से दिल जोड़ने के संकल्प के साथ आई है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर के विकास के लिए षदिल के द्वार भी खुले हैं और दिल्ली के द्वार भी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के दोनों चरणों में जम्मू-कश्मीर को प्राथमिकता दी गई है। यह इस बात का सुबूत है कि केंद्र सरकार इस इलाके के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि एक ही साल में राज्य के लिए लगभग 8,000 करोड़ रुपए की सड़कों की स्वीकृति एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। इसकी मदद से हर गांव और दूरदराज की आबादी को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जाएगा। चौहान ने महिला सशक्तिकरण पर जोर देते हुए कहा कि अब लक्ष्य केवल 'लखपति दीदी' बनाना नहीं, बल्कि उन्हें सशक्त उद्यमी बनाना है। कृषि के मुद्दे पर उन्होंने घोषणा की कि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के वैज्ञानिकों की एक टीम जल्द ही जम्मू-कश्मीर आएगी, जो यहां की जलवायु और मिट्टी का अध्ययन कर खेती को लाभकारी बनाने का विस्तृत रोडमैप तैयार करेगी।

### जम्मू-कश्मीर के विकास के लिए दिल और दिल्ली दोनों के दरवाजे खुले: शिवराज

**श्रीनगर।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार केवल सड़कें ही नहीं, बल्कि दिलों को जोड़ने के लिए भी प्रतिबद्ध है और जम्मू-कश्मीर के विकास के लिए 'दिल और दिल्ली', दोनों के दरवाजे खुले हैं।

श्रीनगर स्थित एसकेआईसीसी में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजी एसवाई)-4 (बैच-2) के तहत जम्मू-कश्मीर के लिए स्वीकृत परियोजनाओं का स्वीकृति पत्र मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला को सौंपने के बाद उन्होंने यह बात कही। इस योजना से केंद्र शासित प्रदेश में ग्रामीण आधारभूत ढांचे को मजबूती मिलने, दूरदराज क्षेत्रों की कनेक्टिविटी बढ़ने और कृषि आधारित समृद्धि को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। अधिकारियों के अनुसार पीएमजीएसवाई के नए चरण से किसानों और ग्रामीण समुदायों को वस्तुओं एवं सेवाओं की बेहतर आवाजाही का लाभ मिलेगा।

CMYK



# महिला सशक्तिकरण के प्रयासों पर न हो किसी भी तरह की राजनीति : सीएम



**उत्तराखण्ड विधान सभा का विशेष सत्र**

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर चर्चा के लिए आयोजित विधानसभा के विशेष सत्र 'नारी सम्मान- लोकतंत्र में अधिकार' को संबोधित किया। मुख्यमंत्री धामी ने अपने एक घंटे से ज्यादा के सम्बोधन में कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों को निशाने पर रखा।

मुख्यमंत्री ने सदन के सामने महिलाओं को संसद और विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण देने के उद्देश्य से लाए गए नारी शक्ति वंदन बिल को यथाशीघ्र लागू करने के लिए केंद्र सरकार के प्रयासों का समर्थन करते हुए सर्वसम्मत संकल्प व्यक्त करने का प्रस्ताव रखा।

मुख्यमंत्री धामी ने अपने संबोधन की शुरुआत राज्य आंदोलनकारियों के साथ ही उत्तराखंड में नारी शक्ति



**सीएम धामी ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर आयोजित विधानसभा के विशेष सत्र को किया संबोधित, कांग्रेस व उसके सहयोगी दलों पर बोला हमला**

का प्रतीक गौरा देवी, टिंचरी माई, बिशनी देवी शाह, जशूली शौक्याण, कुंती वर्मा, भागीरथी देवी, मंगला देवी, हंसा धनाई, सरला बहन, बेलमती चौहान, सुशीला बहन, कमला पंत जैसी महिलाओं को नमन करने के साथ किया। मुख्यमंत्री ने सदन से अपील करते हुए कहा कि मातृशक्ति के सशक्तिकरण के लिए किए जा रहे उपायों का समर्थन करने में किसी भी प्रकार की राजनीति नहीं होनी चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सनातन संस्कृति में नारी को देवी मानकर उसकी आराधना की जाती है। माँ दुर्गा, माँ लक्ष्मी और माँ सरस्वती के रूप में हम नारी के साहस, समृद्धि और ज्ञान के स्वरूप का वंदन करते हैं। उन्होने कहा कि भारत के इतिहास में रानी लक्ष्मीबाई, सावित्रीबाई फुले से लेकर अंतरिक्ष यात्री कल्पना चावला तक नारी शक्ति के असंख्य प्रेरणादायक उदाहरण देखने को मिलते हैं। नारी शक्ति अब केवल ''सहभागिता'' तक सीमित नहीं है, बल्कि ''नेतृत्व'' की भूमिका निभा रही है। चंद्रयान-3 मिशन की ऐतिहासिक सफलता हो, क्रिकेट का विश्व कप जीतना हो, राष्ट्रीय रक्षा अकादमी से पास-आउट होना हो, या फिर सेना और वायु सेना में अग्रिम पंक्ति के मोर्चों पर काम करना हो, ये सब नारी शक्ति के उदाहरण हैं।

इसी तरह उत्तराखंड भी अदम्य साहस की प्रतीक तीलू रौतेली, उत्तराखंड की लक्ष्मी बाई कही जाने वाली रानी जिया रानी और चिपको आंदोलन की अग्रदूत गौरा देवी नारी शक्ति का उदाहरण हैं।

### नारी शक्ति वंदन अधिनियम को बताया युगांतकारी कदम

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि नारी शक्ति के सामर्थ्य को समझते हुए ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्ष 2023 में नारी शक्ति वंदन अधिनियम लेकर आए थे। इस ऐतिहासिक अधिनियम के अंतर्गत लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया था। ये इन सदनों में केवल मातृशक्ति की संख्या बढ़ाने का प्रयास भर नहीं था, बल्कि नीति-निर्माण की प्रक्रिया में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में उठाया गया एक युगांतकारी कदम था। प्रधानमंत्री ने इस विराट संकल्प को धरातल पर उतारने के लिए समस्त देशवासियों के साथ-साथ सभी राजनीतिक दलों से भी सहयोग और समर्थन का आह्वान किया था। इसी कड़ी में अगले लोकसभा चुनावों तक देश की आधी आबादी को उनका पूरा अधिकार दिलाने के उद्देश्य से 16 अप्रैल को संसद का विशेष सत्र बुलाकर इस ऐतिहासिक संकल्प को साकार करने की दिशा में निर्णायक प्रयास किया। परंतु विपक्षी दलों ने मिलकर इस ऐतिहासिक और युग परिवर्तनकारी पहल को संसद में पारित नहीं होने दिया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि लोकसभा में संख्या बल के कारण जब बिल पारित नहीं हो पाया तो, विपक्षी दल के नेता तालियाँ बजा रहे थे। उस दृश्य को देखकर महाभारत की वो सभा याद आ गई, जिसमें द्रौपदी का अपमान किया गया था।

### आज देश के सामान्य घरों की बेटियां रसोई से रायसीना हिल तक का सफर कर रहीं तय

वहीं "प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना" के माध्यम से गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य और पोषण को ध्यान में रखते हुए आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। साथ ही, "स्वच्छ भारत मिशन" के द्वारा घर-घर शौचालयों का निर्माण कर महिलाओं को गरिमा और सुरक्षा प्रदान की गई है। जिससे खुले में शौच की समस्या से मुक्ति मिली और महिलाओं के स्वास्थ्य एवं सम्मान दोनों की रक्षा हुई है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीन तलाक के खिलाफ कानून बनाकर मुस्लिम महिलाओं को इस कुप्रथा से कानूनी संरक्षण प्रदान करने का काम किया है। जबकि पूर्व में सरकारों ने इस विषय पर सुप्रीम कोर्ट का जजमेंट तक बदलने का काम किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के संकल्प का ही परिणाम है कि आज देश के सामान्य घरों की बेटियां रसोई से रायसीना हिल तक का सफर तय कर रही है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से लेकर ''ऑपरेशन सिंदूर'' में अग्रणी भूमिका निभाने वाली विंग कमांडर व्योमिका सिंह और कर्नल सोफिया कुरैशी इसका उदाहरण हैं।

### एक दिन जरूर पूरा होगा संकल्प: धामी

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि प्रदेश सरकार ने महिलाओं की सुरक्षा और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए राज्य में सर्वप्रथम "समान नागरिक संहिता" को लागू करने का ऐतिहासिक कार्य किया है। यूसीसी से उत्तराखंड की मुस्लिम बहन-बेटियों को हलाला, इद्दत, बहुविवाह, बाल विवाह और तीन तलाक जैसी कुरीतियों से मुक्ति मिली है। अब यूसीसी की मांग पूरे देश में उठ रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने धारा 370 हटाने, अयोध्या में भगवान श्री राम मंदिर निर्माण और दुश्मन को उसके घर में घुसकर मारने का काम किया है। उसी प्रकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार देश की आधी आबादी को उनका पूरा अधिकार दिलाने का ऐतिहासिक कार्य भी अवश्य करेगी। मुख्यमंत्री ने विपक्ष से अपील करते हुए कहा कि मातृशक्ति के सशक्तिकरण जैसे महत्वपूर्ण विषय पर दलगत हितों से ऊपर उठकर सकारात्मक और स्पष्ट रुख अपनाया जाए, ताकि देश की आधी आबादी को उनका उचित अधिकार मिल सके।

### महिला आरक्षण मुद्दे पर विपक्ष कर रहा भ्रम फैलाने का प्रयास: धामी

मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष अब महिला आरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषय पर लोगों को भ्रमित करने का प्रयास कर रहा है। जबकि लोकसभा में ही गृहमंत्री अमित शाह ने साफ कर किया था कि परिसीमन के माध्यम से किसी भी राज्य की सीटों के साथ कोई भेदभाव नहीं किया जाएगा, इसीलिए सीटें बढ़ाने का प्राविधान बिल में रखा गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष ने दशकों तक सत्ता में रहने के बावजूद महिलाओं को उनका वास्तविक अधिकार देने के बारे में कभी कोई ठोस कदम नहीं उठाया। पर जब पहली बार किसी ने सच्चे मन से महिलाओं के हित में कार्य करने का प्रयास किया तो उसे भी नहीं करने दिया। जबकि आदरणीय प्रधानमंत्री लोकसभा में ये स्पष्ट कह चुके थे की यदि ये बिल पास हो जाएगा तो इसका पूरा श्रेय वो विपक्ष को देने को तैयार हैं। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि अब देश की मातृशक्ति पूरी तरह से समझ चुकी है कि कौन उनके अधिकारों के लिए ईमानदारी से प्रयास कर रहा है।

### उत्तराखंड को मिलता फायदा विधानसभा और लोकसभा में बढ़ती सीटें

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि कुछ लोग उत्तराखंड में भी महिला आरक्षण पर वही झूठ और भ्रम फैलाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि परिसीमन के बाद उत्तराखंड विधानसभा में कुल सीटों की संख्या 105 हो सकती थी, जिसमें से 35 महिलाओं के लिए आरक्षित हो सकती थी। इसी तरह सांसदों कि संख्या भी 5 से बढ़कर 7 या 8 हो जाती, इससे हर किसी का फायदा ही था, फिर भी विपक्ष ने बिल पास नहीं होने दिया। उन्होंने कहा कि यदि सामान्य घरों से महिलाएं राजनीति में आ जाएंगी तो कुछ दलों की वंशवादी राजनीति की दुकानें बंद हो जाएंगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय जवाहर लाल नेहरू, इंदिरा गांधी के पहले मंत्रीमंडल और राजीव गांधी की कैबिनेट में केवल एक- एक महिला मंत्री थीं। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मौजूदा मंत्रिमंडल में 7 महिला मंत्री हैं।

---

# प्रदेश में मजबूत हो रही मातृशक्ति:धामी

**■ महिला सशक्तिकरण के लिए मजबूती से काम कर रही प्रदेश सरकार**

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रदेश सरकार भी महिला सशक्तिकरण के लिए संकल्पबद्ध होकर कार्य कर रही है। इस वर्ष जेंडर बजट के अंतर्गत लगभग 20 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 16 प्रतिशत अधिक है। प्रदेश सरकार द्वारा ''उत्तराखंड राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन'' के माध्यम से प्रदेश की ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का कार्य किया जा रहा है।

इसके साथ ही, ''सशक्त बहना उत्सव योजना'' और "मुख्यमंत्री महिला स्वयं सहायता समूह सशक्तिकरण योजना'' के माध्यम से हमने राज्य की मातृशक्ति को नए अवसर और शक्ति प्रदान करने का काम किया है। सरकार महिला स्वयं सहायता समूहों को 5 लाख रुपये तक का ब्याज-मुक्त ऋण और ''एकल महिला स्वरोजगार योजना'' के माध्यम से महिलाओं को 2 लाख रुपये तक की सहायता प्रदान कर रही है। साथ ही साथ ''मुख्यमंत्री उद्यमशाला योजना" के अंतर्गत महिला समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों को एक ब्रांड के रूप में विकसित करने का काम भी किया जा रहा है। प्रदेश सरकार के प्रयासों से आज प्रदेश की 2 लाख 65 हजार से अधिक बहनों ने लखपति दीदी बनकर महिला सशक्तिकरण की दिशा में इतिहास रचा है।

### केंद्र सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए समर्पित: मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 में शपथ लेने के साथ ही नारी सशक्तिकरण को शासन की प्राथमिकता में रखकर कार्य करना प्रारम्भ कर दिया था। यही कारण है कि पिछले 11 वर्षों में जेंडर बजट में पाँच गुना से अधिक की वृद्धि हुई है। वर्ष 2026-27 के बजट में महिलाओं और बालिकाओं के कल्याण हेतु 5 लाख करोड़ रुपये से अधिक का प्रावधान किया गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 12 प्रतिशत अधिक है। वर्ष 2015 में शुरू हुए "बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ" अभियान से पिछले 11 वर्षों में लिंगानुपात और बालिका शिक्षा में उल्लेखनीय परिवर्तन आए हैं। पिछले 11 वर्षों में महिला-पुरुष लिंगानुपात में 12 अंकों की वृद्धि हुई है। इसके साथ ही, माध्यमिक स्तर पर स्कूलों में लड़कियों का कुल नामांकन अनुपात 3 प्रतिशत से भी अधिक बढ़ा है। इतना ही नहीं, बीते 11 वर्षों में संस्थागत प्रसव 61 प्रतिशत से बढ़कर 97 प्रतिशत हो गया है। आज "सुकन्या समृद्धि योजना" के अंतर्गत बालिकाओं के उज्ज्वल भविष्य को सुरक्षित करने के लिए 8.2 प्रतिशत की उच्च ब्याज दर के साथ टैक्स-फ्री बचत की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इस योजना के तहत अब तक 4 करोड़ से अधिक खाते खोले जा चुके हैं और 3.25 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि जमा हो चुकी है।

---

## महिला आरक्षण पर सड़क से लेकर सदन तक मचा सियासी घमासान

# 33 प्रतिशत आरक्षण तुरंत लागू करे सरकार: आर्य

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** महिला आरक्षण कानून 2023 को लेकर उत्तराखंड की सियासत गरमा गई है। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने भाजपा सरकार पर जोरदार हमला बोलते हुए साफ कहा कि महिलाओं के अधिकारों पर सरकार पूरी तरह फेल साबित हुई है। उन्होंने मांग उठाई कि 2027 के विधानसभा और 2029 के लोकसभा चुनावों में मौजूदा सीटों पर ही 33 फीसदी महिला आरक्षण तुरंत लागू किया जाए।

आर्य ने तीखे अंदाज में कहा कि अगर इसके लिए केंद्र को दोबारा संविधान संशोधन लाना पड़े तो विशेष सत्र बुलाया जाएए लेकिन सरकार जानबूझकर इस ऐतिहासिक कानून को लटकाए बैठी है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा की नीयत महिलाओं को अधिकार देने की नहीं, बल्कि उन्हें इंतजार करवाने की है। मंगलवार को उत्तराखण्ड विधानसभा के विशेष सत्र से पहले



**■ नेता प्रतिपक्ष ने सीएम से पूछा सवाल, कानून लागू करने में इतनी देरी क्यों? बिल पास होता, तो संसद में राज्य की हिस्सेदारी 0.93 से घटकर 0.72 प्रतिशत रह जाती**

सदन की सीढ़ियों पर धरना देते हुए और बाद में सदन के अंदर कांग्रेस मुखर दिखी। महिला आरक्षण को लेकर कांग्रेस विधायकों ने विधानसभा गेट पर जोरदार प्रदर्शन किया। सभी विधायकों ने एक सुर में महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और न्याय की मांग उठाई। अंकिता भंडारी केस का जिक्र करते हुए आर्य ने कहा कि आज तक वीआईपी आरोपी का खुलासा न होना सरकार की मिलीभगत को दर्शाता है।

आर्य ने बड़ा सवाल उठाते हुए कहा कि महिला आरक्षण कानून की अधिसूचना तीन साल तक क्यों रोकी गई और आखिर 16 अप्रैल 2026 को ही क्यों जारी की गई, उन्होंने मुख्यमंत्री से जवाब मांगा कि इस देरी के पीछे कौन सा दबाव काम कर रहा था।

इसके साथ ही उन्होंने संसद में प्रस्तावित विधेयकों पर भी हमला बोला। आर्य ने कहा कि अगर लोकसभा सीटें 50 फीसदी बढ़ाने वाला प्रस्ताव पास हो जाता तो उत्तराखंड की हिस्सेदारी 0:93 प्रतिशत से घटकर 0:72 प्रतिशत रह जाती। उन्होंने भाजपा सांसदों की चुप्पी पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि क्या वे राज्य के हितों की रक्षा करने में नाकाम नहीं रहे। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने विधान सभा के विशेष सत्र के दौरान संसदीय कार्य मंत्री सुबोध उनियाल पर भी चुटकी लेते हुए निशाना साधा कि वह सदन में विचलित नजर आ रहे हैं।

---

### कांग्रेस का 33 फीसदी आरक्षण लागू करने का संकल्प विस में खारिज

**■ आर्य ने किया ऐलान, कांग्रेस सड़क से सदन तक बड़ा आंदोलन छेड़ेगी**

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखण्ड विधानसभा के विशेष सत्र में मंगलवार को कांग्रेस की ओर से 33 फीसदी आरक्षण लागू करने का संकल्प लाया गया, मगर स्पीकर की और से इसे खारिज किए जाने पर आर्य ने इसे लोकतंत्र और महिलाओं के अधिकारों के साथ खुला अन्याय बताया। उन्होंने कहा कि सरकार इस मुद्दे पर चर्चा से भी भाग रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसे कदमों से न केवल संसद बल्कि विधानसभा में भी पहाड़ी क्षेत्रों की आवाज कमजोर हो जाएगी। यह पहाड़ के हक को दबाने की साजिश है। महिलाओं की सुरक्षा पर भी सरकार को घेरते हुए आर्य ने कहा कि प्रदेश में महिलाएं कहीं सुरक्षित नहीं हैं, घर, सड़क या जंगल हर जगह खतरा है। चमोली, हरिद्वार और चंपावत की घटनाओं का हवाला देते हुए उन्होंने कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाए। जंगली जानवरों के हमलों में महिलाओं की लगातार हो रही मौतों पर भी उन्होंने सरकार को घेरा और कहा कि ठोस कार्रवाई के बजाय केवल बयानबाजी हो रही है। अंत में आर्य ने साफ चेतावनी दी, अगर जल्द महिला आरक्षण लागू नहीं हुआ और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम नहीं किए गए, तो कांग्रेस सड़क से सदन तक बड़ा आंदोलन छेड़ेगी।

# महिला सम्मान के दावों पर कांग्रेस ने सरकार को घेरा

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड विधानसभा के विशेष सत्र में कांग्रेस विधायक काजी निजामुद्दीन ने राज्य सरकार और भाजपा पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा एक ओर महिला सम्मान की बात करती है, जबकि दूसरी ओर देशभर में महिला अपराधों में शामिल अपने नेताओं का स्वागत करती है।

**■ सदन में काजी निजामुद्दीन ने आंकड़ों से दिखाया सरकार को आईना, आंगनवाड़ी और शिक्षा व्यवस्था पर भी उठाए सवाल**

निजामुद्दीन ने सदन में महिला कुपोषण के गंभीर आंकड़े रखते हुए सरकार को कटघरे में खड़ा किया। उन्होंने बताया कि राज्य में 15 से 49 वर्ष की आयु वर्ग की लगभग 56 फीसदी महिलाएं कुपोषण की शिकार हैं। इसे उन्होंने सरकार की नीतियों की विफलता करार दिया।

कांग्रेस विधायक ने कहा कि प्रदेश में आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों की संख्या लगातार घट रही है, जो चिंताजनक संकेत है। इसके साथ ही उन्होंने दावा किया कि उत्तराखंड में करीब 1700 स्कूल बंद हो चुके हैं, जिससे ग्रामीण और पर्वतीय क्षेत्रों में शिक्षा व्यवस्था प्रभावित हो रही है। निजामुद्दीन ने सरकार से इन सभी मुद्दों पर स्पष्ट जवाब देने की मांग की और कहा कि जनता के हितों की अनदेखी किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं की जाएगी। सदन में उनके इन आरोपों के बाद सियासी माहौल गर्मा गया।

### महिला-पुरुष अनुपात में गिरावट, बीपीएल कार्ड पर भी घेरा

निजामुद्दीन ने गृह विभाग के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि राज्य में महिला-पुरुष अनुपात घटकर 868/1000 हो गया है। उन्होंने इसे सामाजिक असंतुलन का संकेत बताया। साथ ही आरोप लगाया कि जरूरतमंदों के बीपीएल राशन कार्ड नहीं बनाए जा रहे हैं, जिससे गरीब परिवारों को योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा।

### परिसीमन पर भी जताया विरोध

विधायक ने परिसीमन के मुद्दे पर भी सरकार की मंशा पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि यदि परिसीमन प्रस्ताव पास होता है, तो मैदानी क्षेत्रों में सीटों की संख्या बढ़ जाएगी, जबकि पहाड़ी क्षेत्रों की सीटें कम हो सकती हैं। उन्होंने जम्मू-कश्मीर का उदाहरण देते हुए पूछा कि क्या सरकार इसके लिए तैयार है कि पहाड़ की राजनीतिक हिस्सेदारी घट जाए।



**देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को विधान सभा में विशेष सत्र से पहले विधान सभा अध्यक्ष श्रीमती ऋतु खंडूडी भूषण से शिष्टाचार भेंट की।**

---

## सीएम धामी को विधायक शहजाद की चुनौती

# आप धुरंधर-धाकड़ हैं, तो महिला सीएम बनाएं

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखंड विधानसभा के विशेष सत्र के दौरान बसपा विधायक हाजी मोहम्मद शहजाद ने सरकार और अन्य राजनीतिक दलों पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने महिला सम्मान के मुद्दे पर सभी दलों की नीयत पर सवाल उठाते हुए कहा कि वर्षों से इस विषय पर बातें होती रही हैं, लेकिन कोई भी दल ईमानदारी से काम करता नजर नहीं आता।

शहजाद ने कहा कि महिलाओं ने सबसे अधिक बलिदान दिया है, लेकिन उन्हें उनका उचित सम्मान नहीं मिला। उन्होंने सरकार से सवाल किया कि क्या उसे पहले से पता था कि संबंधित बिल गिर जाएगा। यदि ऐसा था तो सभी दलों के साथ पहले चर्चा क्यों नहीं की गई। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को सीधे चुनौती देते हुए उन्होंने कहा कि यदि वे खुद को धाकड़ और मजबूत नेता मानते हैं, तो महिलाओं को मंत्रिमंडल में शामिल करें। साथ ही उन्होंने प्रदेश में अब तक महिला मुख्यमंत्री न बनने पर भी सवाल उठाया और मांग की कि किसी महिला को मुख्यमंत्री बनाया जाए।

**■ बसपा विधायक शहजाद का सरकार पर हमला बोले, महिला सम्मान पर सभी दल असफल**

जनगणना के मुद्दे पर भी उन्होंने सरकार को घेरा। कहा कि 2023 के बाद देशभर में चुनाव होते रहे, लेकिन जनगणना नहीं कराई गई। इससे सरकार की मंशा पर संदेह होता है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के आंदोलन का जिक्र करते हुए शहजाद ने कहा कि 14 मार्च को उन पर लाठीचार्ज किया गया, जबकि एक महीने बाद 16 अप्रैल को नारी वंदन सम्मान की बात की जा रही है। उन्होंने सरकार से आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के मानदेय की स्पष्ट घोषणा करने की मांग की और कहा कि इस मुद्दे पर वे सरकार का समर्थन करने को तैयार हैं।

### विकास नही, तुष्टिकरण पर वोट मांग रही भाजपा: शहजाद



विधायक हाजी मोहम्मद शहजाद ने विकास और तुष्टिकरण की राजनीति पर टिप्पणी करते हुए कहा कि सरकार विकास तो कर रही है, मगर वोट मांगने के समय तुष्टिकरण की राजनीति हावी हो जाती है। इसके अलावा, उन्होंने मुसलमानों पर हो रहे कथित अत्याचारों का मुद्दा भी उठाया और कहा कि उनके अधिकारों को सीमित किया जा रहा है। मदरसा शिक्षा परिषद की जगह प्राधिकरण बनाने के फैसले पर भी उन्होंने सवाल खड़े किए। विधानसभा में उनके इस भाषण के दौरान सत्ता और विपक्ष के बीच कई बार तीखी नोकझोंक भी देखने को मिली।

# विधायक ने विधानसभा गेट पर पलटी गन्ने की ट्रॉली

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** महिला आरक्षण पर बुलाए गए एक दिवसीय विशेष सत्र से पहले उत्तराखंड विधानसभा के बाहर उस समय हंगामे की स्थिति बन गई, जब कांग्रेस विधायक वीरेन्द्र जाती ने गन्ने से भरी ट्रॉली मुख्य गेट पर पलट दी। इस दौरान किसानों के बकाया भुगतान का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया।

झबरेड़ा से कांग्रेस विधायक वीरेन्द्र जाती ट्रॉली में गन्ना भरकर विधानसभा पहुंचे और गेट के बाहर ही उसे पलट दिया। गन्ना सड़क पर फैलने से कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया और आवागमन भी प्रभावित हुआ।

**■ विशेष सत्र से पहले हुआ हंगामा, किसानों का मुद्दा गरमाया इकबालपुर शुगर मिल पर किसानों का 110 करोड़ रुपये बकाया**

मौके पर मौजूद पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने तुरंत स्थिति संभाली और रास्ता साफ कराया।

विधानसभा के भीतर जहां महिला आरक्षण और महिलाओं के अधिकारों पर चर्चा चल रही थी, वहीं बाहर किसानों के मुद्दे ने राजनीतिक माहौल को गरमा दिया। कांग्रेस ने इसे किसानों की अनदेखी का प्रतीक बताया, जबकि सत्तापक्ष ने विरोध के इस तरीके पर सवाल उठाए। वीरेन्द्र जाती ने कहा कि उनका उद्देश्य सुरक्षा व्यवस्था को बाधित करना नहीं, बल्कि किसानों की आवाज को सरकार तक पहुंचाना है। उन्होंने आरोप लगाया कि इकबालपुर शुगर मिल पर किसानों का करीब 110 करोड़ रुपये बकाया है, जिसका लंबे समय से भुगतान नहीं किया गया।

विधायक के अनुसार, बार-बार मांग उठाने के बावजूद किसानों को उनका हक नहीं मिल रहा है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति खराब होती जा रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक बकाया भुगतान नहीं किया जाएगा, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

CMYK

# अधूरा काम छोड़ गायब हुई कार्यदाई संस्था

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊखीमठ/रुद्रप्रयाग।** लोक निर्माण विभाग डिवीजन रुद्रप्रयाग के अंतर्गत आने वाला कोल्लू बैण्ड-स्वांरी ग्वांस मोटर मार्ग एक बार फिर सुर्खियों में है। सड़क पर गड्ढों के भरान का कार्य अधूरा छोड़कर कार्यदाई संस्था के अचानक गायब हो जाने से क्षेत्र में भारी आक्रोश व्याप्त है। विभाग की कार्यशैली पर अब गंभीर सवाल खड़े होने लगे हैं।



ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क पर केवल लगभग 60 प्रतिशत गड्ढों का ही भरान किया गया, जबकि शेष हिस्से को यूं ही छोड़ दिया गया। नतीजतन मार्ग की हालत जस की तस बनी हुई है। कई स्थानों पर गड्ढे पहले से अधिक गहरे और खतरनाक हो गए हैं, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बढ़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार इस सड़क की बदहाल स्थिति को लेकर बीते मार्च माह में मुख्यमंत्री दरबार तक गुहार लगाई गई थी। उस

**कोल्लू बैण्ड-स्वांरी ग्वांस मोटरमार्ग फिर विवादों में**

समय उम्मीद जगी थी कि जल्द ही सड़क का समुचित सुधारीकरण होगा, लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल विपरीत नजर आ रही है। अधूरा काम कर कार्यदाई संस्था के लापता हो जाने से लोगों की नाराजगी और बढ़ गई है।

ग्राम प्रधान कविता नेगी ने कहा कि यह मार्ग क्षेत्र के कई गांवों को जोड़ने वाला प्रमुख संपर्क मार्ग है। स्कूली बच्चों, मरीजों और दैनिक आवागमन करने वाले लोगों को रोजाना भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि बरसात से पहले सड़क की स्थिति नहीं सुधरी तो हालात और भी भयावह हो सकते हैं।

पूर्व प्रधान महेन्द्र सिंह नेगी ने लोक निर्माण विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि न तो कार्य की नियमित निगरानी की गई और न ही गुणवत्ता का ध्यान रखा गया। इससे सरकारी धन के दुरुपयोग की आशंका भी जताई जा रही है। सामाजिक कार्यकर्ता पंचम सिंह नेगी ने साफ शब्दों में कहा कि यदि शीघ्र ही सड़क का पूर्ण और गुणवत्तापूर्ण निर्माण नहीं कराया गया तो क्षेत्रवासी आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। अब लोग केवल आश्वासनों से संतुष्ट नहीं होंगे, बल्कि धरातल पर परिणाम देखना चाहते हैं।

इस संबंध में जब विभागीय अधिकारियों से संपर्क करने का प्रयास किया गया, तो कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिल सका, जिससे विभाग के प्रति लोगों का अविश्वास और गहरा गया है। दीपक सिंह नेगी, राजेश्वरी देवी, चौत सिंह नेगी और जसोदा देवी सहित अन्य ग्रामीणों ने जिला प्रशासन व शासन से मामले का तत्काल संज्ञान लेते हुए दोषी कार्यदाई संस्था के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और सड़क निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण कराने की मांग की है, ताकि क्षेत्रवासियों को राहत मिल सके।

# केदारनाथ धाम में पटाखे जलाकर पवित्रता भंग करने पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** जनपद रुद्रप्रयाग पुलिस द्वारा सोशल मीडिया पर सतत निगरानी रखते हुए धार्मिक आस्था को ठेस पहुँचाने वाले कृत्यों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में कोतवाली सोनप्रयाग में एक इंस्टाग्राम यूजर के खिलाफ अभियोग पंजीकृत किया गया है।

सोशल मीडिया मॉनिटरिंग के दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि सुमित के ब्लॉग नामक इंस्टाग्राम आईडी संचालित करने वाले सुमित नामक व्यक्ति द्वारा एक वीडियो (रील) पोस्ट की गई है। इस वीडियो में वह अपने साथियों के साथ श्री केदारनाथ धाम मंदिर परिसर के समीप पटाखे जलाकर जन्मदिन मनाता हुआ दिखाई दे रहा है। वीडियो में स्वयं उक्त व्यक्ति द्वारा इस कृत्य की पुष्टि भी की गई है। केदारनाथ जैसे पवित्र धार्मिक स्थल पर इस प्रकार का आचरण करना और उसका वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित करना श्रद्धालुओं की धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाला पाया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए कोतवाली सोनप्रयाग में मु.अ.सं. 11/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 353 (3) में अभियोग पंजीकृत किया गया है। प्रकरण में विवेचना जारी है तथा संबंधित व्यक्तियों की पहचान की जा रही है।

रुद्रप्रयाग पुलिस सभी तीर्थयात्रियों एवं सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं से अपील करती है कि धामों की मर्यादा एवं पवित्रता बनाए रखें। ऐसे किसी भी कृत्य से बचें, जिससे धार्मिक आस्था को ठेस पहुंचे। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## अंतरविद्यालयी वाद- विवाद प्रतियोगिता में आर्मी पब्लिक स्कूल ने बाजी मारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लैंसडाउन ।** आर्मी पब्लिक स्कूल लैंसडाउन में ओल्ड स्टूडेंट्स एसोसिएशन के तत्वाधान में शहर के विद्यार्थियों की तर्क क्षमता, चिंतन व वाकक्षमता विकसित करने के उद्देश्य से अंतरविद्यालयी हिंदी वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका विषय था आधुनिक युद्ध रू विज्ञान की उपलब्धि या मानवता के लिए संकट । विद्यालय परिसर में आयोजित प्रतियोगिता में आर्मी पब्लिक स्कूल के अतिरिक्त शहर के तीन अन्य विद्यालयों ने प्रतिभाग किया। इसमें जीजीआईसी, कैंट बोर्ड हाई स्कूल तथा पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रत्येक विद्यालय से पक्ष व विपक्ष में एक एक वक्ता ने पुरजोर ढंग से अपनी बात का समर्थन किया । प्रतियोगिता के पक्ष में विद्यालय आर्मी पब्लिक स्कूल लैंसडौन की अनन्या अग्रवाल ने प्रथम, कैंट बोर्ड लैंसडौन के दिल बहादुर ने द्वितीय तथा जीजीआईसी लैंसडौन की सीमा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जबकि विपक्ष में एपीएस लैंसडौन के छात्र देवेन्द्र बिष्ट ने प्रथम, पीएम श्री केवी की छात्रा अक्षरा ने द्वितीय एवं कैंट बोर्ड हाई स्कूल लैंसडौन के मयंक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर लोसा के अध्यक्ष डॉ एसपी नैथानी ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की छात्रा आकृति रावत तथा नंदिता गुप्ता द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की संस्थापक पूर्व प्रधानाचार्या वसुंधरा मायाकोटी, लोसा अध्यक्ष डॉ एसपी नैथानी, लोसा सचिव अजय अग्रवाल, लक्ष्मी थापा, विमला डियूंडी, प्रशांत नेगी आदि मौजूद रहे।

## भारत में गूगल ने एआई हब की रखी नींव

**देहरादून।** गूगल ने आज आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में अपने ऐतिहासिक एआई हब की आधारशिला रखी। यह भारत में कंपनी का अब तक का सबसे बड़ा निवेश है। नेक्सट्रा बाय एयरटेल, अडानीकॉनेक्स के साथ मिलकर, इस गीगावाट-स्केल इकोसिस्टम के निर्माण का नेतृत्व करेगा। यह भारत की आर्थिक और पर्यावरणीय स्थिरता के प्रति गूगल की प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करने के लिए नेक्सट्रा के अत्याधुनिक डेटा सेंटर्स, पूरे भारत में विस्तृत अल्ट्रा-लो-लेटेंसी फाइबर, हरित ऊर्जा और नेक्स्ट-जेन केबल लैंडिंग स्टेशन का रणनीतिक उपयोग करेगा। भारती एयरटेल के एग्जीक्यूटिव वाइस चेयरमैन गोपाल विट्टल ने कहा, हम भारत की डिजिटल महत्वाकांक्षाओं को आगे बढ़ाने में मदद करेंगे।

# केदारनाथ धाम में पुलिस की सूझबूझ से यात्रियों का कीमती सामान सुरक्षित वापस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ धाम यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सहायता और सुरक्षा में जुटी रुद्रप्रयाग पुलिस ने एक बार फिर अपने सेवा भाव और कार्यकुशलता का परिचय दिया है।

बीती रात केदारनाथ धाम में महाराष्ट्र और उड़ीसा से आए दो श्रद्धालुओं के बैग आपस में बदल गए।

दोनों बैगों में कीमती सामान और महत्वपूर्ण दस्तावेज होने के कारण श्रद्धालु काफी परेशान और तनाव में आ गए। काफी तलाश के बाद भी जब बैग नहीं मिले, तो उन्होंने पुलिस से सहायता मांगी। मामले की गंभीरता को देखते हुए ड्यूटी पर



तैनात अपर उपनिरीक्षक रोशन सिंह रावत, आरक्षी जगदीश और महिला आरक्षी रुचि ने तत्परता दिखाते हुए खोजबीन शुरू की। पुलिस टीम ने अथक प्रयासों से दोनों बैगों को सकुशल बरामद कर लिया।

मंगलवार सुबह दोनों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में बैगों की पहचान कर उन्हें सुरक्षित सुपुर्द किया गया। अपना कीमती सामान वापस पाकर श्रद्धालुओं ने रुद्रप्रयाग पुलिस की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। रुद्रप्रयाग पुलिस ने सभी श्रद्धालुओं से अपील की है कि यात्रा के दौरान अपने सामान का विशेष ध्यान रखें। किसी भी असुविधा की स्थिति में तुरंत नजदीकी खोया-पाया केंद्र, कोतवालीध्चौकी या आपातकालीन नंबर 112 पर संपर्क करें।

**एक नजर .......**

## आज बंगोली में लगेगा 'सरकार जनता के द्वार' कार्यक्रम, समस्याओं का होगा समाधान

**रुद्रप्रयाग।** सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के तहत आज विकासखंड अगस्त्यमुनि की ग्राम पंचायत बंगोली में तहसीलदार जखोली की अध्यक्षता में ग्रामीणों के साथ बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक का उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण करना है। तहस. ीलदार जखोली कमलेश सिंह किरौला ने जानकारी देते हुए बताया कि अप्रैल माह के लिए निर्धारित रोस्टर के अनुसार वे ग्राम पंचायत बंगोली का स्थलीय भ्रमण करेंगे और ग्रामीणों के साथ बैठक करेंगे। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में यह कार्यक्रम सुबह 11 बजे से आयोजित किया जाएगा। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहेंगे, ताकि ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा सके। तहसीलदार ने संबंधित क्षेत्रीय राजस्व उपनिरीक्षक को आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने और ग्रामीणों को बैठक की सूचना देने के निर्देश दिए हैं। साथ ही उन्होंने क्षेत्र के ग्रामीणों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में बैठक में पहुंचकर अपनी समस्याएं रखें, ताकि उनका शीघ्र निस्तारण किया जा सके।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की समस्याओं को लेकर सीएम को सौंपा पत्र

**श्रीनगर।** देवप्रयाग विधायक विनोद कंडारी ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की विभिन्न समस्याओं के समाधान को लेकर मुख्यमंत्री को अनुरोध पत्र सौंपा है। विधायक ने यह पत्र विधानसभा देवप्रयाग क्षेत्र के हिण्डोलाखाल ब्लाक की आंगनबाड़ी कार्यकर्ती/सेविका संगठन की ब्लॉक अध्यक्ष रेखा रौथाण के प्रार्थना पत्र के आधार पर प्रेषित किया है। विधायक ने मुख्यमंत्री को सौंपे पत्र में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के मानदेय में वृद्धि की मांग प्रमुख रूप से उठाई गई है। इसमें राज्य सरकार से 140 रुपये प्रतिदिन की बढ़ोतरी करने तथा केंद्र सरकार को 150 रुपये प्रतिदिन बढ़ोतरी का प्रस्ताव भेजने का अनुरोध किया गया है। इसके अलावा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के सेवानिवृत्ति संबंधी प्रावधानों को लेकर भी चिंता जताई गई है। पत्र में कहा गया है कि बिना किसी अतिरिक्त अर्हता के सेवानिवृत्त होने पर 10 लाख रुपये दिए जाने के शासनादेश के बाद ही 300 रुपये की कटौती का प्रस्ताव लागू किया जाए। अन्यथा कार्यकर्ताओं के खातों से 300 रुपये की कटौती न की जाए। उन्होंने मुख्यमंत्री से उक्त मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देने का आग्रह किया है।

## जेके मैक्स पेंट्स ने किया नए कैंपेन का अनावरण

**देहरादून।** जेके सीमेंट लिमिटेड की समृद्ध विरासत एवं उत्कृष्टता से प्रेरित जेके मैक्स पेंट्स ने अपने नए ब्राण्ड कैंपेन "मैक्स करो, रिलेक्स करो", का लॉन्च किया है। पहली बार विज्ञापन में ब्राण्ड अम्बेसडर अक्षय कुमार नजर आएंगे। यह बॉलीवुड के सुपरस्टार अक्षय कुमार के एसोसिएशन में ब्राण्ड के विकास का अगला चरण है, जो उनके मुख्य प्रोडक्ट जेके वॉलमैक्स पुट्टी द्वारा बनी मजबूत नींव पर रोशनी डालता है। "मैक्स करो, रिलेक्स करो" कैंपेन के साथ जेके मैक्स ने एक ऐसे ब्राण्ड के रूप में अपने आप को मजबूती से स्थापित कर लिया है, जो बेहतरीन परफोर्मेन्स देने वाले भरोसेमंद समाधानों के साथ इस यात्रा का आसान बना देता है। कैंपेन पर बात करते हुए नीतिश चोपड़ा, बिजनेस हैड-व्हाईट सीमेंट एंड पेंट्स ने कहा, जब ब्यूटीफिकेशन प्रोडक्ट्स की बात आती है तो आज के उपभोक्ताओं के पास ढेरों विकल्प हैं, ऐसे में उनके लिए सही पुट्टी, प्राइमर और सही पेंट का चुनाव करना उलझन भरा होता है।

## क्विज प्रतियोगिता को हटाकर रैम्प वॉक के आयोजन का विरोध

**कोटद्वार।** वर्तमान प्रतियोगी समय में जहाँ उच्च शिक्षा ग्रहण करने वाले छात्र बहुतायत में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहें हैं वहीं पीजी कॉलेज कोटद्वार के प्रशासन द्वारा छात्रसंघ सप्ताह प्रतियोगिताओं के अंतर्गत क्विज प्रतियोगिता को हटाकर रैम्प वॉक प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा हैं। शैक्षणिक प्रतियोगिता में इस प्रकार रैम्प वॉक के आयोजन के विरोध में तथा क्विज प्रतियोगिता को पुनः सम्मिलित किये जाने हेतु पूर्व हात्रसंघ अध्यक्ष अंकुश घिल्डियाल एवं पूर्व महासचिव शुभम सुयाल द्वारा प्राचार्य को ज्ञापन दिया गया तथा सभी छात्रों को समान अवसर प्रदान कर रैम्प वॉक को हटाकर पुनः क्विज प्रतियोगिता को सम्मिलित करवाने की माँग की गयी जिससे छात्रों को समान अवसर प्राप्त हो तथा छात्र निधियों का सदुपयोग सुनिश्चित हो सकें। इस मौके पर सौरभ रावत, मनीष नेगी, आयुष आदि मौजूद रहें।

# न्यायालय ने की पुनर्मतगणना की मांग खारिज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी ।** विकासखंड चिन्यालीसौड़ स्थित क्षेत्र पंचायत सदस्य वार्ड संख्या-19 (कांसी-कोट) के चुनाव को लेकर दायर चुनाव याचिका को जयश्री राणा सिविल जज (सीनियर डिवीजन) न्यायालय उत्तरकाशी की अदालत ने खारिज कर दिया है। न्यायालय ने अपने निर्णय में स्पष्ट किया कि याचिकाकर्ता इलम सिंह पुनर्मतगणना की मांग को प्रमाणित करने में असफल रहे।

उक्त जानकारी देते हुए जिला शासकीय अधिवक्ता, दीवानी अमित असवाल ने बताया कि न्यायालय ने ने इलम सिंह की याचिका खारिज कर दिया है।

मामला वर्ष 2025 में हुए पंचायत चुनाव में इलम सिंह और महावीर सिंह राणा के बीच कड़ा मुकाबला हुआ था। इलम सिंह ने के अधिवक्ता बी. एस. मटूडा, विश्व जीत सिंह 5 अगस्त 2025 को उत्तरकाशी सिविल जज न्यायालय में याचिका दायर कर आरोप लगाया था कि मतगणना के दौरान गंभीर अनियमितताएं हुईं और उन्हें वास्तविक रूप से 90 मतों से विजयी होने के बावजूद गलत तरीके से पराजित घोषित कर दिया गया। उन्होंने दावा किया कि कोट मतदान केंद्र के मतों की गलत गिनती कर उनके मत विपक्षी के खाते में जोड़ दिए गए।

**कांसी-कोट क्षेत्र पंचायत चुनाव मामला: महावीर राणा की जीत बरकरार**

वहीं, महावीर सिंह राणा के अधिवक्ता हलीम बेग एवं जिला शासकीय अधिवक्ता, दीवानी अमित असवाल ने सरकार का पक्ष करते हुए पैरवी करते हुए इन आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए न्यायालय को बताया कि मतगणना पूरी तरह निष्पक्ष और नियमानुसार हुई थी। आधिकारिक अभिलेखों के अनुसार, कांसी और कोट दोनों मतदान केंद्रों को मिलाकर महावीर सिंह राणा को कुल 423 मत तथा इलम सिंह को 359 मत प्राप्त हुए थे, जिससे राणा 64 मतों से विजयी घोषित हुए। सुनवाई के दौरान न्यायालय ने पाया कि इलम सिंह द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य और गवाह उनके आरोपों को साबित करने के लिए पर्याप्त नहीं हैं। साथ ही यह भी सामने आया कि मतगणना के समय या परिणाम घोषित होने से पहले याचिकाकर्ता या उनके अभिकर्ताओं द्वारा कोई औपचारिक आपत्ति दर्ज नहीं कराई गई थी। आपत्ति बाद में, परिणाम घोषित होने के पश्चात उठाई गई।

न्यायालय ने यह भी माना कि मतगणना प्रक्रिया में बहु-स्तरीय जांच होती है, जिससे मानवीय त्रुटि की संभावना अत्यंत कम रहती है। प्रस्तुत दस्तावेजों और गवाहियों में भी कोई ऐसा ठोस आधार नहीं मिला, जिससे मतगणना में हेरफेर या धांधली सिद्ध हो सके। इन सभी तथ्यों के आधार पर न्यायालय ने पुनर्मतगणना की मांग को निराधार बताते हुए याचिका को सव्यय निरस्त कर दिया। साथ ही इलम सिंह की ओर से मांगी गई किसी भी प्रकार की राहत या क्षतिपूर्ति देने से भी इंकार कर दिया गया। इस फैसले के साथ ही महावीर सिंह राणा की सदस्य क्षेत्र पंचायत पद पर जीत बरकरार रहेगी।

## केदारनाथ धाम में बिछड़े बुजुर्ग दम्पति को रुद्रप्रयाग पुलिस ने मिलवाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ धाम यात्रा के दौरान जनपद पुलिस द्वारा श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सहायता के लिए लगातार सतर्कता बरती जा रही है।

इसी क्रम में रुद्रप्रयाग पुलिस ने मानवता और संवेदनशीलता का परिचय देते हुए बिछड़े एक बुजुर्ग दम्पत्ति को आपस में मिलवाकर "मित्र पुलिस" की अवधारणा को साकार किया। जानकारी के अनुसार, केदारनाथ धाम में एक बुजुर्ग महिला अपने पति से बिछड़ गई थीं, जिससे वे काफी घबराई हुई और परेशान अवस्था में थीं। जैसे ही इस घटना की सूचना ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को मिली, उन्होंने तत्काल महिला को संभाला और सांत्वना दी। इसके बाद उपनिरीक्षक दूरसंचार चरण सिंह, आरक्षी दीपक भारती एवं महिला आरक्षी पायल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए समन्वय और सूझबूझ का परिचय दिया। पुलिस टीम ने अथक प्रयासों के बाद कुछ ही समय में बुजुर्ग महिला के पति को ढूंढ निकाला और दोनों को सकुशल मिलवा दिया। एक-दूसरे से मिलते ही बुजुर्ग दम्पत्ति की आंखों में खुशी के आंसू छलक उठे। उन्होंने भावुक होकर रुद्रप्रयाग पुलिस का आभार व्यक्त करते हुए उनकी कार्यशैली की सराहना की और टीम को आशीर्वाद दिया। इस सराहनीय कार्य से रुद्रप्रयाग पुलिस ने एक बार फिर यह साबित किया कि वह केवल कानून व्यवस्था तक सीमित नहीं, बल्कि जरूरतमंदों की सहायता के लिए हमेशा तत्पर "मित्र पुलिस" है।

## हेली टिकट के नाम पर ठगी करने वाले तीन अभियुक्तों को 3-3 साल की सजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूद्रप्रयाग।** केदारनाथ हेलीकॉप्टर टिकट बुकिंग के नाम पर श्रद्धालुओं से धोखाधड़ी करने वाले तीन अभियुक्तों को न्यायालय ने सख्त सजा सुनाई है। न्यायिक मजिस्ट्रेट उखीमठ सन्तोष पच्छिमी की अदालत ने अभियुक्त विकास कुमार, सौरभ सिंह एवं पुनीत कुमार को धारा 420 भा.द.वि. के तहत 3-3 वर्ष के कठोर कारावास एवं 10-10 हजार रुपये के जुर्माने तथा धारा 120बी (अपराधिक षड्यंत्र) के तहत 6-6 माह के कारावास एवं 5-5 हजार रुपये के जुर्माने से दण्डित किया है। मामले के अनुसार वर्ष 2019 में अभियुक्तों ने 'एशियन हॉलिडे' नाम से एक फर्जी वेबसाइट और ईमेल आईडी बनाकर स्वयं को पवन हंस हेली सेवा से संबद्ध बताकर यात्रियों को केदारनाथ हेलीकॉप्टर टिकट की एडवांस बुकिंग का झांसा दिया। यह गिरोह नोएडा (उत्तर प्रदेश) में बैठकर फर्जी सिम कार्डों के माध्यम से लोगों से संपर्क करता था और उनसे ऑनलाइन पैसे ठगता था। ठगी का शिकार हुए यात्रियों में गुरुग्राम की स्वीकृति शर्मा से 12,960 रुपये, विपिन यादव से 30,500 रुपये तथा औरंगाबाद (महाराष्ट्र) की चेतना प्रवीण सरवदे से 48,400 रुपये वसूले गए। यात्रियों को ठगी का पता तब चला जब वे फाटा हेलीपैड पहुंचे और उनके टिकट फर्जी पाए गए। इसके बाद थाना गुप्तकाशी में मुकदमा दर्ज किया गया।

# रुद्रप्रयाग पुलिस का नशे के सौदागरों पर बड़ा प्रहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** जनपद में संचालित चारधाम यात्रा की आड़ में अवैध नशे के कारोबार पर रुद्रप्रयाग पुलिस ने बड़ा प्रहार किया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाए जा रहे सघन अभियान के तहत एसओजी और पुलिस की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए एक तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद की है।

जानकारी के अनुसार सोमवार, 27 अप्रैल को एसओजी प्रभारी रंजीत खनेड़ा के नेतृत्व में पुलिस टीम क्षेत्र में चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान एक संदिग्ध अल्टो कार संख्या यूके 12 एफ 1268 को रो. ककर तलाशी ली गई। तलाशी के





**11 पेटी अवैध शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार**

दौरान वाहन से मैकडॉवेल व्हिस्की की कुल 11 पेटियां बरामद हुईं। बरामद शराब में 12 फुल बोतल, 48 हाफ बोतल और 384 पव्वे शामिल हैं।

मौके से पुलिस ने वाहन चालक श्रवण कुमार पुत्र रघुनाथ सिंह, निवासी ग्राम कठूड, श्रीनगर (पौड़ी गढ़वाल) को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि अभियुक्त का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है और वर्ष 2022 में उसके विरुद्ध श्रीनगर कोतवाली में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया था। इस संबंध में कोतवाली रुद्रप्रयाग में अभियुक्त के खिलाफ मु.अ.सं. 26/2026, धारा 60/72 आबकारी अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

साथ ही, परिवहन में प्रयुक्त अल्टो कार को सीज कर दिया गया है। इस कार्रवाई में एसओजी प्रभारी रंजीत खनेड़ा, मुख्य आरक्षी मनमोहन सिंह, आरक्षी देवेंद्र सिंह एवं आरक्षी रविंद्र सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

पुलिस अधीक्षक रुद्रप्रयाग ने स्पष्ट किया है कि चारधाम यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नशे के अवैध कारोबार में लिप्त लोगों के विरुद्ध पुलिस का अभियान आगे भी इसी तरह सख्ती से जारी रहेगा।

# भागवत कथा में उमड़ा श्रद्धा का सागर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** तहसील बड़कोट के नगाण गांव में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला।

कथा प्रवचन उत्तराखंड के प्रसिद्ध बाल कथाकार पं० आयुष कृष्ण नयन जी महाराज ने अपने ओजस्वी और भावपूर्ण प्रवचनों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान की स्वर्गीय पत्नी श्रीमती उमा चौहान की स्मृति में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के आयोजन के अवसर प्रवचन की शुरुआत मंगलाचरण और गढ़वाली भजन यमुना कु किनारू, बड़े भागवानु तय मिलदू, भक्ति को उज्यालो, मन भीतर तक खिलदू से किया।

**आयुष कृष्ण नयन महराज के प्रवचनों ने किया भावविभोर**

इस दौरान कथा व्यास ने भक्ति और प्रेम का अद्भुत संदेश दिया। उन्होंने कहा कि जहाँ-जहाँ यमुना का पावन तट होता है, वहाँ-वहाँ स्वतः ही भक्ति, प्रेम और आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने श्रीमद्भागवत महापुराण के दशम स्कंध का संदर्भ देते हुए बताया कि उसमें यमुना तट की दिव्यता और श्रीकृष्ण की लीलाओं का अत्यंत सुंदर वर्णन मिलता है। यमुना केवल एक नदी नहीं, बल्कि भक्ति और प्रेम की प्रतीक धारा है, जो जीवन को आध्यात्मिक दिशा प्रदान करती है। इसके साथ ही कथा व्यास ने गंगा माता की महिमा का उल्लेख करते हुए कहा कि "गंगा ज्ञानदायिनी है, जो केवल जल नहीं देती, बल्कि जीवन को पवित्रता और ज्ञान से आलोकित करती है।" श्रीमद्भागवत कथा की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि यह कथा केवल मनुष्यों के लिए ही नहीं, बल्कि देवताओं के लिए भी अत्यंत दुर्लभ बताया गया है। इस से पूर्व उन्होंने धार्मिक प्रसंगों को सरल और रोचक शैली में प्रस्तुत करते हुए श्रोताओं को भक्ति रस में डुबो दिया।

## सार्थक योगशाला का जन-जागरूकता अभियान लगातार जारी

**कोटद्वार।** सार्थक योगशाला स्वास्थ्य एवं फिटनेस के लिए बच्चों, महिलाओं और वयस्कों को नियमित योगाभ्यास के लिए प्रेरित कर रही है। आगामी 21 जून योग दिवस के उपलक्ष्य में संस्था द्वारा ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यम से अनेक जागरूकता कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। योग करें, स्वस्थ रहें दृ फिटनेस की डोज, आधा घंटा रोज के मूल मंत्र के साथ योगशाला लगातार समाज में स्वास्थ्य जागरूकता फैला रही है। संस्था युवाओं को योग युक्त, नशामुक्त और मोबाइल मुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित कर रही है, साथ ही बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। संस्था अध्यक्ष कविता कण्डवाल एवं संरक्षक राकेश कण्डवाल के मार्गदर्शन में, राजकीय इंटर कॉलेज काण्डाखाल के नेशनल योगासन खिलाड़ी समाज में प्रेरणा का कार्य कर रहे हैं। योगासन स्पोर्ट्स के साथ-साथ बच्चों को आत्मसुरक्षा प्रशिक्षण, संस्कृत भाषा बोलचाल एवं नीतिपरक शिक्षा भी प्रदान की जा रही है। इस अभियान में सोनम रावत, शुभम सिंह, संतोषी रावत, बालयोगी सार्थक कण्डवाल, शिवानी रावत, संस्कृत मर्मज्ञ कुलदीप मैंदोला एवं रोशन गौड़ महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं । यह अभियान समाज को स्वस्थ, जागरूक और संस्कारित बनाने की दिशा में एक सराहनीय पहल है।

# दौरे की तैयारियां तेज, डीएम ने अफसरों को दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गोपेश्वर।** केंद्रीय गृह सचिव की रुद्रनाथ यात्रा एवं श्री रुद्रनाथ यात्रा की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी गौरव कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में श्रद्धालुओं एवं केंद्रीय गृह सचिव भ्रमण के दृष्टिगत सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्ण करने पर विशेष जोर दिया गया।

जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि यात्रा मार्ग पर पेयजल, शौचालय, आवास, बिजली, सुरक्षा रेलिंग तथा बैठने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जहां आवश्यकता हो, वहां रेलिंग लगाई जाए और यात्रियों के विश्राम के लिए उपयुक्त स्थान विकसित किए जाएं। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त करते हुए निर्देश दिए कि सभी व्यवस्थाओं का पूर्व में ही स्थलीय निरीक्षण कर लिया जाए। वन विभाग को भी यात्रा मार्ग पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को स्वास्थ्य सेवाएं सुदृढ़ रखने, पेयजल निगम को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने, उरेड़ा को विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा ईडीसी और मंदिर समिति को अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं बेहतर ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए।बैठक में मंदिर समिति के सदस्यों ने और ईडीसी कमेटी गंगोल गांव के अध्यक्ष राम सिंह राणा ने भी यात्रा मार्ग की व्यवस्थाओं को लेकर अपने सुझाव साझा किए, जिन पर सकारात्मक रूप से विचार किया गया। गौरतलब है कि 18 मई को श्री रुद्रनाथ के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोले जाएंगे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अभिषेक त्रिपाठी, डीएफओ सर्वेश दुबे, अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश, जिला पर्यटन अधिकारी अरविंद गौड़ सहित मंदिर समिति एवं ईडीसी कमेटी के सदस्य उपस्थित रहे।

# दून में सीएम धामी के नेतृत्व में महिला आक्रोश मशाल यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** राजधानी देहरादून में मंगलवार को गांधी पार्क से घण्टाघर तक मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में आयोजित महिला आक्रोश मशाल यात्रा ने प्रदेश में एक नया संदेश दिया। इस विशाल आयोजन में महिला आरक्षण बिल गिरने के विरोध में हजारों की संख्या में माताएं, बहनें और बेटियां शामिल हुईं, जिसने स्पष्ट कर दिया कि अब नारी शक्ति अपने अधिकारों को लेकर पूरी तरह सजग और मुखर हो चुकी है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि यह मशाल यात्रा केवल एक प्रतीकात्मक आयोजन नहीं, बल्कि उन ताकतों के खिलाफ जनाक्रोश है जो महिलाओं के अधिकारों में बाधा डालने का प्रयास कर रही हैं। उन्होंने संकेत दिया कि राज्य ही नहीं, बल्कि पूरे देश की नारी अब अपने सम्मान और अधिकारों के लिए एकजुट होकर खड़ी है।

उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि महिला आरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषय को वर्षों तक लंबित रखा गया, जबकि हाल के प्रयासों ने इसे आगे बढ़ाने का कार्य किया। लेकिन राजनीतिक स्वार्थों के चलते इस दिशा में बाधाएं उत्पन्न की गईं, जिसे जनता भली-भांति देख रही है। मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर अप्रत्यक्ष हमला करते हुए यह संदेश दिया कि कुछ राजनीतिक दल महिलाओं के अधिकारों को लेकर गंभीर नहीं हैं और उन्होंने हमेशा इसे केवल एक राजनीतिक मुद्दा बनाकर रखा। उन्होंने यह भी संकेत किया कि नई पीढ़ी की महिलाएं अब इन बातों को समझ चुकी हैं और समय आने पर लोकतांत्रिक तरीके से इसका जवाब देंगी। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि आज की भारतीय नारी केवल दर्शक नहीं, बल्कि निर्णय लेने वाली शक्ति बन रही है। केंद्र सरकार द्वारा महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए किए गए प्रयासों को उन्होंने परिवर्तनकारी बताया और यह संकेत दिया कि अब नीतियां केवल कागजों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि जमीन पर दिखाई दे रही हैं।

कार्यक्रम के दौरान यह भी स्पष्ट किया गया कि समाज में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी कुछ परंपरागत और परिवारवादी राजनीति करने वाले दलों को असहज कर रही है। इसी कारण वे महिलाओं को उनका वास्तविक अधिकार देने से कतराते रहे हैं।



गांधी पार्क से घण्टाघर तक नारी शक्ति का प्रचंड प्रदर्शन महिला आरक्षण बिल गिरने पर सड़कों पर उतरी मातृशक्ति, हजारों महिलाओं की मौजूदगी ने दिया बड़ा राजनीतिक संदेश

मुख्यमंत्री ने यह विश्वास भी दिलाया कि राज्य सरकार मातृशक्ति के सम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की प्रगति ही प्रदेश और देश के विकास का आधार है।

इस विशाल मशाल यात्रा के माध्यम से एक मजबूत राजनीतिक संदेश भी उभरा कि आने वाले समय में महिला शक्ति अपनी एकजुटता के बल पर उन सभी ताकतों को जवाब देगी जो उनके अधिकारों के मार्ग में बाधा बनती हैं।

अंततः यह आयोजन केवल विरोध नहीं, बल्कि एक संकल्प के रूप में सामने आया एक ऐसा संकल्प, जिसमें नारी शक्ति अपने सम्मान, अधिकार और भागीदारी के लिए निर्णायक भूमिका निभाने को तैयार है। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट, कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य, विधायक सविता कपूर, आशा नौटियाल सहित विभिन्न जनप्रतिननिधि तथा बड़ी संख्या में प्रदेश भर से आई महिलाएं उपस्थिति रही।

# औचित्यहीन रहा विधानसभा का विशेष सत्र: कांग्रेस

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड विधानसभा में महिला आरक्षण को लेकर बुलाए गए एकदिवसीय विशेष सत्र पर कांग्रेस ने तीखा सवाल उठाया है। पार्टी ने इसे 'औचित्यहीन' करार देते हुए जनता के पैसे की बर्बादी बताया और आरोप लगाया कि सरकार असल मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए इस तरह के आयोजन कर रही है।

मंगलवार को अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रवक्ता आलोक शर्मा और प्रदेश मुख्य प्रवक्ता गरिमा मेहरा दसौनी ने संयुक्त प्रेस वार्ता में सरकार पर कई मोर्चों पर हमला बोला। उनका कहना था कि वर्ष 2023 में संसद से पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम के बाद भी महिला आरक्षण लागू न होना केंद्र सरकार की नीयत पर सवाल खड़ा करता है।

आलोक शर्मा ने कहा कि महिला आरक्षण का अंतिम निर्णय संसद के स्तर पर होना है, ऐसे में राज्य विधानसभा का विशेष सत्र केवल 'दिखावटी कवायद' है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस सत्र पर करोड़ों रुपये खर्च किए जा रहे हैं, जबकि राज्य में महिला सुरक्षा, बेरोजगारी और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के मुद्दे अधिक गंभीर हैं। कांग्रेस नेताओं ने यह भी कहा कि उत्तराखंड में महिला अपराध के मामलों में बढ़ोतरी हुई है, लेकिन सरकार इस पर चर्चा से बच रही है। अंकिता भंडारी हत्याकांड का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इतने बड़े मामले पर भी विशेष सत्र में कोई ठोस चर्चा नहीं हुई।



जनता की गाढ़ी कमाई को बर्बाद कर रही सरकार: आलोक, 2023 में संसद से पारित हो चुका है नारी शक्ति वंदन अधिनियम

गरिमा मेहरा दसौनी ने स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाल स्थिति का हवाला देते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी महिलाओं को प्रसव के लिए मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल पा रहीं। उनका कहना था कि विशेष सत्र पर खर्च होने वाला धन इन व्यवस्थाओं को सुधारने में लगाया जा सकता था।

चारधाम यात्रा की व्यवस्थाओं और हाल के घटनाक्रमों का जिक्र करते हुए उन्होंने सरकार की प्राथमिकताओं पर सवाल उठाया। साथ ही, एक महिला पत्रकार के साथ कथित अभद्रता की घटना को लेकर भी सरकार को घेरा और इसे महिलाओं के सम्मान के मुद्दे से जोड़ा। कांग्रेस ने चुनौती दी कि यदि सरकार वास्तव में महिला सशक्तिकरण के प्रति गंभीर है, तो वह आगामी चुनाव में 33 प्रतिशत टिकट महिलाओं को दे या सरकारी नौकरियों में आरक्षण लागू करे। प्रेस वार्ता के अंत में कांग्रेस ने आरोप लगाया कि भाजपा महिलाओं को केवल 'वोट बैंक' के रूप में देखती है और इस प्रकार के विशेष सत्र राजनीतिक लाभ के लिए आयोजित किए जा रहे हैं। प्रेस वार्ता में संगठन महामंत्री राजेंद्र भंडारी पूर्व महानगर अध्यक्ष लालचंद शर्मा सोशल मीडिया चेयरमैन और प्रवक्ता अभिनव थापर शीशपाल सिंह बिष्ट,दीप वोहरा और मनोज सैनी उपस्थित रहे।

# बौद्धिक व सांस्कृतिक प्रतियोगिता में सोनिया-सारिका रहीं प्रथम

**साहिया।** सरदार महिपाल राजेंद्र जनजातीय पीजी कॉलेज, साहिया में इतिहास एवं संस्कृत विभाग के तत्वावधान में शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य छात्र-छात्राओं के बौद्धिक विकास के साथ-साथ भारतीय भाषा एवं संस्कृति के प्रति उनकी रुचि को बढ़ावा देना रहा। इतिहास विभाग द्वारा मध्यकालीन इतिहास एवं उत्तराखंड के इतिहास से संबंधित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में सोनिया (एम.ए. चतुर्थ सेमेस्टर) ने प्रथम, पूजा (बी.ए. षष्ठम सेमेस्टर) ने द्वितीय और काजल (बी.ए. द्वितीय सेमेस्टर) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। संस्कृत विभाग द्वारा विभागीय परिषद के अंतर्गत संस्कृत श्लोक एवं गीत गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्रों ने अपने मधुर स्वर एवं शुद्ध उच्चारण से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। निर्णायक मंडल द्वारा प्रस्तुति, उच्चारण, भाव-अभिव्यक्ति एवं स्वर-सामंजस्य के आधार पर विजेताओं का चयन किया गया, जिसमें सारिका (बी.ए. द्वितीय सेमेस्टर) ने प्रथम, शानू वर्मा (बी.ए. चतुर्थ सेमेस्टर) ने द्वितीय और तनिषा (बी.ए. द्वितीय सेमेस्टर) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेताओं को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ. चन्द्रिका ने सभी प्रतिभागियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी ऐसे आयोजनों के निरंतर आयोजन की बात कही। इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. रेनू देवी ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं छात्रों में इतिहास के प्रति समझ एवं रुचि विकसित करने में सहायक होती हैं। इस अवसर पर अल्पना जोशी, अंजू, मानसी नेगी, शुभम चौहान, मानसी तोमर, कशिश तोमर एवं कविता सहित अन्य छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# विधानसभा घेराव में महिला कांग्रेस का उग्र प्रदर्शन

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड की राजधानी में महिला आरक्षण को लेकर सियासी पारा मंगलवार को चरम पर पहुंच गया। विधानसभा के विशेष सत्र के दौरान जहां कांग्रेस विधायकों ने सदन के अंदर सरकार को घेरा, तो वहीं, सदन के बाहर महिला कांग्रेस ने सड़कों पर उतरकर जोरदार हुंकार भरी और सरकार के खिलाफ आक्रोश मार्च निकालते हुए विधानसभा घेराव का प्रयास किया।

हरिद्वार रोड स्थित एक होटल परिसर से शुरू हुआ यह मार्च देखते ही देखते उग्र प्रदर्शन में बदल गया। प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला और वरिष्ठ नेता हरक सिंह रावत के नेतृत्व में सैकड़ों महिला कार्यकर्ता 'महिला आरक्षण लागू करो' और 'आधी आबादी को पूरा हक दो' जैसे नारों के साथ विधानसभा की ओर बढ़ीं।

रिस्पना पुल के पास पहले से तैनात भारी पुलिस बल ने बैरिकेडिंग लगाकर प्रदर्शनकारियों को रोक दिया। इसके बाद माहौल तनावपूर्ण हो गया। महिला कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच तीखी धक्का-मुक्की हुई, बैरिकेडिंग तोड़ने की कोशिश की गई और हालात बेकाबू होते दिखे।

इस दौरान जिला अध्यक्ष अंशुल त्यागी बेहोश हो गईं, जिन्हें तत्काल अस्पताल भेजना पड़ा। प्रदर्शन में महिला कांग्रेस की वरिष्ठ नेता जया कर्नाटक, पुष्पा पवार, अंशुल त्यागी, आशा रावत, सुशीला शर्मा, अंजू मिश्रा, शशि शाह, अनीता सकलानी, शोभा बडोनी, ललित भद्री, बबलू पंवार, सईद अहमद जमाल, आलोक मेहता, नरेश सकलानी, बंटू, गौरव रावत व साहिल शेख आदि मौजूद रहे।



महिला आरक्षण के नाम पर गुमराह कर रही भाजपा: हरक ■ महिला आरक्षण लागू करने में देरी बर्दाश्त नहीं: रौतेला, पुलिस के साथ हुई तीखी धक्का-मुक्की, जिला अध्यक्ष अंशुल त्यागी हुई बेहोश

### महिला कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेकर पुलिस लाइन भेजा

**देहरादून।** प्रदर्शन के दौरान हंगामा बढ़ता देख पुलिस ने कई महिला कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेकर पुलिस लाइन भेज दिया। गिरफ्तारी के बाद भी प्रदर्शनकारियों का गुस्सा शांत नहीं हुआ और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी होती रही। प्रदर्शन में पहुंचे हरक सिंह रावत ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि महिला आरक्षण के नाम पर देश की महिलाओं को गुमराह किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 2023 में बिल पारित होने के बावजूद केंद्र सरकार जनगणना और परिसीमन का बहाना बनाकर इसे 2027 तक टाल रही है। वहीं प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला ने सरकार की नीयत पर सवाल उठाते हुए कहा कि महिलाओं को उनका संवैधानिक अधिकार देने में देरी लोकतंत्र के खिलाफ है। उन्होंने चेतावनी दी कि महिला कांग्रेस किसी भी कीमत पर यह देरी बर्दाश्त नहीं करेगी।

## एक नजर .......

### पेयजल योजना क्षतिग्रस्त, ग्रामीणों में आक्रोश एसडीएम कार्यालय पर धरने की चेतावनी

**चकराता।** सिजला खड्ड-छोटऊ पुरोड़ी पेयजल योजना के जगह-जगह क्षतिग्रस्त होने से क्षेत्र के ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि कई स्थानों पर पाइपलाइन टूट चुकी है और 5-6 जगह से पानी में अवैध छेद किए गए हैं, जिससे नियमित जलापूर्ति बाधित हो रही है। ग्रामीणों ने बताया कि योजना से एक कनेक्शन सेना को भी दिया गया है, जिसके चलते पानी का दबाव और कम हो जाता है तथा आम जनता को पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। इस समस्या को लेकर ग्रामीणों ने कई बार संबंधित विभाग से शिकायत की, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। नवीन चकराता समिति के सचिव सालक राम जोशी ने कहा की अगर समस्या का समाधान नहीं होता तो ओर जल्द ही स्थिति में सुधार नहीं हुआ, तो वे गुरूवार को एसडीएम कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। इस दौरान सालक राम जोशी, केशर सिंह चौहान, रणबीर तोमर, गुड्डू रावत, अरविंद जोशी, महावीर तोमर, दिनेश चौहान, दिनेश तोमर और खजान रावत सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे। वहीं, अधिशासी अभियंता राजेंद्र पाल सिंह ने दूरभाष पर बताया कि संबंधित पेयजल लाइन काफी पुरानी हो चुकी है, जिसके कारण वह जगह-जगह टूट जाती है। उन्होंने कहा कि विभाग की ओर से कर्मचारियों को मौके पर भेजा जा रहा है और लाइन को शीघ्र ही ठीक करने का प्रयास किया जा रहा है।

### बारिश में भी गैस के लिए लंबी कतारें, चकराता में उपभोक्ताओं की बढ़ी परेशानी

**चकराता।** मंगलवार को चकराता में रसोई गैस की आपूर्ति के लिए जैसे ही वाहन पहुंचा, उपभोक्ताओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। बारिश के बावजूद लोग घंटों तक कतार में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करते रहे, जिससे क्षेत्र में गैस आपूर्ति की स्थिति एक बार फिर चर्चा का विषय बन गई। जानकारी के अनुसार, मंगलवार दोपहर शेरपुर से गैस सिलेंडरों से लदा वाहन चकराता पहुंचा। वाहन के पहुंचते ही बड़ी संख्या में उपभोक्ता गैस भरवाने के लिए एकत्र हो गए। मौके पर मौजूद एजेंसी कर्मियों ने स्पष्ट किया कि केवल उन्हीं उपभोक्ताओं को गैस दी जाएगी, जिनके मोबाइल पर ओटीपी प्राप्त हुआ है। इस दौरान कई उपभोक्ता पास. बुक लेकर मौके पर पहुंचे और बताया कि उन्हें पिछले डेढ़ महीने से गैस नहीं मिल पाई है। उन्होंने आरोप लगाया कि मिस कॉल देने के बावजूद उनके मोबाइल पर ओटीपी नहीं आ रहा है, जिससे वे गैस से वंचित रह जा रहे हैं। इस बात को लेकर उपभोक्ताओं में नाराजगी बढ़ गई और कुछ देर के लिए हंगामे की स्थिति भी उत्पन्न हो गई। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिसकर्मियों को मौके पर पहुंचकर व्यवस्था संभालनी पड़ी। पुलिस ने उपभोक्ताओं को शांत कर लाइन में लगाकर गैस वितरण प्रक्रिया को सुचारू कराया। स्थानीय उपभोक्ताओं मातवर सिंह, कृपाल सिंह, भाव सिंह, सुनील कुमार, विक्की, शमशेर, आनंद राणा और देवीलाल ने बताया कि तकनीकी दिक्कतों के कारण उन्हें समय पर ओटीपी नहीं मिल रहा है, जिससे वे लंबे समय से गैस सिलेंडर नहीं भरवा पा रहे हैं। उन्होंने एजेंसी से समस्या का शीघ्र समाधान करने और सभी उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराने की मांग की है।

### आर्म्स रेसलिंग में शादमान को किया गया सम्मानित

**विकासनगर।** दी रूरल एजुकेशन एंड सोशल वेलफेयर सोसाइटी के द्वारा आर्म्स रेसलिंग 70 किलो वर्ग बाजपुर मे आयोजित प्रतियोगिता मे जीवनगढ़ निवासी स्टेट विजेता शादमान उर्फ दानिश पुत्र अफजल बेग को पुरस्कृत किया गया।

मुख्य अतिथि एडवोकेट गुरमेल सिंह राठौर ने कहा कि ऐसी प्रतिभाओ को प्रोत्साहन मिलना चाहिए जिन्होंने हमारे क्षेत्र व माता पिता का नाम रोशन किया और हमारे युवाओं को नशे की लत छोड़कर खेल प्रतियोगिओ मे प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभाओ को दिखाना चाहिए। उपाध्यक्ष फतेह आलिम ने कहा कि जहां बच्चें नशे की तरफ जा रहे हैं उससे हटकर राज्य स्तर पर विजेता बनना हमारे क्षेत्र के बच्चों के लिए एक आदर्श है। इस कार्यक्रम मे अध्यक्ष मोहम्मद इस्लाम, प्रबंधक एसबीआई नशीम अहमद, शमीम खान, एडवोकेट अनुराग शर्मा, नसीम, अफजल बेग, आसिफ अली आदि उपस्थित रहे।

# पांच दिन बाद जौनसार बावर में बदला मौसम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** लगातार पांच दिनों तक तेज धूप और बढ़ती गर्मी से परेशान लोगों को मंगलवार को हुई बारिश ने बड़ी राहत दी। सुबह से शुरू हुई रिमझिम बारिश ने पूरे क्षेत्र के मौसम को सुहावना बना दिया, जिससे लोगों ने राहत की सांस ली।

पिछले कुछ दिनों से चकराता और जौनसार-बावर क्षेत्र में तापमान में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही थी। तेज धूप के कारण गर्मी का असर साफ महसूस किया जा रहा था। चकराता में तापमान 27 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था, जो इस क्षेत्र के लिए सामान्य से अधिक माना जाता है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार मंगलवार सुबह मौसम ने अचानक करवट ली और आसमान में बादल छा गए। करीब साढ़े नौ बजे हल्की बारिश शुरू हुई, जो रुक-रुक कर शाम साढ़े पांच बजे तक जारी रही। दिनभर हुई इस बारिश के चलते तापमान में गिरावट आई और अधिकतम तापमान घटकर 21 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जबकि न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

शाम के समय चली ठंडी हवाओं ने वातावरण में हल्की ठंडक भी घोल दी। मौसम के इस बदले हुए मिजाज से स्थानीय लोगों के साथ-साथ चकराता घूमने आए पर्यटक भी खासे उत्साहित नजर आए और सुहावने मौसम का आनंद लेते दिखे।

# डा. नीरज 'एक्सीलेंस इन इकोनोमिक्स टीचिंग एंड रिसर्च अवार्ड' से सम्मानित

**विकासनगर।** इंस्टीट्यूट फॉर सोशल रिफॉर्म एंड हायर एजुकेशन द्वारा एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों से पधारे सामाजिक, शैक्षिक, तकनीकी एवं चिकित्सा क्षेत्रों में उत्कृष्ट सेवा प्रदान करने वाले प्रतिभाशाली व्यक्तित्वों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विकासनगर स्थित आशाराम वैदिक इंटर कॉलेज के प्रवक्ता डॉक्टर नीरज कुमार वर्मा को "भारत विभूषण सम्मान 2026" के अंतर्गत प्रतिष्ठित 'एक्सीलेंस इन इकोनोमिक्स टीचिंग एंड रिसर्च अवार्ड से सम्मानित किया गया। वर्मा को यह सम्मान उनके द्वारा अपने निजी संसाधनों एवं सतत प्रयासों से शिक्षण में नवाचार को प्रोत्साहित करने तथा निर्धन छात्र-छात्राओं के कैरियर मार्गदर्शन हेतु किए गए समर्पित एवं उल्लेखनीय कार्यों के लिए प्रदान किया गया। उन्होंने शिक्षा को केवल पाठ्यक्रम तक सीमित न रखकर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का माध्यम बनाया है, जिससे अनेक विद्यार्थियों को नई दिशा और आत्मविश्वास प्राप्त हुआ है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंजाब विधान सभा स्पीकर सरदार कुलतार सिंह द्वारा डॉक्टर नीरज कुमार वर्मा को सम्मान स्वरूप प्रशस्ति-पत्र एवं स्मृति-चिन्ह प्रदान किया गया। विद्यालय प्रबंधन समिति, प्रधानाचार्य संजीव कालूरा और भूतपूर्व प्रधानाचार्य गुरु राम राय सहसपुर रवीन्द्र सैनी और समस्त शिक्षकों एवं क्षेत्र के अनेक शिक्षाविदों ने नीरज कुमार वर्मा को इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर हार्दिक शुभकामनाएँ एवं बधाई प्रेषित की हैं।

# कांग्रेसियों ने रिप परियोजना, एनआरएलएम की महिलाओं का भाजपा निजि कार्यक्रमों में राजनीतिक दुरूपयोग किए जाने पर जताई आपत्ति

**विकासनगर।** पछवादून के कांग्रेसियों ने रिप परियोजना, एनआरएलएम की महिलाओं का भाजपा निजि कार्यक्रमों में राजनीतिक दुरूपयोग किए जाने पर आपत्ति जताते हुए तत्काल कार्रवाई किए जाने की मांग विकास खंड सहसपुर के खंड विकास अधिकारी से की है। खंड विकास अधिकारी को सौंपे ज्ञापन में जिलाध्यक्ष संजय किशोर ने चिंता जताते हुए कहा कि क्षेत्र से लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही है कि रिप परियोजना, एनआरएलएम में कार्यरत महिलाओं पर भाजपा पार्टी के राजनीतिक कार्यक्रमों में जबरन शामिल होने का दबाव बनाया जा रहा है। कहा कि यह व्यवहार न केवल लोकतांत्रिक मूल्यों का खुला उल्लंघन है, बल्कि सरकारी योजनाओं को राजनीतिक लाभ के साधन के रूप में इस्तेमाल करने का अनुचित एवं असंवैधानिक प्रयास भी है। जिलाध्यक्ष संजय किशोर ने कहा कि रिप परियोजना, एनआरएलएम जैसी योजनाएं जनता के कर के धन से संचालित होती है इनका उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से सक्षम बनाना है न कि उन्हें किसी राजनीतिक दल की सभाओं में भीड़ जुटाने का साधन बनाना। कहा कि ऐसे प्रयास सरकार की निष्पक्षता पर प्रश्न चिन्ह लगाते हैं ओर महिलाओं की गरिमा, स्वतंत्रता एवं अधिकारों का हनन करते हैं।

## अवैध प्लॉटिंग पर एमडीडीए का सख्त एक्शन

# मेहुवाला में 10 बीघा जमीन पर अवैध कॉलोनी ध्वस्त

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) ने प्राधिकरण क्षेत्र में अवैध प्लॉटिंग के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए मेहुवाला क्षेत्र में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी को ध्वस्त कर दिया। लगातार मिल रही शिकायतों के बाद प्राधिकरण ने सख्ती दिखाते हुए यह कदम उठाया, जिससे अवैध निर्माण करने वालों में हड़कंप मच गया है।

एमडीडीए ने अवैध प्लॉटिंग पर प्रभावी नियंत्रण के लिए सैक्टर वाइज टीमों का गठन किया है। ये टीमें नियमित रूप से क्षेत्र का निरीक्षण कर रही हैं और संदिग्ध गतिविधियों पर तुरंत कार्रवाई कर रही हैं। प्राधिकरण का मानना है कि इस व्यवस्था से अवैध कॉलोनियों पर समय रहते रोक लगाई जा सकेगी और शहर का विकास योजनाबद्ध तरीके से होगा।

■ सेक्टर वाइज टीमों से निगरानी तेज,

प्राधिकरण की टीम को जांच के दौरान मेहुवाला माफी, निकट ईंट भट्टा क्षेत्र में अवैध प्लॉटिंग की जानकारी मिली। यहां कमल राठौर व अन्य द्वारा "श्रीराम इन्क्लेव" में करीब 10 बीघा भूमि पर बिना स्वीकृति प्लॉटिंग की जा रही थी। मामले की पुष्टि होने पर प्राधिकरण ने तत्काल कार्रवाई करते हुए अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया। यह कार्रवाई संयुक्त सचिव गौरव चटवाल के निर्देशों पर की गई। मौके पर सहायक अभियंता विजय रावत, अवर अभियंता मुनेश राणा और सुपरवाइजर की टीम मौजूद रही। पूरी कार्रवाई नियमानुसार और प्रशासनिक निगरानी में संपन्न हुई। एमडीडीए की इस कार्रवाई से यह स्पष्ट हो गया है कि प्राधिकरण अब अवैध प्लॉटिंग के खिलाफ पूरी तरह सख्त रुख अपना चुका है। आने वाले समय में भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहने की संभावना है, जिससे शहर में अव्यवस्थित विकास पर रोक लगाई जा सके और नागरिकों के हितों की रक्षा हो सके।



### आम जनता अधिकृत योजनाओं में ही निवेश करें - बंशीधर तिवारी

एमडीडीए के उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने कहा कि प्राधिकरण क्षेत्र में अवैध प्लॉटिंग को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा, "अवैध रूप से कॉलोनियां विकसित करना न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि इससे आम नागरिकों को भी भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। कई बार लोग बिना जांच-पड़ताल के ऐसे प्लॉट खरीद लेते हैं, जिससे भविष्य में उन्हें कानूनी और आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। एमडीडीए ने सैक्टर वाइज टीमों का गठन कर निगरानी व्यवस्था को मजबूत किया है। हमारी टीमें लगातार क्षेत्र में सक्रिय हैं और जहां भी अवैध गतिविधियां सामने आती हैं, वहां तत्काल कार्रवाई की जाती है। हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि देहरादून का विकास पूरी तरह नियोजित और सुरक्षित तरीके से हो। इसके लिए जरूरी है कि नियमों का सख्ती से पालन किया जाए। साथ ही, आम जनता से भी अपील है कि वे केवल अधिकृत योजनाओं में ही निवेश करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी प्राधिकरण को दें।"

### अवैध निर्माण पर नहीं होगी कोई ढील: बर्निया

एमडीडीए के सचिव मोहन सिंह बर्निया ने कहा, "प्राधिकरण अवैध प्लॉटिंग के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य कर रहा है। मेहुवाला में की गई कार्रवाई इसी का उदाहरण है। हमारी टीमें लगातार क्षेत्र में सक्रिय हैं और भविष्य में भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी। जो लोग नियमों का उल्लंघन कर अवैध कॉलोनियां विकसित कर रहे हैं, उनके खिलाफ सख्त कानूनी कदम उठाए जाएंगे। आम नागरिकों को भी सतर्क रहना चाहिए और केवल वैध स्वीकृति वाली परियोजनाओं में ही निवेश करना चाहिए।


## कार्यालय नगर निगम, देहरादून

पत्रांक : 104/सा.नि.अनु./न.नि./दे.दून/206-27 दिनांक 24.04.2026

**(ई-निविदा सूचना)**

नगर निगम देहरादून द्वारा निम्नानुसार कार्य किये जाने हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है तथा निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण ई-निविदा पोर्टल www.uktenders.gov.in से प्राप्त किये जा सकते है।

| कार्य का विवरण | आगणन धनराशि (रूपये में) | निविदा शुल्क (18% जी.एस.टी. सहित) | धरोहर राशि निक्षेप (EMD @ 2% of Estimated Cost) | निविदा डाले जाने की प्रारम्भिक एवं अंतिम तिथि | निविदा खोलने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. शंकरपुर स्थित गौसदन में अतिरिक्त पशुओं हेतु टीनशेड निर्माण का कार्य। | 32,55,880/- | 2,950/- (दो हजार नौ सौ पचास रूपये) | 65,117/- (पैसठ हजार एक सौ सत्रह रूपये) | 29.04.2026 से 12.05.2026 अपराह्न 5:00 बजे तक। | 13.05.2026 को पूर्वान्ह 11:00 बजे। |
| 2. मा० मुख्यमंत्री घोषणा सं.-1455/2021 विधानसभा क्षेत्र धर्मपुर के अन्तर्गत वार्ड 84, बंजारावाला, मोनाल एनक्लेव में पंचायत घर,पार्क एवं टीन शेड निर्माण का कार्य। | 61,87,000/- | 4,720/- (चार हजार सात सौ बीस रूपये) | 1,23,740/- (एक लाख तेईस हजार सात सौ चालीस रूपये) | | |
| 3. मा० मुख्यमंत्री घोषणा सं0-241/2025 के अन्तर्गत सालावाला में सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य। | 78,85,000/- | 4,720/- (चार हजार सात सौ बीस रूपये) | 1,57,700/- (एक लाख सत्तावन हजार सात सौ रूपये) | | |
| 4. अवस्थापना विकास निधि योजना के अन्तर्गत वार्ड-54 अजबपुर मिनी स्टेडियम का जीर्णोद्धार सौन्दर्गीकरण एवं अन्य आवश्यक कार्य। | 99,72,000/- | 4,720/- (चार हजार सात सौ बीस रुपये) | 1,99,440/- (एक लाख निन्यानवे हजार चार सौ चालीस रूपये) | | |

नगर आयुक्त, नगर निगम देहरादून

# डीएम ने भेल, सिडकुल व शिवालिक नगर पालिका क्षेत्र में सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**हरिद्वार।** जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने बीएचईएल, सिडकुल एवं शिवालिक नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत सफाई व्यवस्था दूरस्त रखने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में नगर पालिका शिवालिक नगर के अध्यक्ष राजीव शर्मा एवं बीएचईएल के उच्च अधिकारियों एवं संबंधित अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी सभागार में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने शिवालिक नगर पालिका एवं बीएचईएल के अधिकारियों को निर्देश दिए कि संबंधित अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए क्षेत्र में बेहतर साफ सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने एटीएम चौक के पास खोखा मार्केट में हाईटैक शौचालय बनाए जाने के लिए शिवालिक नगर पालिका को स्थान चिन्हित करने के साथ प्रस्ताव तैयार करने के तथा बीएचईएल को एनओसी एक माह के भीतर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए है कि क्षेत्र में जो भी सड़के क्षतिग्रस्त है उन सड़कों का मरम्मत कार्य आपसी समन्वय के साथ किया जाए तथा क्षेत्र में वाहनों की उचित पार्किंग के लिए भी स्थान चिन्हित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने शिवालिक नगर पालिका एवं बीएचईएल क्षेत्रांतर्गत लगाने वाले पीठ बाजार में सिंगल यूज प्लास्टिक का किसी भी दशा में उपयोग न होने तथा पीठ बाजार एवं उसके आसपास के क्षेत्र में बेहतर साफ सफाई व्यवस्था रखने के भी सख्त निर्देश दिए। उन्होंने ईओ नगर पालिका एवं उप जिलाधिकारी को निर्देश दिए कि पीठ बाजार में सिंगल यूज प्लास्टिक का यूज किया जाता है तो उनके विरुद्ध चालान करते हुए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्र में किसी भी तरह से कोई अतिक्रमण न हो तथा अतिक्रमण के विरुद्ध संयुक्त रूप से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही समय समय पर की जाए। शिवालिक नगर क्षेत्रांतर्गत संवेदनशील क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने के लिए पुलिस को संवेदनशील स्थानों चिन्हित करने के निर्देश दिए। शिवालिक नगर क्षेत्रांतर्गत पार्को के सौंदर्यकरण के संबंध में हरिद्वार विकास प्राधिकरण को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। शिवालिक नगर पालिका परिषद द्वारा बनाए गए शहीद चौक को पुनर्स्थापित करने के लिए पीडब्लूडी को स्थान चिन्हित करने के निर्देश दिए गए। दीप गंगा सोसायटी, हरिद्वार ग्रीन एवं अंतरिक्ष एनआरआई सिटी में बिल्डर की मनमानी के संबंध में जिलाधिकारी ने आरएम सिडकुल को बिल्डर एवं सोसाइटी के साथ बैठक करते हुए समस्या का हल निकालने के निर्देश दिए। शिवालिक नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत सामुदायिक केंद्र का शिवालिक नगर पालिका को हस्तांतरण करने के लिए जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को सूची उपलब्ध करने के निर्देश दिए। शिवालिक नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत जर्जर विद्युत पोल को हटाने के लिए अधिशासी अभियंता विद्युत को त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में अध्यक्ष नगर पालिका राजीव शर्मा ने शिवालिक नगर क्षेत्रांतर्गत किए जाने वाले कार्यों के संबंध में विस्तार से अवगत कराया गया। बैठक में मुख्य नगर आयुक्त नंदन सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.आरके सिंह, ईडी बीएचईएल रंजन कुमार, महाप्रबन्धक बीएचईएल संतोष कुमार गुप्ता, प्रबन्धक संपदा बीएचईएल मंगल सिंह मुंडा, बीएचईएल प्रबन्धक सिविल अखिलेश कुमार, एचआरडीए सचिव मनीष कुमार, उपजिलाधिकारी हरिद्वार जितेंद्र कुमार, आरएम सिडकुल कमल किशोर, सीओ सदर एसपी बलूनी, ईओ शिवालिक नगर पालिका तारिक खान, उप मुख्य नगर आधिकारी दीपक गोस्वामी, अधिशासी अभियंता यूपीसीएल दीपक सैनी सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# केमिकल से फल पकाने पर खाद्य सुरक्षा विभाग करेगा कार्रवाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** आम के सीजन की शुरुआत से पहले केमिकल से आम और अन्य फलों को पकाने से रोकने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग ने अभियान चलाया। मंगलवार की सवेरे ज्वालापुर स्थित मंडी पहुंच कर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने तमाम दुकानों और आढ़तियों के फलों की जांच की। साथ ही राइपिंग चेंबर का भी निरीक्षण किया। इस दौरान विभाग ने आम और अन्य फलों के आठ सैंपल लेकर जांच के लिए लैब भेजे। अधिकारियों ने कहा कि अगर फलों को खतरनाक केमिकल से पकाए जाने की पुष्टि होती है तो संबंधित दुकानदारों के खिलाफ केस दर्ज कराया जाएगा।

# एंटी नारकोटिक्स टीम ने छात्र-छात्राओं को दिलाई नशामुक्ति की शपथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से बचाने और जागरूक करने के उद्देश्य से एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (A.N.T.F.) की टीम ने सोमवार को मायापुर स्थित दो विद्यालयों में जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान छात्र-छात्राओं को नशे से होने वाले शारीरिक, आर्थिक और सामाजिक नुकसान की जानकारी दी गई। भल्ला इंटर कॉलेज मायापुर और सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मायापुर में आयोजित कार्यक्रम में एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स टीम और मायापुर चौकी प्रभारी ने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। अधिकारियों ने कहा कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि परिवार और समाज पर भी इसका बुरा प्रभाव पड़ता है। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने नशे के विरोध में शपथ पत्र भरकर हस्ताक्षर किए और नशामुक्त समाज बनाने का संकल्प लिया। अभियान में करीब 300 से 400 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस मौके पर एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स से हेड कांस्टेबल सुनील सिंह, हेड कांस्टेबल मुकेश कुमार, कांस्टेबल सतेंद्र चौधरी और महिला कां. चांदनी बिष्ट मौजूद रहे। वहीं कोतवाली नगर हरिद्वार से मायापुर चौकी इंचार्ज उपनिरीक्षक ऋषिकांत पटवाल और कां. अनिल भी कार्यक्रम में शामिल रहे।

# चोरों ने घर के ताले चटकाकर नकदी व कीमती सामान चुराया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** ज्वालापुर कोतवाली क्षेत्र स्थित न्यू हरिद्वार कॉलोनी में सोमवार देर रात चोरों ने एक कारोबारी के घर में धावा बोलकर नकदी और कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

जानकारी के अनुसार न्यू हरिद्वार कॉलोनी निवासी कारोबारी सचिन पाराशर के घर अज्ञात चोर देर रात मेन गेट के पास लगी रेलिंग पार कर अंदर घुस गए। इसके बाद चोरों ने मकान के कमरों के ताले तोड़ दिए और अलमारी खंगालकर नकदी सहित अन्य कीमती सामान समेट लिया। वारदात के समय घर के दो सदस्य अंदर मौजूद थे, बावजूद इसके चोर बेहद शातिर तरीके से घटना को अंजाम देकर फरार हो गए। सुबह घटना की जानकारी होने पर परिजनों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही ज्वालापुर कोतवाली प्रभारी चंद्रभान सिंह अधिकारी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है, ताकि आरोपियों का सुराग लगाया जा सके। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# पंडित पूर्णानंद तिवारी लॉ कालेज में किया मूट कोर्ट का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** ज्वालापुर स्थित पंडित पूर्णानंद तिवारी लॉ कॉलेज में मूट कोर्ट का आयोजन किया गया। मूट कोर्ट में कानून के छात्रों ने धारा 420 के मुकद्मे में पक्ष और विपक्ष में अपनी दलीलें पेश की। अभियोजन पक्ष की तरफ से बीए एलएलबी सेमेस्टर-10 के मोहम्मद दानिश, अभिनव बंसल, शिवम कोरी, अनामिका, अनम, अमितसिंह नेगी, नाहिद, रियाज, शगुन, कौशल, खुशी, नेहा, प्रीति, नेहा नौटियाल सपना ने अपने तर्क पेश किए। बचाव पक्ष की तरफ से एलएलबी-6 सेमेस्टर के नेहा ठाकुर, सानिया, परवीन, नंदकिशोर वर्मा, तनीषा, सलोनी, इरम, सीटू, अंजलि, नैन्सी जॉर्ज, अनमोल, अनस, परवेज, कार्तिक विक्की गुप्ता, कमल, अजय, सचिन सैनी मौजूद रहे। मूट कोर्ट के न्यायाधीश कालेज के प्राचार्य डा. अशोक कुमार तिवारी ने दोनों पक्षों तर्क, तमाम तथ्य और कानून बिन्दुओं को सुनने के बाद अभियुक्त को दोषी करार करते हुए जुर्माना व 5 साल की कड़ी कैद की सजा सुनाई।



## एक नजर ......

### पुराने विवाद में परिवार पर हमला, कई घायल

**हरिद्वार।** रानीपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गढ़ में पुराने विवाद को लेकर एक परिवार पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया गया। ग्राम निवासी सोनू कुमार ने शिकायत में बताया कि 25 अप्रैल की शाम वह बीमार रिश्तेदार के लिए भोजन लेकर जा रहे थे। घर के बाहर पहुंचने पर देखा कि गांव के रवि, सूरज, चंद्रो और देशराज उनके भाई नंदन के साथ मारपीट कर रहे हैं। बीच-बचाव करने पहुंचे सोनू और उनकी मां पर भी हमला कर दिया गया। मारपीट में परिवार के कई सदस्य घायल हो गए। ग्रामीणों के हस्तक्षेप से मामला शांत हुआ। आरोपित जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इंस्पेक्टर मनोहर सिंह भंडारी ने बताया कि मामले की जांच जारी है।

### उधार की रकम मांगने पर जातिसूचक अपमान, धमकी का आरोप

**हरिद्वार।** कनखल कोतवाली क्षेत्र में उधार की रकम मांगने पर युवक और उसके परिवार के साथ अभद्रता व धमकी देने का मामला सामने आया है। क्षेत्र के गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय आवासीय परिसर निवासी राहुल कुमार ने शिकायत में बताया कि उनकी माता ने परिचित नितिश कश्यप को 3.50 लाख रुपये उधार दिए थे। रकम वापस मांगने पर टालमटोल के बीच 30 दिसंबर 2025 की रात फोन पर उनकी माता से अभद्रता की गई। विरोध करने पर जातिसूचक शब्दों से अपमानित किया गया। आरोप है कि बाद में नितिश के पिता अवतार सिंह कश्यप ने भी फोन पर पूरे परिवार को गंभीर परिणाम भुगतने और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने एससी/एसटी आयोग में शिकायत की, जिसके निर्देश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली प्रभारी देवेंद्र सिंह रावत ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### घोड़ी पर तेजाब डालकर घायल करने का आरोप, मुकदमा दर्ज

**हरिद्वार।** कनखल कोतवाली क्षेत्र में शादी-विवाह में उपयोग होने वाली घोड़ी पर तेजाब डालकर घायल करने का मामला सामने आया है। अलकनंदा होटल के पास रहने वाले कोमल सिंह ने शिकायत में बताया कि वह बारात व शोभायात्रा के लिए घोड़ी उपलब्ध कराते हैं। 26 अप्रैल को वह रुहिया धर्मशाला क्षेत्र में सामान लेने गए थे। आरोप है कि इसी दौरान उनकी घोड़ी पर कनखल निवासी ठाकुर दास ने रंजिशन गले के पास तेजाब डाल दिया, जिससे वह बुरी तरह झुलस गई। विरोध करने पर मारपीट व गाली-गलौच भी की गई। घटना से पीड़ित के रोजगार पर असर पड़ा है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### घर में घुसकर युवक पर हमला, चाकू से किया वार

**हरिद्वार।** सिडकुल थाना क्षेत्र के रावली महदूद में घर में घुसकर युवक पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। बिजनौर निवासी विरेन्द्र सिंह ने बताया कि वह अपने घर पर थे, तभी कई लोग जबरन अंदर घुस आए और बाहर बुलाकर हमला कर दिया। लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से मारपीट के दौरान एक हमलावर ने उनकी छाती पर चाकू से वार किया। घायल को जिला अस्पताल से एम्स ऋषिकेश रेफर किया गया है। पीड़ित ने अपनी पत्नी, साले, सास-ससुर सहित कुल दस लोगों को नामजद किया है। एसओ अजय शाह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# महिलाओं को आरक्षण देने की पक्षधर है कांग्रेस : हरनीत कौर

**शाह टाइम्स संवाददाता**




**हरिद्वार।** युवा कांग्रेस की प्रदेश सहप्रभारी हरनीत कौर बरार ने कहा कि भाजपा विपक्ष पर महिलाओं को आरक्षण देने का विरोध करने का झूठा आरोप लगा रही है। जबकि सच्चाई यह है कांग्रेस समेत पूरा विपक्ष महिलाओं को आरक्षण देने के पक्ष में है। महिलाओं को आरक्षण देने के लिए 2023 में सरकार द्वारा संसद में लाए गए बिल का कांग्रेस सहित सभी विपक्षी दलों ने समर्थन किया था। जबकि तत्कालीन यूपीए सरकार द्वारा जब सदन में महिला आरक्षण बिल लाया गया था तो भाजपा ने बिल का विरोध किया था। प्रैस क्लब में पत्रकारों से वार्ता करते हुए हरनीत कौर बरार ने कहा कि पांच प्रदेशों में चल रहे चुनाव के बीच सरकार ने अचानक से संसद का विशेष सत्र बुलाकर 2023 मे पारित महिला आरक्षण बिल की आड़ में डिलीमिटेशन करने का जो प्रयास किया। उसका विपक्ष ने विरोध किया और सरकार के मसूंबों को कामयाब नहीं होने दिया। लेकिन सरकार विपक्ष पर महिला आरक्षण बिल का विरोध करने का झूठा आरोप लगा रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा महिलाओं को अधिकार देने की पक्षधर रही है। देश के आजाद होने के बाद कांग्रेस सरकार ने महिलाओं को वोट का अधिकार दिया। पंचायतों और नगर निकायों में महिलाओं के लिए सीटें आरक्षित कर महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की। महानगर अध्यक्ष अंकुर सैनी ने कहा कि भाजपा सरकार में महिलाओं के प्रति अपराध बढ़े हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ही महिलाओं की सच्ची हितैषी है। प्रैसवार्ता में दिव्यांश अग्रवाल, राकेश गुप्ता, अबरार अली, यश शर्मा, महबूब आलम, धनीराम शर्मा, पूजा शर्मा, उत्कर्ष वालिया आदि युवा कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# यज्ञ के प्रभाव से दूर होती है नकारात्मकता : माधवाचार्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** स्वामी माधवाचार्य ने कहा कि वैदिक संस्कृति में किए जाने वाले हवन यज्ञ का विशेष महत्व है। सप्तऋषि स्थित ए.एन.डी. पब्लिक स्कूल में आयोजित विशेष हवन यज्ञ के समापन पर संत समागम की अध्यक्षता करते हुए मंगलापीठाधीश्वर स्वामी माधवाचार्य ने कहा कि संत समाज सनातन धर्म और वैदिक संस्कृति को आगे बढ़ाने में निरंतर योगदान कर रहा है। प्राचीन काल में ऋषि मुनियों ने यज्ञ परंपरा की शुरूआत की थी। वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ किए जाने वाले यज्ञ के प्रभाव से समस्त नकारात्मकता दूर हो जाती है और सकारात्मकता का उदय होता है। जिससे कल्याण और प्रगति का मार्ग प्रशस्त होता है। जगद्गुरू रामानंदाचार्य स्वामी अयोध्याचार्य ने कहा ने कहा कि प्राचीन ऋषि मुनियों द्वारा प्रतिपादित यज्ञ की परम्परा का पालन करते हुए किए गए यज्ञ के प्रभाव से अवश्य ही विश्व शांति और मानव कल्याण का मार्ग प्रशस्त होगा। श्रीमहंत विष्णुदास एवं बाबा हठयोगी ने कहा कि परमार्थ के लिए जीवन समर्पित करने वाले संत महापुरूषों के सानिध्य में गंगा तट पर किए गए धार्मिक क्रियाकलाप का सहस्त्रों गुणा पुण्य फल प्राप्त समस्त मानव जाति को प्राप्त होता है। महंत राजेंद्रदास, साध्वी वैष्णवी, साध्वी जयश्री एवं स्कूल की प्रिंसीपल साध्वी विजय लक्ष्मी ने सभी संत महापुरूषों का स्वागत किया। इस अवसर पर म.मं. महंत जगदीश दास, मं.म. महंत हरिओम दास, म. मं. महंत रामकृष्ण दास, महंत राधे बाबा, म.मं. महंत भक्ति दास, महंत काशीदास, महंत विशम्भर दास, म. मं. स्वामी प्रबोधानंद गिरी, म.मं. स्वामी संतोषानंद, स्वामी रविदेव शास्त्री, महंत रघुवीर दास, महंत बिहारी शरण, महंत अंकित शरण, महंत राजेंद्र दास, महंत विष्णुदास, महंत गोविंददास, महंत प्रेमदास, स्वामी शिवानन्द भारती, महंत राघवेंद्र दास, बाबा हठयोगी, महंत जसविन्दर सिंह, महंत निर्भय सिंह, स्वामी अनन्तानन्द, महंत जयराम दास, स्वामी शिवम महंत, महंत सूरज दास, स्वामी सुतिक्ष्ण मुनि, स्वामी हरिहरानंद, स्वामी दिनेश दास, स्वामी प्रमोद दास, महंत प्रेमदास, भक्त दुर्गादास, महंत हरिदास, स्वामी ऋषिश्वरानन्द, महंत प्रह्लाद दास, महंत दुर्गादास, सहित सभी तेरह अखाड़ों के संत महापुरूष व श्रद्धालु भक्त उपस्थित रहे।

# हरिद्वार में राज्य स्तरीय रेड टेनिस बॉल क्रिकेट चैंपियनशिप संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**हरिद्वार।** हरिद्वार तृतीय राज्य स्तरीय मिनी जूनियर एवं जूनियर इंटर स्कूल रेड टेनिस बॉल क्रिकेट चैंपियनशिप 2026 का आयोजन 26 व 27 अप्रैल को हरिद्वार में किया गया। प्रतियोगिता में 14 वर्ष से कम एवं 19 वर्ष से कम आयु वर्ग की टीमों ने हिस्सा लिया। चैंपियनशिप का उद्घाटन यूथ कांग्रेस के नवनियुक्त महानगर अध्यक्ष अंकुर सैनी व ब्लॉक अध्यक्ष यश शर्मा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। प्रदेशभर से आई टीमों ने प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया। फाइनल मुकाबला देर शाम तक चला, जिसके बाद आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में कांग्रेस नेता धूम सिंह सैनी ने विजेता व उपविजेता टीमों को ट्रॉफी व मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। हरिद्वार जनपद टीम के ललित कुमार को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 'मैन ऑफ द सीरीज' चुना गया। प्रतियोगिता के सफल संचालन में स्कोरिंग की जिम्मेदारी रिया सैनी व लक्ष्मी राणा ने निभाई, जबकि अंपायर के रूप में प्रेमवीर सैनी, नमन व सिद्धार्थ सैनी ने भूमिका निभाई। आयोजन को सफल बनाने में ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेट्री रचित कौशिक, भूपेंद्र, गुलाब सिंह व अनिल कुमार का विशेष योगदान रहा।

# चिन्हीकरण के लंबित आवेदनों का जल्द निस्तारण करने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** चिन्हित राज्य आंदोलनकारी समिति उत्तराखंड एवं दिल्ली प्रदेश के प्रतिनिधिमंडल ने सिटी मजिस्ट्रेट के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित कर चिन्हीकरण के लंबित आवेदनों का जल्द निस्तारण करने करने की मांग की है। ज्ञापन में 2017 से 2021 तक के लंबित चिन्हीकरण आवेदनों के निस्तारण के लिए जिलाधिकारी को आदेशित करने की मांग करने साथ ही विलंब होने पर राज्य सरकार व जिला प्रशासन के विरूद्ध आंदोलन करने की चेतावनी दी गयी है। प्रतिनिधिमंडल में समिति के केंद्रीय संयोजक महेश गौड़, केंद्रीय उपाध्यक्ष रामदेव मौर्य, जिलाध्यक्ष रविंद्र भट्ट, जिला उपकोषाध्यक्ष कृपाल सिंह बिष्ट, सतीश जैन, राधा बिष्ट, सरिता पुरोहित, मुकेश जोशी, रमेश मिंडा आदि शामिल रहे।

## उत्तराखंड में बनी फिल्म पंख होते, तो उड़ जाते रिलीज

# सीएम धामी उत्तराखंड में फिल्म निर्माण को दे रहे बढ़ावा : पटेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**




**हरिद्वार।** उत्तराखंड में बनी फिल्म पंख होते तो उड़ जाते के प्रोड्यूसर सैम पटेल एवं फिल्म के कलाकारों ने हॉरर, थ्रिलर, सस्पेंस एवं मनोरंजन से भरी फिल्म से जुड़ी कहानी से पत्रकारों को रूबरू कराया। प्रेस क्लब में पत्रकारों से वार्ता के दौरान प्रोड्यूसर सैम पटेल ने कहा कि पंख होते तो उड़ जाते फिल्म बेहद मनोरंजन से भरी हुई है। हॉरर, थ्रिलर और सस्पेंस इस फिल्म में देखने को मिलेगा। उत्तराखंड की हसीन वादियों में फिल्म की शूटिंग की गई है। स्थानीय कलाकारों को भी फिल्म में मौका दिया गया है। सैम पटेल ने बताया कि राज्य के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी फिल्म नीति को बढ़ावा दे रहे हैं। फिल्म निर्माण के लिए सब्सिडी भी मुहैया कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि पंख होते तो उड़ जाती के कलाकारों ने फिल्म में बेहतरीन अदाकारी की है। जिसमें मुख्य रूप से विपिन, जसप्रीत कौर, अरमान ताहिल, उपासना, सुदेश बेरी शाहबाह खान जैसे कलाकार हैं। निश्चित रूप से लोगों को यह फिल्म भरपूर मनोरंजन प्रदान करेगी। राज्य मंत्री ओमप्रकाश जग्दमनि ने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी फिल्म निर्माताओं को उत्तराखंड में फिल्म निर्माण के लिए आमंत्रित कर रहे हैं। सरकार द्वारा अन्य सुविधाओं के साथ सब्सिडी भी प्रदान की जा रही है। लाइन प्रोड्यूसर पुरुषोत्तम अग्रवाल ने कहा कि पंख होते तो उड़ जाते फिल्म लोगों को अवश्य पसंद आएगी। राज्य के मुख्यमंत्री फिल्म कलाकारों को सम्मान देने का काम भी कर रहे हैं। उन्होंने फिल्म के कलाकारों की एक्टिंग की प्रशंसा की और कहा कि 1 मई को देशभर में फिल्म रिलीज होने जा रही है। पोस्ट लॉन्च धर्मनगरी में हुआ है। फिल्म का म्यूजिक रेड रिबन के बैनर तले रिलीज हुआ है। फिल्म के गाने बिजली हूं मैं और नजरों ने तेरी मुझसे पहली ही चर्चा बटोर रहे हैं। मां गंगा के आशीर्वाद से फिल्म सफलता के आयाम रचेगी। फिल्म कलाकार जसप्रीत कौर, अरमान ताहिल एवं विपिन आदि ने बताया कि फिल्म में भरपूर मनोरंजन है। युवा कलाकारों को फिल्म में एक्टिंग करने का मौका मिला है। जिससे निश्चित रूप से उत्तराखंड अभिनेताओं को अपने हुनर दिखाने का मौका मिलेगा। प्रैस क्लब अध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी एवं महामंत्री सूर्यकांत बेलवाल का कलाकारों का फूलमाला पहनकर स्वागत किया

**सूचना**

मेरे व्यवहारी श्री कर्ण पाल पुत्र श्री तुंगल सिंह निवासी ग्राम सैदपुरा मेंहवड कलां थाना पिरान कलियर तहसील रुड़की की सम्पत्ति का पुराना बैनामा जिसके बही संख्या 1, जिल्द संख्या 503 के पृष्ठ संख्या 125 से 142 में दस्तावेज संख्या 4723 दिनांक 28.09.2015 जो कहीं खो गये हैं। यदि किसी को यह दस्तावेज मिलता है या किसी को कोई आपत्ति हो, तो कृपया 7 दिन के अंदर सम्पर्क करें, उसके बाद इसका प्रयोग अमान्य होगा। - वीरेन्द्र सिंह एडवोकेट, चौंबर नंबर 27, तहसील रुड़की मो. नं. 9412073170

**बेदखली व संबंध विच्छेद**

हमारा पुत्र अमन व उसकी पत्नी श्रीमती नेहा हमारे व परिवार के कहने सुनने में नहीं हैं। जो आए दिन उसके तथा परिवार तथा आपस में लडाई झगडा आदि कर घर में क्लेह क्लेश करते रहते हैं। हमारे समझाने पर हमारी पुत्रवधु नेहा पुरे परिवार वालों के खिलाफ झूठा मुकदमा दर्ज कराने की धमकी देती रहती है। उनकी इन हरकतों से परेशान होकर हमने अमन व उसकी पत्नी नेहा को अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करने का फैसला लिया है। भविष्य में इनके किसी भी लेन-देन वाद विवाद का हमसे व हमारे परिवार से कोई मतलब नहीं होगा। सुभाष पुत्र जोध सिंह व श्रीमती मौसम पत्नी सुभाष निवासी ग्राम अकोढा कलां थाना कोतवाली व तहसील लक्सर जनपद हरिद्वार ।

# बहादराबाद में जटिल ऑपरेशन से मरीज को मिली नई जिंदगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बहादराबाद।** जया मैक्सवेल हॉस्पिटल में डॉक्टरों की टीम ने एक बेहद जटिल सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम देकर मरीज की जान बचाई। यूरोलॉजी विभाग के वरिष्ठ सर्जन डॉ. विपिन तिवानी के नेतृत्व में 14 सेंटीमीटर की विशाल मूत्राशय पथरी (ब्लैडर स्टोन) को ऑपरेशन के जरिए निकाला गया। डॉक्टरों के अनुसार मरीज लंबे समय से पेशाब की धार कमजोर होने, तेज जलन, दर्द और रुक-रुक कर खून आने जैसी गंभीर समस्याओं से जूझ रहा था। जांच के दौरान मूत्राशय में 14 सेमी की बड़ी पथरी पाई गई, जिसने केस को और अधिक जटिल बना दिया। मरीज का मेडिकल इतिहास भी चुनौतीपूर्ण रहा है। उसे पहले ट्यूबरकुलर मेनिनजाइटिस के कारण पैरालिसिस हो चुका है और वीपी शंट सर्जरी भी हो चुकी है। इन जटिल परिस्थितियों के चलते पहले तीन अस्पतालों ने ऑपरेशन करने से इनकार कर दिया था।

इसके बावजूद डॉ. तिवानी और उनकी टीम ने जोखिम उठाते हुए ऑपरेशन करने का निर्णय लिया। करीब दो घंटे चली इस सर्जरी में पथरी को सफलतापूर्वक निकाल लिया गया। डॉक्टरों का कहना है कि वीपी शंट और न्यूरोलॉजिकल स्थिति के कारण एनेस्थीसिया और सर्जरी दोनों में जोखिम काफी अधिक था, लेकिन बेहतर योजना और टीम वर्क से ऑपरेशन सफल रहा। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार ऑपरेशन के बाद मरीज की हालत स्थिर है और पेशाब संबंधी समस्याओं में सुधार देखा जा रहा है। फिलहाल मरीज को डॉक्टरों की निगरानी में रखा गया है। अस्पताल ने इस सफल सर्जरी को उन मरीजों के लिए उम्मीद बताया है, जिन्हें गंभीर और हाई-रिस्क बताकर अन्य जगहों पर इलाज से मना कर दिया जाता है।

# विप्रो कंपनी जा रहे कर्मचारियों पर घात लगाकर हमला, मोबाइल लूटे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहादराबाद।** क्षेत्र में देर रात उस समय हड़कंप मच गया जब सहदेवपुर की ओर से विप्रो कंपनी ड्यूटी पर जा रहे कर्मचारियों पर अज्ञात हमलावरों ने अचानक हमला कर दिया। घटना में अभिषेक कुमार, सचिन, नीतीश कुमार और अभिषेक सहित कई युवक घायल हो गए, जो सभी विप्रो कंपनी में कार्यरत बताए जा रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सभी युवक रात की ड्यूटी के लिए कंपनी जा रहे थे। इसी दौरान गोगामेड़ी बाहदराबाद अंडरपास रास्ते पर पहले से ही घात लगाकर बैठे करीब 10 से 12 युवकों ने अचानक हमला बोल दिया। हमलावरों के हाथों में लाठी-डंडे और लोहे की रॉड थीं। बताया जा रहा है कि हमले में शामिल कुछ युवक बाइक पर सवार होकर पहले से मौके पर मौजूद थे। हमलावरों ने न केवल मारपीट की, बल्कि एक एप्पल कंपनी का मोबाइल और एक अन्य फोन भी छीनकर फरार हो गए। अचानक हुए इस हमले से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। जान बचाने के लिए सभी युवक इधर-उधर छिपते और भागते नजर आए। घटना में कई युवकों को गंभीर चोटें आई हैं, जिन्हें उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। वहीं, हमला करने वाले 10 से 15 युवक वारदात के बाद मौके से फरार हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और आरोपियों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

# ऑनलाइन निवेश के नाम पर 1.45 करोड़ की साइबर ठगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** सिडकुल थाना क्षेत्र में ऑनलाइन शेयर बाजार में मुनाफे का झांसा देकर एक कर्मचारी से 1.45 करोड़ रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। हरिद्वार ग्रीन निवासी नीरज कुमार ने बताया कि फेसबुक पर निवेश संबंधी विज्ञापन के जरिए संपर्क हुआ, जिसके बाद उन्हें व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़कर विशेष शेयर व आईपीओ में निवेश का लालच दिया गया। आरोपितों ने 'नियो कोट प्रो' एप डाउनलोड करवाकर फर्जी तरीके से लाभ दिखाया और अलग-अलग खातों में धनराशि जमा करवाई। कुल 1 करोड़ 45 लाख 800 रुपये ट्रांसफर करवाने के बाद निकासी संभव नहीं हुई और आरोपी संपर्क से बाहर हो गए। शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एसओ अजय शाह ने बताया कि मामले की जांच जारी है।

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें।
**सैफ सलमानी**
ब्यूरो चीफ
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
कार्यालय : रामनगर, तहसील के पीछे, ज्वालापुर, हरिद्वार
मो.: 9639554327, ई-मेल : shahtimeshr2026@gmail.com

# भीमताल के मोरा गांव में पिंजरे में कैद हुआ तेंदुआ



शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** नैनीताल जिले के भीमताल विकास खंड के ग्राम पंचायत मोरा के पास मंगलवार की सुबह वन विभाग की ओर से लगाए पिंजरे में एक तेंदुआ कैद हुआ। तेंदुए के पिंजरे में कैद होने की सूचना ग्रामीणों ने वन विभाग को दी। भीमताल के ब्लॉक प्रमुख डा. हरीश सिंह बिष्ट ने बताया कि क्षेत्र में लगातार तेंदुए देखे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बीते दिनों ज्योली और भद्ययूनी में वन्य जीव के हमले से दो लोगों की मौत हो चुकी है। ऐसे में ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। उन्होंने कहा कि ऐसे में एक तेंदुए के कैद होने के बाद भी ग्रामीणों में भय का माहौल है। उन्होंने वन विभाग से क्षेत्र में गश्त के साथ पिंजरे लगाए रखने को कहा है। मामले में नैनीताल वन प्रभाग के प्रभागीय वनाधिकारी आकाश गंगवार ने कहा कि मंगलवार को पकड़े गए तेंदुए को रानीबाग रेस्क्यू सेंटर भेजा गया है साथ ही वन कर्मियों की टीम क्षेत्र में गश्त कर रही है। उन्होंने कहा कि आदमखोर वन्य जीव को पकड़ने के लिए भी विभाग के स्तर से कार्रवाई चल रही है।

# आज नैनीताल पहुंचेंगे ओम बिरला

## एटीआई में लोकसभा अध्यक्ष के दो अहम संवाद कार्यक्रम

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला बुधवार (आज) नैनीताल पहुँचेंगे, जो अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बुधवार (आज) को उत्तराखंड प्रशासनिक अकादमी (एटीआई) में आयोजित कार्यक्रम में वन पंचायत प्रतिनिधियों के साथ संवाद करेंगे।

पंचायती राज संस्थाओं और शहरी स्थानीय निकायों के निर्वाचित प्रति. निधियों के साथ बैठक कर उनकी समस्याएं और सुझाव सुनेंगे। कार्यक्रम के बाद लोकसभा अध्यक्ष मां नैना देवी मंदिर में दर्शन-पूजन करेंगे जिसके बाद वह नैनीताल के स्थानीय दर्शनीय स्थलों का भ्रमण करेंगे। ओम बिरला के नैनीताल कार्यक्रम को देखते हुए मंगलवार को सांसद अजय भट्ट और मुख्य



विकास अधिकारी अरविन्द कुमार पांडे ने एटीआई परिसर का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और सभी तैयारियां समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। बातचीत करते हुए सांसद अजय भट्ट ने कहा कि लोकतंत्र के मंदिर लोकसभा के सर्वोच्च अधिकारी अध्यक्ष ओम बिरला की पहली बार नैनीताल भ्रमण पर आ रहे हैं जो नैनीताल में वन पंचायत के सदस्यों और स्थानीय निकायों पंचायत के साथ संवाद करेंगे। इस दौरान स्थानीय प्रतिनिधि भी उनसे अपनी समस्याओं और सुझावों को साझा करेंगे। भट्ट ने कहा की लोकसभा अध्यक्ष देश में पहली बार इस तरह की चर्चा की शुरुआत देवभूमि नैनीताल से कर रहे हैं जो एक गर्व की बात है जो आने वाले समय में देश के अन्य राज्यों में भी इस तरह के कार्यक्रम होंगे। इस दौरान अजय भट्ट ने बताया कि लोकसभा अध्यक्ष विश्व प्रसिद्ध बाबा नीम करोली महाराज के दर्शन को भी जाएंगे। बताया वह नैनीताल के होटल एसोसिएशन, शहर के सभी राजनी. तिक दलों के साथ भी मुलाकात कर उनकी समस्याओं को जानेंगे। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिक. री विवेक राय, संयुक्त निदेशक शहरी विकास अवधेश कुमार, एटीआई के संयुक्त निदेशक महेश कुमार, उप जिलाधिकारी नवाजिश खलिक, ईओ रोहिताश शर्मा सहित सांसद प्रतिनिधि गोपाल सिंह रावत समेत कई अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## एक नजर....

### पंत पार्क में पालिका ने शुरु किया सत्यापन

**नैनीताल।** नगरपालिका की टीम की ओर से पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल और अधिशासी अधिकारी रोहिताश शर्मा के दिशा निर्देश परफड़ कारोबारियों का सत्यापन शुरू कर दिया गया है। पंत पार्क से पालिका कार्यालय तक फड़ कारोबारी अपनी दुकानें लगाते हैं जिनका सत्यापन पालिका की ओर से किया जा रहा है तथा सत्यापन पूरा होने के बाद यदि कोई अवैध रूप से फड़ लगता पाया जाता है तो उसके विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। पालिका के कर निरीक्षक वेद प्रकाश सैनी ने बताया कि इस क्षेत्र में कुल 196 फड़ कारोबारियों को फड़ लगाने की अनुमति है जिसमें 121 लाइसेंस धारक और साथ ही हाईकोर्ट वाले और टोकन वाले कारोबारी भी अपने फड़ लगते हैं। पालिका की ओर से सभी के सत्यापन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है और सत्यापन के बाद यदि कोई अवैध रूप से फड़ लगता पाया जाता है तो उसके विरुद्ध नियमानुसार हटाने की कार्यवाही की जाएगी।

### पर्यावरण प्रेमी गुरुरानी ने पौधरोपण किया

**नैनीताल।** उत्तराखंड क्रांति दल अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के कुमाऊं मंडल अध्यक्ष राज्य निर्माण सेनानी दिनेश गुरुरानी द्वारा राज्य में चलाया जा रहा अनूठा पौधारोपण अभियान मंगलवार को 652वें दिन भी जारी रहा। पौधारोपण अभियान के 652वें दिन डीडीहाट स्थित अपने आवास परिसर में अपने पिताजी स्वर्गीय तारा दत्त गुरुरानी की स्मृति में स्मृति पौध लगाया। दिनेश गुरुरानी ने कहा कि उनका पौधारोपण अभियान जारी रहेगा।

### भंडार से निर्गत हुआ माह जून तक का राशन

**नैनीताल।** शासन से प्राप्त निर्देशों के क्रम में माह अप्रैल में सभी राशन कार्ड धारकों को तीन माह यानि अप्रैल मई और जून का राशन वितरण किया जाना है। बता दें क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी सुरेन्द्र सिंह बिष्ट जिनके पास राजकीय खाद्यान्न भंडार बेतालघाट का अतिरिक्त प्रभार भी है उनके द्वारा शासन की मंशा के अनुरूप बेतालघाट गोदाम से संबद्ध सभी सरकारी सस्ता गल्ला विक्रेताओं को माह जून तक का राशन सभी राशन कार्ड धारकों के लिए वितरित कर दिया गया है । उन्होंने सभी राशन डीलरों को निर्देशित किया है कि वे नियमानुसार सभी राशन कार्ड धारकों को तीन माह का खाद्यान्न बायोमैट्रिक ऑथेंटिकेशन के अनुसार वितरण करना सुनिश्चित करें।

### अवैध रूप से संचालित टैक्सियों पर शिकंजा

**नैनीताल।** नैनीताल में लंबे समय से चल रही अवैध टैक्सी और रेंटल बाइक संचालन पर आखिरकार प्रशासन ने सखती दिखा दी है। जिलाधिकारी के निर्देश के बाद परिवहन विभाग ने मंगलवार को नैनीताल नगर में बड़ा चेकिंग अभियान चलाकर 219 वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की। बता दें संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) अरविंद पांडे के नेतृत्व में 6 टीमों ने पुलिस के साथ संयुक्त अभियान चलाया। अभियान के दौरान 53 रेंटल बाइक समेत 90 टैक्सी/मैक्सी और 25 भार वाहनों सहित कुल 219 वाहनों का चालान किया गया। इसके अलावा 10 वाहनों को मौके पर ही सीज किया गया जबकि 49 वाहनों के परमिट से जुड़े मामलों में भी कार्रवाई की गई। आरटीओ अरविंद पांडे ने बताया कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी इसी तरह सख्त अभियान जारी रहेगा ताकि यातायात व्यवस्था दुरुस्त रहे और सड़क सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

### जमीन पर कब्जा, जान की धमकी का आरोप

**नैनीताल।** नगर के मल्लीताल क्षेत्र के एक व्यक्ति ने कुछ लोगों पर उसकी जमीन पर कब्जा करने, तोड़फोड़ करने और जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर सौंपकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। तहरीर के अनुसार ग्राम बगड पटी तहसील व जिला नैनीताल निवासी प्रार्थी मोहन सिंह किरौला ने बताया कि उसकी पुश्तैनी जमीन और मकान पर गांव के ही कुछ लोग जबरन कबजा करने का प्रयास कर रहे हैं। आरोप है कि संबंधित लोग आए दिन जमीन पर पहुंचकर तोड़फोड़ करते हैं और वहां रखी लकड़ी आदि सामान भी उठा ले गए हैं। आरोपियों की ओर से उसकी जमीन पर जबरन तारबाड़ लगाई गईए जिसे बाद में तोड़ दिया गया। साथ ही उसे अपनी ही जमीन पर आने से रोका जा रहा है। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी जा रही हैए जिससे वह और उसका परिवार दहशत में है। बताया कि आरोपियों द्वारा प्रार्थी के साथ मारपीट की गई और उसके मकान में चोरी की घटना भी हुई है। पूरे मामले से उसके जान माल को खतरा उत्पन्न हो गया है। पीड़ित ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। कोतवाल हेम पंत ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### अज्ञात महिला व कार चालक के खिलाफ केस दर्ज

**नैनीताल।** दिसंबर 2025 में मंगोली के समीप तेज रफ्तार कार की टक्कर से घायल बाइक सवार दंपति ने कोतवाली में शिकायत कर मामले में कार्रवाई की मांग की। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोटाबाग निवासी तरुण छिमवाल ने शिकायत करते हुए कहा है कि वह अपनी पत्नी मोनिका छिमवाल के साथ 11 दिसंबर 2025 को मोटरसाइकिल से घोड़ाखाल मंदिर जा रहे थे। आरोप है कि मंगोली से करीब दो किलोमीटर आगे नैनीताल की ओर एक अल्टो कार संख्या यूके 08 आर 2398 को एक महिला तेज गति और लापरवाही से चला रही थी जिसने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया कि टक्कर के बाद महिला चालक के पति ने उनके साथ अभद्रता की और मदद करने के बजाय उन्हें सड़क पर ही तड़पता छोड़ दिया।

# ज्योली क्षेत्र में वन्यजीव का खौफ बरकरार

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** जिले के भीमताल विकास खंड के तहत ज्योली क्षेत्र में 22 अप्रैल को वन्यजीव के हमले में महिला की मौत के सात दिन बाद भी विभाग को हमलावर जानवर का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। जंगलों में लगाए गए ट्रैप कैमरों से भी अब तक कोई ठोस जानकारी नहीं मिल सकी है हालांकि वन विभाग की टीमें लगातार वन्यजीव की खोजबीन में जुटी हुई हैं। डीएफओ आकाश गंगवार ने बताया कि ज्योली, भीमताल, जून स्टेट और सूर्यागांव क्षेत्र आपस में जुड़े हुए हैं जिसके चलते वन्यजीव की मूवमेंट इन इलाकों में बनी हुई है। इसी को देखते हुए साततल क्षेत्र में एक और पिंजरा लगाया गया है साथ ही ट्रैंकुलाइजर टीम को भी तैनात किया गया है ताकि जरूरत पड़ने पर तत्काल कार्रवाई की जा सके। उधर क्षेत्र में वन्यजीव के आतंक के चलते ग्रामीणों की दिनचर्या पूरी तरह प्रभावित हो गई है। शाम ढलते ही लोग घरों में कैद हो रहे हैं और बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है और वे जल्द से जल्द वन्यजीव को पकड़ने की मांग कर रहे हैं।

### हाईकोर्ट में याचिका निरस्त

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने ऊधम सिंहनगर के बाजपुर में नगर. निगम के द्वारा बनाये गए शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के भूतल को हाट बाजार लगाने और पार्किंग को न देकर उसमे दुकानें बनाकर लीज पर दिए जाने को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद मुख्य न्यायधीश मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्यय की खंडपीठ ने जनहित याचिका को निरस्त कर दिया। मंगलवार को हुई सुनवाई पर कोर्ट ने याचिकाकर्ता से पूछा कि यह निर्णय 2015 में लिया गया था। आप इतने सालों के बाद कोर्ट में आए हैं। जिस पर याचिकाकर्ता की तरफ से कहा गया कि वे इस संबंध कई बार प्रत्यावेदन देते आये हैं और 2015 में भी जनहित याचिका दायर हुई थी जिसपर कोर्ट ने कहा कि 2015 से अब कोर्ट की शरण में आना उचित नहीं है।

# सेंट जोन्स स्कूल में सहज़ योग ध्यान

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** सेंट जोन्स स्कूल में विद्यार्थी जीवन में सहजयोग ध्यान पद्धति का विशेष योगदान व लाभ विषय पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कर्नल वीरेन्द्र तिवारी ने विद्यार्थियों को सहजयोग ध्यान के महत्व और उसके व्यावहारिक लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नियमित ध्यान से सकारात्मक सोच विकसित होती है। अध्ययन में एकाग्रता बढ़ती है तथा मानसिक तनाव से मुक्ति मिलती है। सहजयोग ध्यान के माध्यम से व्यक्ति शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक रूप से संतुलित जीवन जी सकता है। उन्होंने कहा कि ध्यान कोई करने की क्रिया नहीं, बल्कि एक ऐसी अवस्था है जिसमें व्यक्ति स्वत: पहुंच जाता है। कर्नल तिवारी ने बताया कि जब



व्यक्ति भूतकाल या भविष्य की चिंताओं में उलझ जाता है तो तनाव उत्पन्न होता है, जिससे असंतुलन पैदा होता है। सहजयोग ध्यान से व्यक्ति निर्विचार अवस्था प्राप्त कर वर्तमान में जीना सीखता है। इस अवसर पर निर्मला देवी द्वारा 5 मई 1970 को गुजरात के नारगोल से सहजयोग की शुरुआत का उल्लेख करते हुए बताया गया कि आज यह पद्धति 150 से अधिक देशों में लाखों लोगों द्वारा अपनाई जा रही है। कार्यक्रम में उपस्थित 129 विद्यार्थियों, शिक्षकों और स्टाफ को कुंडलिनी जागरण एवं आत्मसाक्षात्कार का अनुभव कराया गया। इस दौरान विद्यालय की प्रधानाचार्य विनीता रावत, उपप्रधानाचार्य पूनम बिष्ट, ज्योति त्रिपाठी, अनीता बोरा, किरण मेर, चिकित्सा अधिकारी डा. वीरेन्द्र मिश्रा, राज्य नारी सशक्तिकरण समन्वयक तृप्ति तिवारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# वन्यजीवों से सुरक्षा देने में सरकार नाकाम

## कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल पहुंचे ज्योली गांव, परिवार को ढांढस बंधाया

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** जिले के भीमताल विकास खंड के ज्योलीकोट क्षेत्र के ज्योली गाँव में बाघ के हमले में स्थानीय निवासी हेमा पांडे की दुखद मृत्यु पर शोक व्यक्त करने मंगलवार को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल गाँव पहुँचे।

उन्होंने शोक संतप्त परिजनों से भेंट कर उन्हें सांत्वना दी और इस घटना को अत्यंत हृदयविदारक एवं पीड़ादायक बताया। प्रदेश सरकार के रवैये पर कड़ा प्रहार करते हुए श्री गोदियाल ने कहा कि उत्तराखंड में वन्य जीवों के हमले लगातार बढ़ रहे हैं लेकिन सरकार और प्रशासन केवल बयानबाजी तक सीमित हैं। उन्होंने कहा प्रदेश में जनता की जान



की कोई कीमत नहीं रह गई है। सरकार वन्यजीव संघर्ष को रोकने के लिए ठोस कार्रवाई करने के बजाय सोई हुई है। हम लगातार मांग कर रहे हैं कि इस समस्या को प्राथमिकता दी जाए ताकि आम जनता की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके लेकिन धरातल पर परिणाम शून्य हैं।

मुलाकात के दौरान ग्रामीणों ने कांग्रेस अध्यक्ष को बताया कि वन विभाग की ओर से मिलने वाली सहायता और सुरक्षा के नाम पर केवल खानापूर्ति की जा रही है। विभाग ने मात्र एक बार चारा वितरण किया जबकि गैस वितरण न होने के कारण लोग जंगल जाने को मजबूर हैं। स्कूली बच्चों और आम जनता की आवाजाही पर लगातार खतरा बना हुआ है। मुख्य मार्ग पर बाघ के पदचिह्न मिलने के बाद से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। पूर्व जिला पंचायत सदस्य संजय साह तथा हिमांशु पांडे ने आरोप लगाया कि वन विभाग केवल चेतावनी बोर्ड लगाकर अपनी जिमेदारी से पल्ला झाड़ रहा है जबकि बाघ को पकड़ने या क्षेत्र को सुरक्षित करने के कोई प्रयास नहीं दिख रहे। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल, यूथ कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव मीमांसा आर्या, नीरज तिवारी, हिमांशु पांडे, ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र सिंह कोटलिया, सूरज पांडे तथा संजय साह सहित कई कांग्रेस पदाधिकारी और स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

# डीएसबी परिसर बना विजेता

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** डीएसबी परिसर नैनीताल इलेवन तथा कुमाऊं यूनिवर्सिटी इलेवन के मध्य मंगलवार को डीएसए मैदान में क्रिकेट सद्भावना मैच खेला गया। बता दें टी ट्वेंटी मुकाबले में डीएसबी परिसर ने निर्धारित 20 ओवर में 123 रन बनाए। जवाब में लक्ष्य का पीछा करते हुए कुमाऊं विश्वविद्यालय इलेवन के खिलाड़ियों की टीम 116 रन बनाकर 19 वें ओवर्स में आउट हो गई। इस प्रकार यह सद्भावना क्रिकेट मुकाबला डीएसबी परिसर ने 7 रनों से जीत लिया। मैच की समाप्ति के बाद डीएसए के महासचिव मनोज जोशी ने डीएसबी परिसर को विनर्स तथा कुमाऊं यूनिवर्सिटी को रनर्स अप ट्राफी प्रदान की तथा सभी को शुभकामनाएं दी। इस मौके पर प्रो. अमित जोशी ने 40 रन बनाए उन्हें बेस्ट बेस्टमैन हेतु पुरस्कृत किया गया जबकि डा. अशोक कुमार म्यूजिक विभाग ने 4 विकेट लिए उन्हें बेस्ट बॉलर हेतु पुरस्कृत किया गया तथा ट्राफी प्रदान की। डीएसबी के कप्तान प्रो. अमित जोशी ने टॉस जीता तथा पहले खेलने का निर्णय लिया। डा. अलंकार ने 23 रन बनाए। कुमाऊं विश्वविद्यालय की तरफ से अनिल देव ने 31 जबकि डा. अशोक टूरिज्म ने 17 तथा अनिल ने 16 रन बनाए। आंखो देखा हाल प्रबंधक प्रो. ललित तिवारी ने सुनाया। अंपायर आयुष रावत, राज मिश्रा तथा स्कोरर सूरज एवं वरुण रहे। पुष्कर ने तीन विकेट लिए। इस मौके पर डा. हृदेश कुमार, प्रदीप कुमार, डा. मोहित रौतेला, डा. महेंद्र राणा, डा. नंदन बिष्ट, डा. संजय घिल्डियाल, उमेद, डा. रितेश साह, लाल सिंह, चारु, अनीता रावत, शिखा, अतुल, डा. जोशी, डा. पीएस अधिकारी, हर्षवर्धन चौधरी, डा. विजय कुमार, नवल बिनवाल, डा. दीपक मेलकानी, डा. मनोज बिष्ट तथा जय सिंह व गब्बर आदि खिलाड़ी मैच में शामिल हुए।

# सचिवालय देहरादून ने झटकी ट्राफी

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** पर्यटन नगरी नैनीताल में आयोजित 14वीं ज्यूडिशियल क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य और रोमांचक समापन हुआ। फाइनल मुकाबले में सचिवालय देहरादून ने शानदार प्रदर्शन करते हुए व्यापार मंडल को पटखनी दी और खिताब अपने नाम किया।

मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी व्यापार मंडल की टीम निर्धारित 19 ओवरों के मैच में संघर्ष करती नजर आई और पूरी टीम 153 रनों पर सिमट गई। 154 रनों के चुनौतीपूर्ण लक्ष्य का पीछा करने उतरी सचिवालय देहरादून की टीम को आशुतोष ने तूफानी शुरुआत दिलाई। आशुतोष की 63 रनों की आतिशी पारी की बदौलत टीम ने 18. 1 ओवरों में मात्र 5 विकेट खोकर



खिताबी जीत दर्ज कर ली।

पुरस्कार वितरण समारोह में उत्तराखंड हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति आलोक मेहरा ने मुख्य अतिथि के रूप में विजेताओं को ट्राफी प्रदान की। व्यक्तिगत पुरस्कारों में शानदार प्रदर्शन के लिए आशुतोष को मैन आफ द सीरीज चुना गया। इसके अलावा अर्पित को सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज, अजीत को सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज और दीपक पुंडी को बेस्ट कीपर का पुरस्कार मिला जबकि व्यापार मंडल के जुनैद को सर्वश्रेष्ठ फील्डर घोषित किया गया। इस मौके पर प्रतियोगिता के आयोजक सचिव जेके लखेड़ा समेत डीएसए के महासचिव मनोज जोशी समेत रवि जोशी, भुवन बिष्ट, पंकज बर्गली, दीप कुंवर, नरेंद्र तथा प्रेम सिंह रावत आदि मौजूद रहे।

# पिथौरागढ़ डीएम खनन में लगी भारी मशीनों को बंद कराएं

## सरयू और राम गंगा नदी के संगम से सटे पट्टों में खनन मामले पर हाई कोर्ट में सुनवाई

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने पिथौरागढ़ के सरयू और रामगंगा नदी के संगम से सटे पट्टों पर पट्टाधारकों के द्वारा खनन कार्य करने के लिए किये जा रहे भारी मशीनों का उपयोग करने को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी और न्यायमूर्ति सिद्धार्थ साह की खंडपीठ ने जनहित याचिका को निस्तारित करते हुए जिलाधिकारी पिथौरागढ़ को निर्देश दिए हैं कि खनन कार्य में लगी पोकलैंड तथा जेसीबी सहित अन्य भारी मशीनों को शीघ्र बंद कराएं। कोर्ट ने जिला अधिकारी से यह भी सुनिश्चित करने को कहा है कि खनन पट्टाधारक खनन के उद्देश्य से पोकलैंड तथा जीसीबी और अन्य कोई भारी मशीनों का उपयोग न करें। कोर्ट ने जिलाधिकारी से यह भी कहा है कि वे स्वयं या अपने अधीनस्थ अधिकारियों जिनका रैंक तहसीलदार से कम न हो उनसे कहें कि वे खनन के पट्टों का समय समय पर औचक निरीक्षण करें। मामले के अनुसार रोहित महरा निवासी रारी खूंटी जिला पिथौरागढ़ ने जनहित याचिका दायर कर कहा है कि सरयू और रामगंगा के संगम से से खसरा संख्या 236(टू), 71 (तीन), खाता संख्या 1343, 1350, 1351 में खनन पट्टे प्राप्त पटेधारकों के द्वारा जेसबी एपोकलैंड सहित अन्य भारी मशीनों के द्वारा खनन कार्य किया जा रहा है जो खनन नियमावली 2001, 2017 और संशोधित नियमावली 2025 के विरुद्ध है। इसलिए इसपर रोक लगाई जाए। हुई सुनवाई के समय राज्य सरकार की तरफ से कहा गया कि पट्टाधारकों को भारी मशीनों से खनन करने की अनुमति नही है। भारी मशीनों से खनन करने की अनुमति केवल ड्रेजिंग के मामलों में अनुमन्य है। वह भी कुछ शर्तों के साथ। पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने जिला अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि खनन में लगे भारी मशीनों को शीघ्र बन्द कराएं।

### वेतन के पुनर्निर्धारण का शासनादेश निरस्त

हाईकोर्ट ने स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत और सेवानिवृत स्टाफ नर्सों के वेतन का सरकार के द्वारा पुननिर्धारण कर उनको पूर्व में दिए गए उच्चीकृत वेतन की रिकवरी करने के शासनादेश को चुनौती देती याचिकाओं पर सुनवाई की। सुनवाई के बाद वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की एकलपीठ ने वेतन के पुनर्निर्धारण के शासनादेश को नियम विरुद्ध पाते हुए उसे निरस्त कर दिया है। उनको पूर्व में दिए गए उच्चीकृत वेतन की रिकवरी 6 माह के भीतर उन्हें वापस देने को कहा है। कोर्ट ने सरकार से यह भी कहा है कि अगर वेतन पुनर्निर्धारण से सबंधित कुछ बचा है तो उसे तीन माह के भीतर निस्तारित करें।

**हाईकोर्ट ने सरकार व थाने को दी 2 मई तक की मोहलत**

हाईकोर्ट ने पिछले वर्ष ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी भीमताल जिला नैनीताल में बीसीए दूसरे वर्ष की छात्रा लखनऊ निवासी वैश्वी तोमर की हॉस्टल के कमरे में हुई संदिग्ध मौत की जांच कराए जाने के मामले पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की एकलपीठ ने राज्य सरकार सहित थाने से यह बताने को कहा कि आखिर मौत की जानकारी संबंधित क्षेत्र के मजिस्ट्रेट को क्यों नहीं दी गयी। शनिवार 2 मई को कोर्ट को अवगत कराएं।

# नैनीताल के अधिवक्ता की मौत पर उठे सवाल

## आत्महत्या की थ्योरी पर संदेह गहराया, सुसाइड नोट, घटनास्थल की परिस्थितियां और सबूत संदिग्ध

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** नैनीताल के दिवंगत अधिवक्ता पूरन सिंह भाकुनी की मौत ने कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं हालांकि कार से मिले सुसाइड नोट के आधार पर इसे पुलिस की ओर से आत्महत्या बताया जा रहा है लेकिन घटनास्थल की परिस्थितियां इस निष्कर्ष पर संदेह पैदा कर रही हैं। मामले में अब प्राथमिकता से पोस्टमार्टम (पीएम) रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है जिसके बाद ही स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो सकेगी।

इधर अधिवक्ताओं ने इस मामले में सूक्ष्म स्तर पर जांच की मांग उठाई है। जिला शासकीय अधिवक्ता सुशील कुमार शर्मा ने कहा कि केवल सुसाइड नोट के आधार पर किसी की मौत को आत्महत्या करार देना जल्दबाजी होगी। उन्होंने कई बिंदुओं पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि घटना के दौरान गोली चलते किसी ने नहीं देखा। उन्होंने बताया कि गोली लगने के बाद मृतक का कार में आराम से बैठा होना भी संदेह पैदा करता है। सुसाइड नोट आगे डैशबोर्ड पर मिला जबकि मृतक पीछे की सीट पर था। इसके अलावा जिस समय गोली चलाई गई उस दौरान लाइसेंस भी कार में ही मौजूद था। सबसे अहम बात यह है कि गोली लगने के बावजूद कार के अंदर खून के छींटे नहीं पाए गए जबकि गोली सिर से आर पार हो गई। वहीं सामान्य परिस्थितियों में गोली चलने के बाद रिवाल्वर झटके से दूर गिरनी चाहिए थी लेकिन वह मृतक के दाहिने हाथ पर इस तरह रखी मिली मानो किसी ने उसे वहां रखा हो। सुशील शर्मा ने यह भी कहा कि अब तक सुसाइड नोट की हैंडराइटिंग का मिलान नहीं हुआ है। सुसाइड नोट किन परिस्थियों में लिखा गया है यह भी एक सवाल है। ऐसे में उन्होंने पुलिस से निष्पक्ष और गहन जांच की मांग की है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है लेकिन अधिवक्ताओं के संदेह के चलते यह मामला संदिग्ध नजर आ रहा है। सभी की नजरें अब पीएम रिपोर्ट पर टिकी हैं जिससे मौत के कारणों का खुलासा होने की उममीद है। मामले में एएसपी डा. जगदीश चंद्रा ने कहा कि कार से मिले सबूतों व सुसाइड नोट के आधार पर मृतक ने आत्म हत्या की है इस बात की पुष्टि हो रही है लेकिन अधिवक्ता के सुसाइड नोट की हैंडराइटिंग का मिलान कराया जाएगा।

### युवक की हत्या का मामला: तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज

**नैनीताल।** नगर के तल्लीताल में सामने आया युवक की हत्या का मामला अब दोस्ती पर ही बड़े सवाल खड़े कर रहा है, जिनके साथ बैठकर युवक ने खाना खाया और शराब पी वही दोस्त उसकी मौत की वजह बन गए। युवक की गुमशुदगी का मामला हत्या में बदलने के बाद पुलिस ने मामले में तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। बता दें कुमाऊं मंडल के अल्मोड़ा जिले के तहत रानीखेत तहसील के विकास खंड ताड़ीखेत के ग्राम दुभणा पोस्ट आफिस देवलीखेत निवासी बाला दत्त उपाध्याय ने तल्लीताल थाने में दी तहरीर देते हुए कहा है कि उनका भाई दिनेश उपाध्याय (33) भुजियाघाट स्थित एक रिसोर्ट में कार्यरत था। 23 अप्रैल को वह अपने सहकर्मी रोहित बिष्ट के साथ नैनीताल घूमने गया था जहां रोहित ने अपने दो दोस्तों कमल सिंह बिष्ट और रोहित सिंह बिष्ट से उसकी मुलाकात कराई। बताया गया कि उसी रात करीब 8 बजे के बाद से दिनेश का परिवार से संपर्क नहीं हो पाया। कहा कि 23 अप्रैल को होटल प्रबंधन द्वारा उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई गई लेकिन 26 अप्रैल तक उसका कोई सुराग नहीं लग सका। 27 अप्रैल को मामले में नया मोड़ तब आया जब आरोपी कमल सिंह बिष्ट ने बताया कि चारों ने साथ बैठकर शराब पी और खाना खाया। इसी दौरान किसी बात को लेकर विवाद हुआ जिसके बाद तीनों ने मिलकर दिनेश के साथ मारपीट की और उसे पहाड़ी से नीचे धक्का दे दिया। इसके बाद की गई खोजबीन में दिनेश का शव सड़क से लगभग 90 मीटर नीचे खाई में बरामद हुआ।

# टीवी, प्रसव व लिंगानुपात व शिशु हेल्थ को लेकर हुई बैठक

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** पंचायती राज विभाग, आईसीडीएस विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त बैठक मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में आयोजित की गई जिसमें मुख्य रुप से टीवी मुक्त भारत अभियान तथा संस्थागत प्रसव, लिंगानुपात व किलकारी योजना व कृमि मुक्ति दिवस पर चर्चा की गई। बैठक में डा. संजीव खर्कवाल (अपर मुख्य चिकित्साधिकारी) द्वारा पंचायत राज एवं आईसीडीएस विभाग से अपेक्षा की गई की ग्रामों में घर पर हो रहे प्रश्नों की जटिलता के विषय में लोगों को अवश्य जागरूक किया जाए। ग्राम स्तर पर आयोजित बैठकों में ग्राम प्रधानों तथा ग्राम पंचायत सदस्यों के माध्यम से जानकारियां प्रदान करते हुए अस्पताल में हो रहे प्रसवों के दौरान मिलने वाली सुविधाओं के विषय में बताया जाए। कहा कि 7 मई को समस्त सरकारी एवं गैर सरकारी स्कूलों के साथ आंगनबाड़ियों में आयोजित होने वाले कृमि मुक्ति दिवस के विषय में बताते हुए कहा गया कि एक व दो वर्ष के बच्चों को आधी गोली एल्बेंडाजोल और तीन वर्ष से 19 वर्ष तक के बच्चों को पूरी गली एल्बेंडाजोल की दी जानी है। जो बच्चे 7 मई को छूट जाते हैं उन बच्चों को माप अप डे 14मई को यह गोलियां स्कूलों और आंगनबाड़ी के माध्यम से प्रदान की जाएगी। बैठक में डीटीओ डा. राज. ेश ढकरियाल ने अपेक्षा की कि टीवी मुक्त अभियान के तहत लगाई जा रहे शिविरों में पूर्ण सहयोग करें। किलकारी कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु विभागीय समन्वय की बात को आगे बढ़ाते हुए मदन मेहरा जिला कार्यक्रम प्रबंधक व पंकज तिवारी जिला डाटा मैनेजर द्वारा बैठक में चर्चा के दौरान बताया कि भारत सरकार द्वारा संचालित किल. कारी कार्यक्रम को बढ़ावा देने के लिए जनपद नैनीताल में विभागीय समन्वय की शुरुआत की गयी है। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिक. ारी अनुलेखा बिष्ट, कार्यक्रम अधिकारी किलकारी मनोज सिंह, पंचायती विभाग से पूजा मेहरा, दीवान बिष्ट, हेम जलाल, पूर्णिमा जंतवाल, अवनीश डसीला तथा बसंत गोस्वामी आदि उपस्थित रहे।

### भारतीय शिक्षा बोर्ड के प्रांतीय कार्यालय का लखनऊ में दिव्य उद्घाटन

# जहां स्वामी रामदेव जैसा संत हो, वह विश्वव्यापी पैर पसारेगाः शिक्षा मंत्री



### आतंकी और व्याभाचारी नहीं होगा भारतीय शिक्षा बोर्ड का पढ़ा कोई बच्चाः स्वामी रामदेव' भारतीय शिक्षा बोर्ड किसी धर्म, पंत या महज का नहीं, 150 करोड़ भारतीयों काः एनपी सिंह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार/लखनऊ।** भारतीय शिक्षा बोर्ड के प्रांतीय कार्यालय का दिव्य उद्घाटन उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री माध्यमिक शिक्षा गुलाब देवी, स्वामी रामदेव, विशिष्ट अतिथि डा. एनपी सिंह सहित संतों के सानिध्य में दीप प्रज्वलित करके किया गया। प्रांतीय कार्यालय क्रिश्चियन कॉलेज लखनऊ के प्रांगण में खुला है। इस अवसर पर स्वामी रामदेव ने कहा कि जिस तरह से योग क्रांति की शुरुआत हुई थी, ठीक उसी तरह उत्तरप्रदेश की लखनऊ की इस धारा से शिक्षा की क्रांति की शुरुआत होने जा रही है। उन्होंने कहा कि भारतीय शिक्षा बोर्ड से पढ़ने वाला कोई बच्चा आतंकवादी और व्यवभाचारी नहीं बनेगा। भारतीय शिक्षा बोर्ड देश ही नहीं दुनिया तक अपनी डंका बजाएगा। उन्होंने कहा कि मैकाले के पाप को हम मिटा कर रहेंगे।

मुख्य अतिथि मंत्री माध्यमिक शिक्षा (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी ने कहा कि अंग्रेजी स्कूलों में जो शिक्षा दी जा रही है, वह दिशाहीन हो चुकी हैं। पाश्चात्य संस्कृति की ओर वह प्रेरित करती हैं। उन्होंने कहा कि इस स्कूल के बच्चे अपने माता-पिता को सुबह उठकर प्रणाम करना भूल चुके हैं। उन्होंने कहा कि स्वामी रामदेव ने भारतीय शिक्षा बोर्ड के तहत जो बीड़ा उठाया है, वह निश्चित तौर पर बच्चों के चरित्र निर्माण करेगा। उन्होंने आश्वस्त किया कि यूपी सरकार से भारतीय शिक्षा बोर्ड के लिए जो भी सहयोग होगा, वह सरकार के स्तर पर की जाएगी। भारतीय शिक्षा बोर्ड तो संतों की लीला है, जहां स्वामी रामदेव जैसे संत हों, वहां का बोर्ड निश्चित तौर पर विश्व स्तर पर अपनी पहचान स्थापित करेगा। स्वामी रामदेव ने कहा कि उन्हें पूरा भरोसा है कि भारतीय शिक्षा बोर्ड से पढ़ने वाले बच्चे आंतकवादी नहीं बनेगी। क्रूर नहीं होंगे, हिंसक नहीं होंगे। मानवीय संस्कृति की हत्या करने वाले नहीं होंगे। आज पूरी दुनिया की स्थिति शिक्षा को लेकर बेहद खराब हो चुकी है। माता-पिता चिंतित है कि उनका बेटा आज की शिक्षा लेकर क्या बनेगा, क्योंकि आज मोबाइल और सोशल मीडिया की वजह से बच्चे डिजिटल एडिक्शन के शिकार हो चुके हैं। इसी दौरान उन्होंने बचपन में एलन मस्क की पिटाई का संदर्भ भी जोड़ा। जिसकी वजह से आज भी उनमें कहीं न कहीं गुस्सा दिखाई देता है। उन्होंने कहा कि मैकाले ने जो पाप किया था, उसे भारतीय शिक्षा बोर्ड के जरिये ही खत्म किया जा सकता है। आज 190 साल बाद मैकाले के पाप को हम याद कर रहे हैं। इसलिए जरूरी है कि 21 वीं सदी में भारतीय शिक्षा बोर्ड से जो यात्रा प्रारंभ हुई है, वह नया भारत का निर्माण करेगी। इसमें सभी की आहुति की जरूरत होगी। स्वामी रामदेव ने कहा कि इस साल एक लाख विद्यालयों को भारतीय शिक्षा बोर्ड से जोड़ा जाएगा। इसमें सबसे अधिक संख्या उत्तर प्रदेश की होगी। उन्होंने कहा कि भारतीय शिक्षा बोर्ड आधुनिक और प्राचीन शिक्षा का बेजोड़ संगम है। इससे देश में अच्छे नागरिक तैयार होंगे। देश ही नहीं, दुनिया तक हम इसे लेकर जाएंगे। 21 वीं सदी का कोई बोर्ड होगा, तो वह भारतीय शिक्षा बोर्ड ही होगा। विशिष्ट अतिथि भारतीय शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन एनपी सिंह ने भारतीय शिक्षा बोर्ड के उद्देश्यों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने शिक्षा बोर्ड के गठन को लेकर भी अहम जानकारी दी और कहा कि भारतीय शिक्षा बोर्ड किसी धर्म, पंत या मजहब का नहीं है। यह सभी 150 करोड़ भारतीयों का बोर्ड है। उन्होंने कहा कि आधुनिक शिक्षा में भारतीय ज्ञान परंपरा का समन्वय को लेकर भारतीय शिक्षा बोर्ड का गठन किया गया है। इस दौरान डा. महेन्द्र सिंह, अवध ओझा ने भी संदेश और शुभकानाएं दी। इस दौरान आचार्य स्वदेश, साध्वी देवप्रिया, पुष्कर द्विवेदी, राकेश, संत आलोक दास आदि मौजूद रहे।

# उत्तराखंड बोर्डः इंटर की मेरिट में मुस्लिम छात्राओं ने भी लहराया कामयाबी का परचम

## कुमाऊं से लेकर गढ़वाल तक अल्पसंख्यक बेटियों ने पेश की मिसाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** तालीम (शिक्षा) के क्षेत्र में मुस्लिम समाज की बेटियां मिसाल पेश कर घर-परिवार का नाम रौशन कर रही हैं। मुस्लिम समाज के लिए यह खुशी का मौका होना चाहिए। उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा के परिणाम में हाई स्कूल और इंटर में मुस्लिम समाज के बच्चों का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा।

इंटरमीडिएट की मेरिट सूची में टॉप 25 मेधावियों की सूची में 105 छात्रों के नाम हैं। इनमें 73 छात्राएं हैं और उसमें भी खास बात यह है कि मुस्लिम अल्पसंख्यक समुदाय से 11 छात्राओं ने अपनी जगह इस सूची में बनाकर घर-परिवार और समाज को गर्व करने का मौका दिया है। यह परिणाम दर्शाता है कि अल्पसंख्यक समुदाय में शिक्षा, विशेषकर बालिक. ाओं की पढ़ाई को लेकर एक बड़ी जागरूकता आई है। कुमाऊं तथा गढ़वाल मंडल के रुड़की, मंगलौर, भगवानपुर और सितारगंज जैसे क्षेत्रों से छात्राओं का मेरिट में आना यह बताता है कि छोटे शहरों और ग्रामीण इलाकों की बेटियां अब बड़े सपने देख रही हैं।

### शानदार सफलता पाने वाली मेधावी बेटियां

**मिस्बा** (96.00 फीसदी) एसएबीएसपी इंटर कालेज, इमलीखेड़ा (रुड़की0 7वीं रैंक।
**मुर्शिदा** (95.60) आदर्श कन्या इंटर कालेज, बाजपुर, ऊधमसिंह नगर 9वीं रैंक।
**रामशा मरियम** (95.40) आरएनआई इंटर कालेज, भगवानपुर (हरिद्वार) 10वीं रैंक।
**इनायत ज़ेहरा** (95.00) जीजीआइसी, मंगलौर हरिद्वार 12वीं रैंक।
**तस्मियां** (95.00) जीजीआइसी, मंगलौर हरिद्वार 12वीं रैंक।
**शिफा** (94.20) जीजीआईसी सितारगंज 16वीं रैंक।
**आफरीन** (94.20) आरकेएलएम आर्या कन्या इंटर कालेज, काशीपुर 16वीं रैंक।
**मंतशा** (93.40) जीजीआईसी. मंगलौर, हरिद्वार 20वीं रैंक।
**आरजू** (93.20) दुर्गा मॉडर्न इंटर कालेज, मंगलौर 21वीं रैंक।
**तानिया खातून** (92.80) आर्या कन्या पाठशाला इंटर कालेज, रुड़की 23वीं रैंक।
**अलीना कुरैशी** (92.80) श्रीमती के. जोशी एम इंटर कालेज, नानकमत्ता 23वीं रैंक।

## खेल समारोह आज, सम्मान कल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** निदेशक समाज कल्याण डा. संदीप तिवारी ने बताया है कि वरिष्ठ नागरिक कल्याण परिषद उत्तराखण्ड द्वारा हल्द्वानी में वरिष्ठ नागरिकों हेतु दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत आज 29 अप्रैल बुधवार को मिनी स्टेडियम हल्द्वानी में वरिष्ठ नागरिकों हेतु खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम के अंतर्गत प्रदेश के समस्त जनपदों में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले वरिष्ठ नागरिकों को कल 30 अप्रैल को सुशीला तिवारी राजकीय मेडिकल कालेज प्रेक्षागृह में मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

# पीएनजी कनेक्शन मिल रहे हैं, लाभ उठाएंः जिलाधिकारी

**हल्द्वानी।** शहर में पीएनजी गैस कनैक्शन हीरा नगर, आकाशदीप कालोनी, बजरंग विहार, उदय भवानी-2, उत्तरांचल विहार, जज फार्म (ब्लाक एबीसीडीईएफ एवं एच), दुर्गापाल गार्डन, मृदुल विहार एवं जोशी कालोनी क्षेत्रों में पीएनजी का संयोजन कर दिया गया है। जिला. धिकारी ललित मोहन रयाल ने बताया कि इन क्षेत्रों में बड़ी संख्या में आवे. दकों द्वारा पीएनजी कनैक्शन हेतु पंजीकरण कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अधिकांश घरों में पाइपलाइन एवं मीटर स्थापित हो चुके हैं। उन्होंने जनता से अपील की है कि ऐसे सभी आवेदक जिन्होंने पीएनजी कनैक्शन हेतु पंजीकरण कराया वह हैल्पलाइन नम्बर 9412087899 पर सम्पर्क कर अपना पीएनजी कनैक्शन सक्रिय, निर्गत कराएं। उन्होंने बताया कि नए उपभोक्ता जिनके घरों में पीएनजी कनैक्शन उपलब्ध है उन्हें घरेलू सिलेन्डर का लाभ नहीं दिया जाएगा। जिलाधिकारी ने समस्त पीएनजी कनैक्शन धारकों से अनुरोध किया है कि जिन लोगों के घरों में पीएनजी कनैक्शन के द्वारा गैस की आपूर्ति की जा रही है वे उपभोक्ता अपना एलपीजी कनैक्शन गैस एजेन्सी में जाकर तत्काल समर्पण कर दें, जिससे कि लोगों को पीएनजी की निर्बाध आपूर्ति का लाभ प्राप्त हो सके।

# मंगलसूत्र उड़ा रही थी मुस्कान

## दूसरी वारदात को अंजाम देने के बाद चढ़ी पुलिस के हत्थे, पति पर मुकदमो का अंबार



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** महानगर के मुखानी थाना क्षेत्र में रिक्शे में बैठी महिलाओं का मंगलसूत्र चुरानी वाली शातिर महिला चोर को पुलिस ने मय चोरी के माल के गिरफ्तार किया है। बता दें कि 26 अप्रैल को दीपा खडायत पत्नी दिवान सिंह खनायत निवासी आरके टेंट हाउस रोड आशियाना ग्रुप कुसुमखेडा ने पुलिस को सौंपी तहरीर में बताया कि वो 9 अप्रैल को कालाढूंगी टैम्पो स्टैण्ड से अपने घर आरके टेण्ट रोड के लिए एक ऑटो में बैठी। उस वक्त तक उसके गले में मंगलसूत्र था। जब घर पहुंची तो मंगलसूत्र गले से गायब। तहरीर में दीपा ने बताया कि जिस ऑटो में वो बैठी थी उसमें एक महिला भी बैठी थी जिसके साथ एक छोटा बच्चा भी था। अधिाक सवारी होने की वजह से वो महिला दीपा से सटकर बैठी थी।

दीपा ने तहरीर में उक्त महिला पर शक जाहिर किया। पुलिस ने दीपा की तहरीर पर कोतवाली हल्द्वानी में मुकदमा बीएनएस की धाारा 305(3) 61(2) पंजीकृत किया। जांच उपनिरीक्षक कृपाल सिंह के सुपुर्द की गयी। घटना का संज्ञान लेकर एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने भी त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक मनोज कत्याल, सीओ अमित कुमार सैनी, कोतवाल विजय सिंह मेहता के नेतृत्व में टीम गठित हुई। टीम ने घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज के अवलोकन से उक्त चोरी की घटना में संलिप्त महिला चोर मुस्कान पत्नी अमित निवासी ब्रजधाम कालोनी थाना हाईवे मथुरा जिला मथुरा उप्र को सोमवार को रोडवेज के स्टेशन हल्द्वानी के पास से गिरफ्तार किया।

पुलिस की पूछताछ में आरोपी महिला ने बताया कि मुखानी में मंगलसूत्र चोरी की यह वारदात पहली नहीं है। इससे पहले भी वो घटना को अंजाम दे चुकी है। पुराना मामला पुलिस ने खंगाला तो यह साबित हो गया। जिसके आधार पर पुलिस ने बीएनएस की धारा 317(2) की बढ़ोत्तरी की। मुस्कान ने बताया कि वह अपने पति के साथ मिलकर चोरी को अंजाम देती है। महिला के पति अमित कुमार पुत्र ओमवीर बालरिया पर आगरा के विभिन्न थानों में कुल 6 आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तार आरोपी मुस्कान के पास से पुलिस ने एक पीली धातु का पैन्डल मय पीली धातु की चेन, एक पीली धातु का पैण्डल लाल मोती 12 दाने पीली धातु काले मोती सहित धागे में पिरोये हुए माला बरामद की हैं। पुलिस टीम में चौकी प्रभारी हीरानगर कृपाल सिंह, थाना मुखानी के उपनिरीक्षक अविनाश मौर्य, हैड कांस्टेबिल मनोज कुमार, कांस्टेबिल रोहित कुमार, महिला कांस्टेबिल राजवती शामिल रहे।

# डीके स्पोर्ट्स की एकतरफा जीत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में अंडर-16 बालक वर्ग की जिला क्रिकेट लीग में मंगलवार को मैच एमएस क्रिकेट ग्राउंड में डीके स्पोर्ट्स और कुमाऊँ क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया। कुमाऊँ क्रिकेट अकादमी की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। अकादमी की पूरी टीम 39वें ओवर में मात्र 87 रन बनाकर आल आउट हो गयी। टीम के लिए अमोघ ने 18, के. पाठक ने 17 और युवराज ने 15 रनों का योगदान दिया। डीके स्पोर्ट्स के गेंदबाज रक्षित ने 3, अनामय पाण्डे और राकेश बिष्ट ने 2-2 विकेट लिए। निर्धारित लक्ष्य का पीछा करने उतरी डीके स्पोर्ट्स की टीम ने हार्दिकराज के 38, भावेश रावत के 25 और युवराज के 19 रनों की मदद से 13वें ओवर में ही 1 विकेट के नुकसान पर 91 रन बनाकर 9 विकेट से मैच जीत लिया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार शानदार गेंदबाजी के लिए रक्षित को दिया गया। अंपायर की भूमिका में भूपेश शाही और ललित कुमार जबकि स्कोरर की भूमिका निकित जोशी ने निभाई। जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष कमल पपनै, किशन अनेरिया, नरेंद्र अधिक. ारी, दिग्विजय कनवाल, मनोज भट्ट, अभिषेक सिंह आदि गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## जेईई मेंस परीक्षा में शौर्य ने किया नाम रोशन

**हल्द्वानी।** सिंथिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्र शौर्य कत्यूरा ने जेईई मेन परीक्षा में 97.6 पर्सेंटाइल हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। शौर्य ने अपनी मेहनत और लगन के दम पर यह सफलता हासिल की। विद्यालय के प्रधानाचार्य डा. प्रविंद्र कुमार रौतेला ने शौर्य को बधाई देते हुए कहा कि निरंतर प्रयास, अनुशासन और समर्पण से ही ऐसे उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त होते है।

### शुद्धि पत्र

11 अप्रैल, 2026 को शाह टाइम्स में छपे नोटिस में विक्रय पत्र सीरियल नंबर 2408 पर, दिनांक "09.07.1991" के स्थान पर दिनांक "09.07.1999" पढ़ा जाए।

**ए. एस. मक्कर (एडवोकेट), मोबाइल नंबर- 8859996999, ऑफिसः D-89 रेस कोर्स, देहरादून, उत्तराखंड।**

### खोया पाया

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी 10वीं की मार्कशीट व सर्टीफिकेट जिसका रोल नं0.0202347 वर्ष 2013 है, की मूल प्रति वास्तव में कहीं खो गई है।

**खुशनुमा आलम पुत्री मेहताब आलम**
**49 नाला पानी रोड़ देहरादून।**
**मो.9520358973,989753237**

# आयुक्त के दरबार में समस्याओं का समाधान

## सम्पत्ति की खरीद-फरोख्त में लोगों से सावधानी बरतने की नसीहत दी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** कुमाऊँ आयुक्त एवं मुख्यमंत्री के सचिव दीपक रावत ने मंगलवार को कैम्प कार्यालय में लोगों की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई के दौरान आयुक्त ने स्पष्ट कहा कि भूमि या संपत्ति की खरीद-बिक्री में नकद लेनदेन से बचना चाहिए और भुगतान केवल बैंक के माध्यम से ही करना चाहिए, क्योंकि बैंक रिकॉर्ड ही सबसे मजबूत साक्ष्य होता है। साथ ही उन्होंने आमजन से अपील की कि किसी भी अनरजिस्टर्ड व्यक्ति या निजी साहूकार से ऋण लेने से बचें और केवल अधिकृत बैंक या वित्तीय संस्थानों से ही लोन लें। कालाढूंगी की कविता बाल्मिकी ने शिकायत की कि एक व्यक्ति से 1.50 लाख रुपये का ऋण लेकर ब्याज सहित 2.50 लाख रुपये लौटाने के बावजूद उसकी जमीन अपने नाम करा ली गई। मामले को गंभीरता से लेते हुए आयुक्त ने संबंधित व्यक्ति को एक माह के भीतर 2 लाख रुपये वापस करने के निर्देश दिए। एक अन्य मामले में गीता नेगी ने भूमि की पूरी राशि देने के बावजूद रजिस्ट्री न होने की शिकायत की।

इस पर आयुक्त ने भू-स्वामी और डीलर को 5 मई तक रजिस्ट्री कराने के निर्देश दिए, अन्यथा कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी। खष्टी देवी ने अपने पिता की मृत्यु के बाद पेंशन न मिलने की समस्या रखी, जिसपर मुख्य चिकित्साधिकारी और कोषाधिकारी को शीघ्र पेंशन भुगतान के निर्देश दिए गए। बनभूलपुरा निवासी मो. जाहिद ने बिना आवेदन के उनके नाम पर 80 हजार रुपये का लोन स्वीकृत होने की शिकायत की, जिस पर बैंक अधिकारियों को तुरंत जांच कर समाधान करने को कहा गया। इसके अलावा राजप्रीत कौर की पारिवारिक भूमि विवाद की शिकायत पर पटवारी को खतौनी की जांच के निर्देश दिए गए।

### संबंध-विच्छेद

मेरा पुत्र कपिल नौटियाल व पुत्रवधू श्रीमती मीनाक्षी नौटियाल मेरे कहने-सुनने में नहीं हैं। मैं पुत्र कपिल नौटियाल और पुत्रवधू श्रीमती मीनाक्षी नौटियाल को चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य व लेनदेन के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**श्री महावीर प्रसाद नौटियाल**
**पुत्र स्व. मूर्तिराम नौटियाल**
निवासी:-मकान नं0 A4 गली नं0 14 देवेन्द्र विहार नियर आगापे मिशनरी स्कूल माया मार्केट, गुमानीवाला, ऋषिकेश, जिला देहरादून।

### संबंध विच्छेद सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र शहजाद उसकी पत्नी शाहिबा अंजुम का आचरण मेरे व मेरे परिवार के प्रति ठीक ना होने के कारण मैंने शहजाद व शाहिबा को अपनी तमाम चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध-विच्छेद कर लिया है आज के बाद उक्त दोनों के किसी भी अनैतिक कृत्य व लेन-देन की मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**सईद हसन पुत्र स्व० शब्बीर हसन**
निवासी: ग्राम बादशाहपुर, थाना पथरी, हरिद्वार।

### यूजेवीएन लिमिटेड

मुख्यालय 'उज्जवल' महारानी बाग, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून-248006
दूरभाष संख्याः 0135-2763808, फैक्स नं0 0135-2763508
CIN No. U4101UR2001SGC025866 Website: www.ujvnl.com

पत्रांकः 350 **अल्पकालीन निविदा सूचना** दिनांक 28.04.2026

कार्यालय अधिशासी अभियंता (उ). चीला विद्युत गृह इच्छुक निविदादाताओं से निविदांए आमंत्रित करता है। निविदांओ का संक्षिप्त विवरण निम्नवत है
निविदा सं० :- 01/अ०अ० (उ) /चीला/2026-27
कार्य/पूर्ति /सेवायें का नाम : चीला पावर हाउस में नवनिर्मित 11 के०वी० रुम और बैटरी रुम के लिए विद्युत वायरिंग और संबधित उपकरणो की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिगं का कार्य।
अनुमानित लागत : रू0 22,25,932/- (जी.एस.टी. अतिरिक्त),।
वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथि : 28.04.2026 को 16.00 बजे से
वेबसाईट पर निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि : 12.05.2026 को 11.00 बजे तक
अन्य जानकारी हेतु कृपया वेबसाइट "http://ujvnl.com" देखें।

**अधिशासी अभियंता (उ).**
**चीला विद्युत गृह**

"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

### यूजेवीएन लिमिटेड

मुख्यालय 'उज्ज्वल' महारानी बाग, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून-248006
दूरभाषः 0135-2763808, फैक्स- 0135-2763508
सी0आई0एन0 सं0: U40101UR2001SGC025866 | वेबसाइटः www.ujvnl.com

पत्रांक-357 **ई-निविदा सूचना** दिनांक- 28/04/2026

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (अनु०), छिबरो विद्युत गृह, इच्छुक निविदादाताओं से ऑन लाइन निविदा आमंत्रित की जाती हैं।
**ई०-निविदा (1) सी०एच० (अनु०)-01/2026-27** छिबरो विद्युत गृह में रबर आईटम की आपूर्ति।
**(2) सी०एच० (अनु०)-02/2026-27** छिबरो विद्युत गृह के लिए विविध सामग्री की आपूर्ति।
**अनुमानित लागत** (1) रू० 22,13,980/- (2) रु० 24,48,009/-जी.एस.टी. अतिरिक्त
**वेबसाईट पर निविदा उपलब्धता की तिथिः** 28.04.2026, 18:00 बजे
**वेबसाईट पर निविदा जमा करने की अन्तिम तिथिः** 20.05.2026, 16:00 बजे
अन्य जानकारी हेतु कृपया ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल **"http://uktenders.gov.in"** देखें।

**अधिशासी अभियन्ता (अनु०)**

"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

### सार्वजनिक सूचना/शुल्क भुगतान

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कार्लीगाड के वर्ष 2026 में ग्राम पंचायत द्वारा प्रवेश शुल्क, तालाब, दुकाने, होटल शुल्क निर्धारित किया गया है जिसमे निम्नलिखित दरें तय कि गयी है।
**प्रवेश शुल्क कि दरें:-**1. चार पहिया वाहन- **60रू.** 2. दो पहिया वाहन -**20रू.**
**वार्षिक शुल्क की दरें:-**1. होटल-**5000रू.**, 2. दुकाने-**3000रू.**, 3. तालाब-**1000रू.** यह भी सूचित किया जाता है कि उपरोक्त शुल्क से किसी को भी कोई आपत्ति हुई तो 1 सप्ताह के भीतर स्वयं ग्राम पचांयत कार्लीगाड के लोक निर्माण विभाग अतिथि ग्रह (PWD Guest House) में उपस्थित होकर आपत्ति दर्ज करवाना सुनिश्चित करें।

**(ग्राम प्रधान)**
**ग्राम पंचायत, कार्लीगाड**

# 16वां राष्ट्रीय पसमांदा सम्मेलन संपन्न



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के रवींद्रालय (चारबाग) में ऑल इंडिया मोमिन अंसार सभा का 16वां राष्ट्रीय पसमांदा सामाजिक एवं सियासी वक़ार बचाओ सम्मेलन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस ऐतिहासिक सम्मेलन में उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष ज़हीर आलम अंसारी के कुशल नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने प्रतिभाग कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। सम्मेलन की अध्यक्षता संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद अकरम अंसारी ने की।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज राज्यमंत्री दानिश आज़ाद अंसारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सम्मेलन के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद अकरम अंसारी एवं उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष ज़हीर आलम अंसारी, मध्य प्रदेश के अध्यक्ष हाजी रिजवान अंसारी द्वारा मुख्य अतिथि दानिश आज़ाद अंसारी के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक 8-सूत्रीय मांग पत्र (ज्ञापन) प्रेषित किया गया। इस ज्ञापन में पसमांदा समाज की दशकों पुरानी और जायज़ मांगों को पुरज़ोर तरीके से उठाया गया है। इस सम्मेलन में उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार, दिल्ली, झारखंड, महाराष्ट्र और राजस्थान सहित 15 से अधिक राज्यों के प्रति. निधियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय महासचिव नसीम अंसारी ने किया। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली विभूतियों को सम्मानित भी किया गया।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।
**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**
**देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून**
☎0135-2743363
R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656
मोबाइल-9720007290
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

### यूजेवीएन लिमिटेड

मुख्यालय 'उज्ज्वल' महारानी बाग, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून-248006
दूरभाषः 0135-2763808, फैक्स- 0135-2763508
सी0आई0एन0 सं0: U40101UR2001SGC025866 | वेबसाइटः www.ujvnl.com

पत्रांक-354 **अल्पकालीन निविदा सूचना** दिनांक- 28/04/2026

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (वि० एवं यॉ०), आसन बैराज, 'जलशक्ति भवन', ढकरानी, देहरादून, इच्छुक निविदादाताओ से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित करता है। निविदा का सक्षिप्त विवरण निम्नवत है:
**निविदा सं० T-04/EE(E&M)/ Asan Barrage/ (2026-27)**
**कार्य का नामः** आसन बैराज, ढालीपूर पर बैराज नियंत्रण और निगरानी प्रणाली के लिए रखरखाव कार्य हेतु।
**अनुमानित लागतः** ₹9,81,000.00 मात्र (जी०एस०टी० अतिरिक्त)।
**वैबसाईट पर निविदा की उपलब्धताः** 29.04.2026
**निविदा जमा करने की अन्तिम तिथिः** 15.05.2026 को 11:00 बजे तक।
अन्य जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाइट देखें। निविदा प्रपत्र निगम की वेबसाइट **"www.ujvnl.com"** से डाउनलोड किये जा सकते है।

**अधिशासी अभियन्ता (वि० एवं यॉ०)**

"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

### यूजेवीएन लिमिटेड

मुख्यालय "उज्जवल" महारानी बाग, जी.एम.एस. रोड, देहरादून-248006
दूरभाष : 0135-2763808, फैक्स : 0135-2763508
सी0आई0एन0 सं0 U40101UR2001SGC025866, वेबसाइट : www.ujvnl.com

**RO No. 352** **निविदा सूचना** **Dated : 28/04/2026**

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (अनुरक्षण) व्यासी परियोजना, हथियारी, में इच्छुक निविदादाताओं से मुहरबंद निविदायें आमंत्रित करता है, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत है:
निविदा सं0 : 02/EE(M)/VP/2026-27
कार्य का नाम : व्यासी परियोजना, हथियारी में 1 नग ड्रेनेज, 1 नग डीवाटरिंग पम्प एवं 1 नग फ्लड पम्प व उनके सहायक उपकरणों का वार्षिक अनुरक्षण कार्य।
अनुमानित लागत : रू0 6,77,250.00 (जी0एस0टी0 अतिरिक्त)
वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथि : 28.04.2026 प्रातः 16:00 बजे से
निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि : 20.05.2026 सायं 13:30 बजे तक
अन्य जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाईट देखें। निविदा प्रपत्र निगम की वेबसाइट "www.ujvnl.com" से डाउनलोड किये जा सकते हैं।

**अधिशासी अभियन्ता (अनुरक्षण)**
**व्यासी परियोजना, हथियारी**

"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

## संक्षिप्त समाचार

### फुटबॉल फाइनल में ओमान का मुकाबला ईरान से होगा

**सान्या।** सामी फैल अल-बुलुशी ने हैट्रिक बनाई, जिससे ओमान ने यहां एशियाई बीच गेम्स के बीच सॉकर सेमीफाइनल में सऊदी अरब को एक्स्ट्रा टाइम के बाद 5-4 से हरा दिया। बुधवार को होने वाले फाइनल में ओमान का मुकाबला ईरान से होगा, जिसने दूसरे सेमीफाइनल में फलीस्तीन को 9-1 से हराया। सऊदी टीम 3-1 से पिछड़ने के बाद तीसरे पीरियड में वापसी करते हुए स्कोर 4-4 से बराबर करने में कामयाब रही, मैच एक्स्ट्रा टाइम में चला गया, अल-बुलुशी ने बाइसाइकिल किक के जरिए हैट्रिक पूरी की।

### ज्वेरेव ने मैड्रिड में 9वीं जीत दर्ज की

**मैड्रिड।** अलेक्जेंडर ज्वेरेव सोमवार रात मैड्रिड ओपन में दबाव के बावजूद डटे रहेद्ध उन्होंने मैच के आखिरी पलों में आई थोड़ी सी मुश्किल का सामना करते हुए एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट में अपनी शानदार बढ़त को जारी रखा। दूसरी वरीयता प्राप्त जर्मन खिलाड़ी दूसरे सेट में 5-3 के स्कोर पर मैच खत्म करने वाली सर्विस नहीं कर पाए, जब टेरेंस आत्मान ने मैच का पासा पलटने की कोशिश की, ज्वेरेव ने खुद को संभाला और जीत हासिल की।

### चीन ने कड़ी चुनौती पर जीत हासिल की

**होरसेंस द्धडेनमार्कत्रऋ।** चीन की पुरुष और महिला दोनों टीमों ने 2026 थॉमस और उबेर कप फाइनल में कड़े मुकाबले में जीत दर्ज की, और व्यस्त कार्यक्रम तथा देर रात की मुश्किलों पर काबू पाया। थॉमस कप के ग्रुप ए के दूसरे दौर में, चीन ने कनाडा को 4-1 से हराया, जबकि उसकी शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी शी यूकी बीमारी के कारण देर से मुकाबले से हट गई थीं। शी, जिन्हें चीन की शीर्ष एकल खिलाड़ी के रूप में सूचीबद्ध किया गया था।

# पंजाब ने राजस्थान को 223 का टारगेट दिया

## 20वें ओवर में 24 रन आए, प्रभसिमरन-स्टोयनिस ने फिफ्टी लगाई

**न्यू चंडीगढ़।** पंजाब किंग्स ने आईपीएल के 40वें मैच में राजस्थान रायल्स को 223 रन का टारगेट दिया। न्यू चंडीगढ़ के महाराजा यादवेंद्र सिंह स्टेडियम में राजस्थान ने गेंदबाजी चुनी। पंजाब ने 20 ओवर में 4 विकेट पर 223 रन बनाए।

मार्कस स्टोयनिस ने 62 और ओपनर प्रभसिमरन सिंह ने 59 रन की अर्धशतकीय पारियां खेलीं। कप्तान श्रेयस अय्यर ने 30 रन बनाए। राजस्थान की ओर से यशराज पुंजा ने 4 ओवर में 41 रन देकर 2 विकेट झटके। जोफ्रा आर्चर और नांद्रे बर्गर ने एक-एक विकेट झटके। मार्कस स्टोयनिस ने पंजाब की पारी के 20वें ओवर में 24 रन बनाए। उन्होंने बृजेश शर्मा की आखिरी 5 बाल पर लगातार 5 बाउंड्री लगाई। इनमें 3 चौके और 2 छक्के शामिल रहे। दूसरी बाल पर चौका के सहारे पंजाब की टीम ने 200 रन का आंकड़ा पार कर




लिया। फिर अगली दो बाल पर लगातार दो छक्के लगाकर फिफ्टी भी पूरी की। 18वें ओवर में नांद्रे बर्गर ने 00 रन खर्च कर दिए। उनके आखिरी ओवर में मार्कस स्टोयनिस ने दूसरी बाल पर छक्का और तीसरी बाल पर चौका लगाया। बर्गर ने अपने कोटे के चार ओवर में 59 रन खर्च कर दिए। उन्हें आखिरी बाल पर श्रेयस अय्यर का विकेट मिला। श्रेयस को विकेटकीपर ध्रुव जुरेल ने कैच किया। अय्यर 30 रन बनाकर आउट हुए। 15वें ओवर में पंजाब ने 150 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। श्रेयस अय्यर ने रवींद्र जडेजा के ओवर की आखिरी बाल पर दो रन लेकर टीम स्कोर डेढ़ सौ पार कराया। 14वें ओवर की आखिरी बाल पर पंजाब ने तीसरा विकेट गंवाया। यहां पर प्रभसिमरन सिंह 59 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें यशराज पूंजा ने कप्तान रियान पराग के हाथों कैच कराया। पूंजा को दूसरा विकेट मिला है। उन्होंने कूपर कोनोली को भी पवेलियन भेजा। 12वें ओवर की तीसरी बाल पर प्रभसिमरन सिंह ने फिफ्टी पूरी की। उन्होंने डीप मिडविकेट पर सिंगल लिया और 35 बाल पर अर्धशतक लगाया। प्रभसिमरन ने इस सीजन चौथी हाफ सेंचुरी लगाई है। 9वें ओवर की दूसरी बाल पर यशराज पूंजा ने कूपर कोनोली को कैच आउट कराया। उन्हें डोनोवान फरेरा कैच किया। पूंजा को आईपीएल में पहला विकेट मिला है। कोनोली 30 रन बनाकर आउट हुए। 7वें ओवर में कूपर कोनोली ने यश राज पूंजा की बाल पर लगातार दो छक्के लगाए। उन्होंने दूसरी और तीसरी बाल पर सिक्स लगाया। कोनोली ने 8वें ओवर में जोफ्रा आर्चर की 5वीं बाल पर छक्का लगाया। फिर आखिरी बाल पर चौका मारा। टॉस हारकर बैटिंग कर रही पंजाब की शुरुआत मिलीजुली रही। टीम ने शुरुआती 6 ओवर के खेल में 65 रन बनाने में एक विकेट गंवाया। छठे ओवर में नांद्रे बर्गर की पहली बाल पर प्रभसिमरन सिंह ने छक्का लगाया।

# भुवनेश्वर पर्पल कैप की दौड़ में सबसे ऊपर पहुंचे

**नई दिल्ली।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने सोमवार को दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) को उनके आईपीएल 2026 घरेलू मुकाबले में 75 रन पर ऑलआउट कर दिया। गेंद के साथ आरसीबी के शानदार प्रदर्शन के चलते पर्पल कैप लीडरबोर्ड में नया लीडर सामने आया।




■ गेंद के साथ आरसीबी के शानदार प्रदर्शन से पर्पल कैप लीडरबोर्ड में नया लीडर सामने आया

मैच में सिर्फ 152 रन बने, लेकिन फिर भी ऑरेंज कैप की रैंकिंग में भी बदलाव हुआ। पर्पल कैप लीडरबोर्ड भुवनेश्वर कुमार ने डीसी के खिलाफ 3-0-5-3 के आंकड़े दर्ज किए, जिसमें उनके तीनों विकेट पावरप्ले में आए और आरसीबी ने डीसी को 81 गेंद शेष रहते नौ विकेट से रौंद दिया। इसके साथ ही भुवनेश्वर अब पर्पल कैप की दौड़ में सबसे आगे हैं। अंशुल कंबोज और इशान मलिगा की तरह भुवनेश्वर के भी 14 विकेट हैं, लेकिन उनका औसत 16-85, उन्हें कंबोज (16-92) और मलिगा (18-21) से आगे ले गया। आरसीबी के बाएं हाथ के स्पिनर क्रुणाल पंड्या ने डीसी के खिलाफ एक विकेट लेकर शीर्ष दस विकेट लेने वालों की सूची में जगह बनाई। उनके अब नौ विकेट हैं, जो कि कार्तिक त्यागी, जेमी ओवर्टन और वैभव अरोड़ा के बराबर हैं, लेकिन उनका औसत (26-55), अन्य तीनों से बेहतर है। जॉश हेजलवुड ने भी भुवनेश्वर का साथ देते हुए पावरप्ले में तीन विकेट झटके, जिससे डीसी का स्कोर आईपीएल इतिहास के सबसे खराब पावरप्ले स्कोर 13/6 तक पहुंच गया। बाद में उन्होंने एक और विकेट लिया और 3-3-0-12-4 के आंकड़े के साथ मैच खत्म किया। उनके विकेटों की संख्या अब दोगुनी होकर आठ हो गई है और वह 14वें स्थान पर पहुंच गए हैं। ऑरेंज कैप विराट कोहली ने दिल्ली में 76 रन के मामूली लक्ष्य का पीछा करते हुए नाबाद 23 रन बनाए और आईपीएल में 9000 रन पूरे किए। इस पारी के साथ वह ऑरेंज कैप की सूची में चौथे स्थान पर पहुंच गए। उनके 351 रन हैं, औसत 58-50 का है।

# हैदराबाद को रोकना मुंबई के लिए बड़ी चुनौती

**मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग का 41वां मैच एक जबरदस्त बचने बनाम आगे बढ़ने का मुक. ाबला होने वाला है, जिसमें मुंबई इंडियंस मंगलवार को वानखेड़े स्टेडियम में शानदार फॉर्म में चल रही सनराइजर्स हैदराबाद से भिड़ेगी।

मुंबई के लिए समीकरण सीधा है, लेकिन मुश्किल भी। सात मैचों में सिर्फ दो जीत के साथ, पांच बार की चैंपियन टीम टूर्नामेंट से बाहर होने की कगार पर है और उसे प्लेऑफ की उम्मीदें जिंदा रखने के लिए हर हाल में जीत हासिल करनी होगी। इस सीजन में टीम का प्रदर्शन काफी उतार-चढ़ाव भरा रहा है,बल्लेबाजी और गेंदबाजी, दोनों ही विभाग एक साथ मिलकर अच्छा प्रदर्शन करने में नाकाम रहे हैं। एक और हार टूर्नामेंट में उनके



आगे बढ़ने की संभावनाओं को लगभग पूरी तरह से खत्म कर सकती है। कप्तान हार्दिक पंड्या के नेतृत्व की कड़ी परीक्षा होने वाली है, क्योंकि उन्हें अपनी खराब प्रदर्शन कर रही टीम को एकजुट करके आगे बढ़ाना है। रोर्ि. हत शर्मा जैसे अनुभवी

■ इंडियन प्रीमियर लीग का 41वां मैच जबरदस्त बचने बनाम आगे बढ़ने का मुकाबला होने वाला

खिलाड़ियों की वापसी और मौजूदगी से ऊपरी क्रम को कुछ राहत मिली है, जबकि टीम पारी को संभालने और गति देने के लिए सूर्यकुमार यादव की शानदार बल्लेबाजी और स्ट्रोक-प्ले पर काफी हद तक निर्भर रहेगी। हालांकि, मुंबई की मुश्किलें सिर्फ बल्लेबाजी तक ही सीमित नहीं हैं। जसप्रीत बुमराह की अगुवाई वाले गेंदबाजी आक्रमण में वह पैनापन और नियंत्रण देखने को नहीं मिला है, जिसके लिए वह आमतौर पर जाने जाते हैं। शुरुआती विकेट लेने में नाकामी और बीच के ओवरों में विपक्षी बल्लेबाजों को रोकने में विफलता ने हाल के मैचों में टीम को काफी नुकसान पहुंचाया है, अगर मुंबई को अपने अभियान को पटरी पर लाना है, तो इन कमियों को दूर करना बेहद जरूरी होगा। इसके ठीक विपरीत, हैदराबाद का अब तक का सीजन काफी मजबूत और लगातार अच्छा रहा है। आठ मैचों में पांच जीत के साथ, वे अंक तालिका के ऊपरी हिस्से में मजबूती से जमे हुए हैं और प्लेऑफ में जगह बनाने की राह पर अग्रसर दिख रहे हैं। टीम को एक आक्रामक और शानदार फॉर्म में चल रही बल्लेबाजी लाइन-अप से बल मिला है, जिसने बार-बार बड़े स्कोर खड़े किए हैं।

### करण और लक्ष्य स्वामी दयानंद सरस्वती टी-20 डे-नाईट टूर्नामेंट में चमके

**नई दिल्ली।** तीसरे स्वामी दयानंद सरस्वती इंटर कॉलेज टी-20 डे नाईट क्रिकेट टूर्नामेंट में पीजीडीएवी येलो और पीजीडीएवी ब्लू टीमों ने आसान जीत दर्ज की। करण सोनी की बेहतरीन बल्लेबाजी और हिमांशु सारंग अस्थाना व जय शर्मा की उम्दा गेंदबाजी से पीजीडीएवी येलो 9 ओवर में 142/0 ने आत्मा राम सनातन धर्म कॉलेज को 20 ओवर में 139/9 को एकतरफा मुकाबले में दस विकेट से हराया। परा. जित टीम के लिए वरुण भट्ट ने 33 और शौर्य भाटिया ने 32 रन बनाए। करण सोनी को मैन ऑफ द मैच का अवार्ड एशिया कुराश रेसलिंग के महासचिव प्रवीण त्यागी ने दिया। एक अन्य मैच में लक्ष्य गोयल 136, 47 गेंद, और 44/2 व मंदीप सिह 80, 27 गेंद, और राहुल बाग 42, 13 गेंद, के शानदार खेल से पीजीडीएवी ब्लू 20 ओवर में 329/9 ने आर्यभट्ट कॉलेज 20 ओवर में 176/8 को 153 रनों से मात दी।

# भारत का उबेर कप में सफर खत्म

**होरसेंस (डेनमार्क)।** भारतीय महिला बैडमिंटन टीम ने उबेर कप 2026 के ग्रुप ए के अपने आखिरी मैच में चीन के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया, लेकिन 5-0 से हारकर ग्रुप स्टेज से ही बाहर हो गई।

भारत, जो डेनमार्क से 3-2 से मामूली हार और यूक्रेन पर 4-1 की जीत के बाद इस मुकाबले में उतरा था, उसे क्वार्टर-फाइनल में जगह बनाने की दौड़ में बने रहने के लिए जीत की जरूरत थी। ग्रुप की शीर्ष दो टीमें - चीन और मेजबान डेनमार्क - आगे बढ़ गईं, जबकि भारत यूक्रेन से आगे तीसरे स्थान पर रहा। बैडमिंटन रैंकिंग में 12वें स्थान पर मौजूद पीवी सिधु ने सोमवार को शुरुआती सिगल्स मैच में दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी वांग झीई को कड़ी टक्कर दी। पूर्व विश्व चैंपियन ने निर्णायक गेम के बड़े हिस्से पर अपना दबदबा बनाए रखा और 18-12 की बढ़त बना ली, लेकिन वांग झीई ने लगातार सात अंक बनाकर 21-16, 19-21,




21-19 से जीत हासिल कर ली। सिगल्स में खेलने वाली अन्य दो भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों ने भी अपने विरोधियों को चुनौती दी, लेकिन ऊंची रैंकिंग वाले विरोधियों के सामने वे टिक नहीं पाईं। दुनिया की 38वें नंबर की खिलाड़ी इशारानी बरुआ शुरुआती गेम में जीत के करीब पहुंच गई थीं, लेकिन अंत में उन्हें पूर्व ओलंपिक चैंपियन और चौथी रैंकिंग वाली चेन युफेई के हाथों 22-20, 21-13 से हार का सामना करना पड़ा। वहीं, 43वीं रैंकिंग वाली देविका सिहाग को चीन की दुनिया की 97वें नंबर की खिलाड़ी जू वेनजिग के हाथों 19-21, 21-17, 21-10 से हार मिली। डबल्स में तनीषा क्रास्टो और कविप्रिया सेल्वम की जोड़ी ने लू जुमिन और झांग शुक्सियन के खिलाफ शुरुआती गेम जीत लिया था, लेकिन वे 10-21, 21-12, 21-19 से हार गईं। दूसरे डबल्स मैच में, प्रिया कोंजेंगबम और श्रुति मिश्रा को लियू शेंगशू और टैन निग के हाथों 21-11, 21-8 से हार का सामना करना पड़ा। भारत ने इससे पहले उबेर कप में दो कांस्य पदक जीते हैं, 2014 व 2016 में सेमीफाइनल तक का सफर तय किया था।

# हम पिछले मैच की निराशा से उबर नहीं पाए: अक्षर

**नई दिल्ली।** शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) ने पंजाब किंग्स के खिलाफ 264 रनों का पहाड़ सा स्कोर बनाया था, लेकिन फिर भी उन्हें हार का सामना करना पड़ा।

दो दिन बाद सोमवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरस. ीबी) के खिलाफ उसी बल्लेबाजी क्रम का स्कोर चौथे ओवर में आठ रन पर छह विकेट था और जॉश हेजलवुड व भुवनेश्वर कुमार की टेस्ट मैचों जैसी गेंदबाजी के सामने डीसी की पूरी टीम सिर्फ 16-3 ओवरों में ही 75 रन पर ऑलआउट हो गई। डीसी के कप्तान अक्षर पटेल ने ना सिर्फ खराब बल्लेबाजी, बल्कि पिछले मैच की निराशा और खराब किस्मत को भी इस प्रदर्शन का दोष दिया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि पिछले मैच में जो हुआ, उसकी वजह से मुझे लगता है कि टीम में थोड़ी झिझक थी। इतने रन बनाने के बाद अगर




■ खराब बल्लेबाजी ही नहीं, बल्कि पिछले मैच की निराशा और खराब किस्मत को भी दोषी ठहराया

■ कहा: पिछले मैच में जो हुआ, उसकी वजह से मुझे लगता है, दस दौरान टीम में थोड़ी झिझक थी

आप देखोगे, तो 10 में से नौ बार किसी टीम को जीत मिलती है। लेकिन उस हार के बाद हमें लगा कि हम यह विशाल टोटल भी डिफेंड नहीं कर सकते हैं। उन्होंने साथ ही कहा कि इसके अलावा हमारी क़िस्मित भी इस मैच में खराब थी। ऐसा नहीं हुआ कि कोई बल्लेबाज सेट होकर आउट हुआ। यह हमारा खराब किस्मत ही था कि कोई भी बल्लेबाज पिच पर खड़ा ही नहीं हो पाया और पहले 15-16 गेंद (23 गेंद) में ही हमारे छह विकेट चले गए थे। यह खराब क़िस्मित ही है और हमें यह दिन भूलकर आगे बढ़ना होगा।ष पिच के बारे में बात करते हुए अक्षर ने कहा, ष्यह पिच भी वैसे ही दिख रहा था, जैसा दो दिन पहले वाले मैच का था, जहां पर इतने सारे रन बने थे। बल्लेबाजों के बैक ऑफ द माइंड में भी लगभग यही रहा होगा कि वैसी ही उछाल होगी, वैसा ही पिच होगा। लेकिन आज हवा भी चल रही थी और यह रात का मैच था, इसकी वजह से मुझे लगता है कि शुरुआत में गेंदबाजों को ज्यादा स्विग मूवमेंट मिला। इसके अलावा भुवी (भुवनेश्वर) और हेजलवुड विश्व स्तरीय गेंदबाज हैं और कोई भी विकेट या ग्राउंड हो, उन्हें पहले दो ओवरों में स्विग मिलेगा ही, लेकिन आज जिस तरह से उनको स्विंग मिल रहा था, उन्होंने अच्छा टप्पा डाला, जबकि बल्लेबाजों को लगा कि पिछले मैच की तरह गेंद इस मैच में भी अच्छा आएगा। इस चक्कर में एक-दो बल्लेबाज आउट हुए और टीम पर दबाव बन गया। यह विकेट बल्लेबाजों के लिए सडेन शॉक जैसा था, हालांकि मुझे लगता है कि एक प्रोफेशनल के रूप में हमें तैयार रहना चाहिए था।


यह डीसी की इस सीजन आठ मैचों में पांचवीं हार थी। उन्होंने सीजन की शुरुआत लगातार दो जीत से की थी, लेकिन इसके बाद से उनका प्रदर्शन लगातार नीचे ही गया है और अब उन्हें अपने प्ले ऑफ की संभावनाओं को बरक़रार रखने के लिए बहुत ही कम गलतियां करनी होंगी और इक्का-दुक्का मैच ही हारने होंगे। ऐसे में कप्तान अक्षर के ऊपर भी बड़ी जिम्मेदारी होगी, जो कि खुद गेंद और बल्ले दोनों से खराब फॉर्म और निरंतरता से जूझ रहे हैं। अब उन्हें इस टीम को दो लगातार तोड़ देने वाली हारों से उबारने की जिम्मेदारी है। इससे पहले डीसी को इसी सीजन गुजरात टाइटंस के खिलाफ भी एक रन की निराश करने वाली हार मिली थी। अक्षर ने कहा कि एक कप्तान के रूप में मेरे ऊपर अधिक जिम्मेदारी होती है और आपको ना सिर्फ खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ, बल्कि ओनरशिप के साथ भी मिलकर काम करना होता है।

# आर्यना की वापसी, नाओमी ओसाका को हराया

## एक सेट और एक ब्रेक से पिछड़ने के बाद दिखाया दमखम

**मैड्रिड।** दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने एक सेट और एक ब्रेक से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए मियामी ओपन के चौथे दौर में जापान की नाओमी ओसाका को हराया और क्वार्टर-फाइनल में जगह बनाई।

चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन सबालेंका ने दो घंटे 20 मिनट में 6-7 1-7 6-3 6-2 से जीत हासिल करते हुए इस साल अपनी लगातार 15वीं जीत - और मैड्रिड में लगातार नौवीं जीत - दर्ज की। 27 वर्षीय सबालेंका ने 2023 के बाद से स्पेन की राजधानी में कोई मैच नहीं हारा था, लेकिन उन्हें शुरुआत में ही अपनी ही तरह चार बार की मेजर विजेता ओसाका से कड़ी चुनौती मिली, जो इस सीजन का अपना सबसे बेहतरीन टेनिस खेल रही थीं। सोमवार को अंतिम 16 के एक अन्य मुकाबले में, अमेरिका की तीसरी वरीयता प्राप्त कोको गॉफ को चेक गणराज्य की लिडा नोस्कोवा के





हाथों 4-6 6-1 6-7 (5-6) से हार का सामना करना पड़ा। गॉफ, जो पिछले साल मैड्रिड के फाइनल में सबालेंका से हार गई थीं, अंतिम सेट में 4-1 से आगे थीं और निर्णायक टाई-ब्रेक में भी 4-2 से बढ़त बनाए हुए थीं, लेकिन 13वीं वरीयता प्राप्त नोस्कोवा ने दो बार जोरदार वापसी करते हुए अंतिम आठ में अपनी जगह पक्की कर ली। पेट के वायरस के कारण अस्वस्थ चल रहीं अमेरिकी खिलाड़ी गॉफ जब नई विश्व रैंकिंग जारी होगी तो तीसरे से चौथे स्थान पर खिसक जाएंगी, और उनकी जगह पोलैंड की इगा स्वियातेक ले लेंगी। मौजूदा फ्रेंच ओपन चैंपियन ने पहला सेट हारने के बाद दूसरे सेट में बेहद आक्रामक खेल दिखाया और तीसरे सेट में 21 वर्षीय नोस्कोवा की सर्विस को दूसरी बार तोड़ते हुए अगले दौर में पहुंचने की प्रबल दावेदार लग रही थीं। लेकिन दुनिया की 13वें नंबर की खिलाड़ी नोस्कोवा ने स्पेनिश दर्शकों के सामने शानदार वापसी की, जबकि गॉफ लड़खड़ा गईं, अब बुधवार को क्वार्टर-फाइनल में नोस्कोवा का मुकाबला यूक्रेन की मार्टा क्वोयुक से होगा।

23 वर्षीय कोयुक ने अमेरिका की कैटी मैकनैली को 6-2 6-3 से हराकर अपनी लगातार नौवीं जीत दर्ज की और लगातार दूसरी बार मैड्रिड के क्वार्टर-फाइनल में जगह बनाई। इस बीच, सबालेंका मंगलवार को अमे. रिकी खिलाड़ी हेली बैपटिस्ट का सामना करेंगी, जिन्होंने अपने चौथे दौर के मैच में बेलिडा बेनसिक को 6-1, 6-7 द्ध14-16त्रऋ, 6-3 से हराया था। पिछले महीने खिताब जीतने के अपने सफर के दौरान, उन्होंने मियामी ओपन के क्वार्टर-फाइनल में 24 वर्षीय बैपटिस्ट को हराया था।

# मोदी ने छह बीसीसीआई इन्डोर क्रिकेट अकादमियों का उद्घाटन किया

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने आज क्रिकेट इंफ्रास्ट्रक्चर के विस्तार में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर स्थापित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे उत्तर-पूर्वी भारत में छह अत्याधुनिक इनडोर क्रिकेट अकादमियों का उद्घाटन किया।

प्रधानमंत्री ने सिक्किम के गंगटोक में आयोजित एक राजकीय समारोह के दौरान इन सुविधाओं का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन किया। यह खेल इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने और उत्तर-पूर्वी क्षेत्र की अपार खेल क्षमता को उजागर करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। बीसीसीआई द्वारा विकसित ये अकादमियां रंगपो सिक्किम, दोइमुख अरुणाचल प्रदेश, इंफाल मणिपुर, मदनकुरक्लांग द्धमेघालयत्रऋ, आइजोल मिजोरम और दीमापुर नागालैंड में स्थित हैं। ये सभी मिलकर पहला वास्तविक 'पैन-नॉर्थ-ईस्ट' पूरे उत्तर-पूर्वी क्षेत्र को कवर करने वाला उच्च-प्रदर्शन क्रिकेट



इकोसिस्टम बनाती हैं, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण इंफ्रास्ट्रक्चर पूरे क्षेत्र में समान रूप से वितरित और सभी के लिए सुलभ हो। उद्घाटन समारोह में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद आईसीसी के चेयरमैन जय शाह, बीसीसीआई के पदाधिकारियों और वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया, जबकि अन्य पांच उत्तर-पूर्वी राज्यों के प्रशासक वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से इस कार्यक्रम से जुड़े। इस परियोजना की परिकल्पना बीसीसीआई द्वारा की गई थी और इसे जय शाह के सचिव के कार्यकाल के दौरान उनके नेतृत्व में आगे बढ़ाया गया।

इसका मुख्य उद्देश्य उभरते हुए क्षेत्रों में क्रिकेट इकोसिस्टम को मजबूत करना था। इन अकादमियों की आधारशिला शाह ने मई 2024 में रखी थी, जिसके साथ ही उत्तर-पूर्वी भारत में विश्व स्तरीय क्रिकेट इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण की दिशा में एक सुनियोजित प्रयास की शुरुआत हुई थी।

### कलियर नगर पंचायत प्रतिनिधि ने किया सड़कों व नालों का शिलान्यास

# तेजी से कराया जा रहा कस्बे का विकास : सलीम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** नगर पंचायत कलियर के वार्ड संख्या 9 और 5 में लाखों रुपये की लागत से बनने वाली आंतरिक सड़कों और नालों का शिलान्यास किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सलीम अहमद, वार्ड सभासद मेहरुबा जावेद साबरी एवं राशिद अली ने फीता काटकर निर्माण कार्यों का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर अध्यक्ष प्रतिनिधि सलीम अहमद ने कहा कि सभासदों के सहयोग से कस्बे में विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है, जिससे आमजन को बेहतर बुनियादी सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने बताया कि जर्जर सड़कों का भी जल्द निर्माण कराया जाएगा। सभासद जावेद साबरी ने कहा कि क्षेत्र में नालों और नालियों के निर्माण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है तथा जो विकास कार्य अभी लंबित हैं, उन्हें शीघ्र पूरा कराया जाएगा।



राशिद अली ने कहा कि वार्डवासियों की समस्याओं का निराकरण लगातार किया जा रहा है। उनके प्रस्तावों पर निर्माण कार्यों को स्वीकृति मिल रही है और वार्डों में अन्य विकास कार्य भी तेजी से कराए जा रहे हैं।इस अवसर पर रहीश अहमद, अरशद, ईनाम, इरशाद, अकबर, मुस्तुफा मौलवी दानिश, जरीफ, आशिक अली, तौकीर, सलीम आदि मौजूद रहें।

# रेलवे लाइन के पास युवक पर लाठी डंडों से हमला, गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** कस्बे से कुछ दूर मंगलौर मार्ग रेलवे लाइन के पास सोमवार देर शाम सात युवकों ने इकट्ठा होकर एक युवक के साथ गाली गलौज करते हुए लोहे सरिया तथा लाठी डंडों से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल के परिजनों की ओर से सात यूव को के खिलाफ थाने में तहरीर देकर कार्यवाही करने की मांग की है।

जानकारी के अनुसार सोमवार देर शाम मोहल्ला नई मंडी झबरेड़ा निवासी एक युवक अपने खेत में किसी काम से गया था। उस समय वहां पर एक युवक के साथ किसी बात को लेकर दोनों में गाली गलौज हो गई। दूसरे युवक ने फोन कर अपने सात अन्य यूवको को वहां पर बुला लिया तथा गाली गलौज करते हुए उक्त युवक पर जो अपने खेत में काम कर रहा था उस पर लोहे के सरिया तथा लाठी डंडों से हमला कर दिया। झगड़ा होने का शोर सुनकर वहां आसपास काम कर रहे कुछ लोग वहां आ गए। लोगों को आता देख हमलावर भाग गए।

वहीं मामले को लेकर थाना प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह ने बताया कि झगड़ा होने की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तथा हमला करने वालों को आस पास खेतों में तलाश किया लेकिन हमलावर अंधेरे का लाभ उठा कर भागने में सफल रहे। घायल युवक को झबरेड़ा डॉक्टर के यहां इलाज हेतु लाया गया युवक की हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक इलाज के बाद युवक को देहरादून अस्पताल में रेफर किया गया है। तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है।

थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस मामले में जो भी दोषी पाया गया उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जायेगी किसी को भी बख्शा नहीं जायेगा।

# दुकान के सामने ठेली लगाने से मना करने पर दुकानदार को पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** ग्राम लाठरदेवा शेख में सोमवार को एक दुकानदार को उस समय गोली मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जब उसने अपनी दुकान के सामने गांव के ही एक युवक को आइसक्रीम की ठेली लगाने से मना कर दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम लाठर देवा शेख चौराहे पर गांव के ही आकिब की मोबाइल की दुकान है। सोमवार को गांव का ही एक युवक उक्त दुकानदार की दुकान के सामने अपनी आइसक्रीम की ठेली लगा रहा था। आकिब ने अपनी दुकान के सामने ठेली लगाने का विरोध किया तो ठेली लगाने वाले युवक के परिजन भी वहां आ गए तथा आकिब के साथ गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों से हमला कर दिया। उस समय किसी युवक के द्वारा दुकानदार आकिब पर तमंचे से गोली चला दी। गोली दुकानदार के दाएं पैर में लगने से दुकानदार गंभीर रूप से घायल हो गया। गोली चलने से चौराहे पर अफरा तफरी मच गई। थाना प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह का कहना है कि गोली चलने की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तथा घायल को रुड़की स्थित सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया ।र उक्त मामले में अभी तक कोई तहरीर नहीं आई है ।पुलिस अपने स्तर से मामले की जांच कर रही है। माहौल खराब करने वाले के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। घायल को डॉक्टर द्वारा इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।

### एमएच फोर्स कंम्पनी ने चारधाम यात्रियों की सुविधा के लिए

# सर्विस वैन, क्रेन व बाइकों को झंडी दिखाकर किया रवाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** चारधाम यात्रा 2026 का सीजन शुरू हो गया है। लाखो की संख्या में श्रद्धालुओ द्वारा चारधाम यात्रा के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन पंजीकरण करा रहे हैं। वही चारधाम सीजन शुरू होने पर एमएच फोर्स हरिद्वार ने कंपनी के सर्विस सेंटर स्वामी मोहम्मद आदिल व अतिथियों ने चारधाम यात्रियों की सुविधा के लिए सर्विस वेन, क्रेन और सर्विस बाइको को फीता काटकर और झंडी दिखाकर रवाना किया। जिससे कंपनी की ओर से चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं को खराब वाहन की तत्काल सर्विस की सुविधा दी जाएगी।

फोर्स कंपनी के इंजीनियर सचिन त्यागी और राहुल सिंह ने कहा कि फोर्स मोटर्स का उद्देश्य अपने ग्राहकों को पहाड़ों पर कम समय में अच्छी सुविधा प्रदान करना है। जिससे चार धाम तीर्थ यात्रियों को यात्रा करते समय परेशानी न हो। इसके लिए कंपनी ने चारधाम यात्रा में अपने कैंप का आयोजन किया है। उन्होंने कहा यदि चार धाम यात्रा पर कंपनी की किसी गाड़ी में खराबी आती है। तो सर्विस वैन की मदद से उसको ठीक कराया जाएगा। और यह सुविधा कंपनी की ओर से यात्रियों को जल्द मुहैया कराई जाएगी। हरिद्वार सर्विस सेंटर स्वामी मोहम्मद आदिल ने कहा की हरिद्वार से चार धाम यात्रा में यात्रियों की सुविधा के लिए सर्विस वैन, क्रेन और बाइक भेजी गई है। इस मौके पर मुख्य अतिथि पंचपुरी टेंपू ट्रेवल्स यूनियन हरिद्वार के अध्यक्ष सुनील जायसवाल, कपिल हंस ट्रेवल्स के अध्यक्ष कपिल हंस, के० पी० सिंह चौहान ,राजू बालिया , विवेक चौहान, मुकेश गिरी, फोर्स मोटर स्टॉफ अब्दुल कादिर,सोनिया सैनी, राव रिहान, मुस्लिम, रोहित, जुबेर, हिमांशु, फरहान समेत अन्य मौजूद रहे।




# 24 घंटे के भीतर पुलिस ने माल सहित चोर को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** कोतवाली झबरेड़ा पुलिस ने चोरी की एक वारदात का खुलासा करते हुए शातिर चोर को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से चोरी किया गया इन्वर्टर और बैटरी भी बरामद की गई है, जबकि उसके अन्य साथियों की तलाश जारी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, 26 अप्रैल 2026 को ग्राम लाठरदेवा हूण निवासी जोगिंदर पुत्र बाबूराम ने अपने घर से इन्वर्टर, बैटरी, गैस सिलेंडर, नगदी और आभूषण चोरी होने की शिकायत कोतवाली झबरेड़ा में दर्ज कराई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने सक्रिय मुखबिर तंत्र और मैनुअल पुलिसिंग के जरिए त्वरित कार्रवाई करते हुए 27 अप्रैल को आरोपी रोशन पुत्र तिरथपाल निवासी लाठरदेवा हूण को गणेश मंदिर के पास गन्ने के खेत से हिरासत में ले लिया। पूछताछ और आरोपी की निशानदेही पर चोरी किया गया इन्वर्टर और एक्साइड कंपनी की बैटरी बरामद कर ली गई। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने अपने गांव के अन्य साथियों के साथ मिलकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस अब अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।पुलिस टीम:प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह,वरिष्ठ उपनिरीक्षक सत्येंद्र भंडारी,उपनिरीक्षक जय सिंह राणा वीसी,कांस्टेबल मुकेश तोमर,कांस्टेबल अनिल कुमार शामिल है

### शिवालिक नगर पालिका क्षेत्र में सफाई व्यवस्था को लेकर जिलाधिकारी ने अधिकारियों से की वार्ता

# एटीएम चौक के पास बनाया जाएगा हाईटेक शौचालय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शिवालिक नगर।** शिवालिक नगर एवं बीएचईएल क्षेत्रांतर्गत बेहतर साफ सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराए जाने के लिए जिलाधिकारी की अध्यक्षता में शिवालिक नगर पालिका के अध्यक्ष राजीव शर्मा एवं बीएचईएल के उच्च अधिकारियों एवं संबंधित अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी सभागार में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने शिवालिक नगर पालिका एवं बीएचईएल के अधिकारियों को निर्देश दिए है कि संबंधित अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए क्षेत्र में बेहतर साफ सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। उन्होंने एटीएम चौक के पास खोखा मार्केट में हाईटैक शौचालय बनाए जाने के लिए शिवालिक नगर पालिका को स्थान चिन्हित करने के साथ प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए तथा बीएचईएल को एनओसी एक माह के भीतर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए है कि क्षेत्र में जो भी सड़के क्षतिग्रस्त है उन सड़कों का भी मरम्मत कार्य आपसी समन्वय के साथ किया जाए तथा क्षेत्र में वाहनों के उचित पार्किंग के लिए भी स्थान चिन्हित करने के निर्देश दिए। उन्होंने शिवालिक नगर पालिका एवं बीएचईएल क्षेत्रांतर्गत लगाने वाले पीठ में बाजार में सिंगल यूज प्लास्टिक का किसी भी दशा में उपयोग न हो तथ पीठ बाजार एवं उसके आस पास के क्षेत्र में बेहतर साफ सफाई व्यवस्था रखने के भी सख्त निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्र में किसी भी तरह से कोई अतिक्रमण न हो तथा अतिक्रमण के विरुद्ध संयुक्त रूप से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही समय समय पर कि जाए। शिवालिक नगर क्षेत्रांतर्गत संवेदनशील क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने के लिए पुलिस को संवेदनशील स्थानों चिन्हित करने के निर्देश दिए। शिवालिक नगर क्षेत्रांतर्गत पार्कों के सौंदर्यकरण के संबंध में हरिद्वार विकास प्राधिकरण को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।शिवालिक नगर पालिका परिषद द्वारा बनाए गए शहीद चौक को पुनर्स्थापित करने के लिए पीडब्लूडी को स्थान चिन्हित करने के निर्देश दिए गए। शिवालिक नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत सामुदायिक केंद्री का शिवालिक नगर पालिका को हस्तांतरण करने के लिए जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को सूची उपलब्ध करने के निर्देश दिए।शिवालिक नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत जर्जर विद्युत पोल को हटाने के लिए अधिशासी अभियंता विद्युत को त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य नगर आयुक्त नंदन सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आरके सिंह,ईडी बीएचईएल रंजन कुमार, महाप्रबन्धन बीएचईएल संतोष कुमार गुप्ता, प्रबन्धक संपदा बीएचईएल मंगल सिंह मुंडा,बीएचईएल प्रबन्धक सिविल अखिलेश कुमार, एचआरडीए सचिव मनीष कुमार, उपजिलाधिकारी हरिद्वार जितेंद्र कुमार, आरएम सिडकुल कमल किशोर, सीओ सदर एसपी बलूनी, ईओ शिवालिक नगर पालिका तारिक खान, उप मुख्य नगर आधिकारी दीपक गोस्वामी, अधिशासी अभियंता यूपीसीएल दीपक सैनी सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।




**संबंध विच्छेद-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र संजय उसकी पत्नी निशा वं उसके बच्चे आरवि, लक्षित दूसरा पुत्र अजय उसकी पत्नी सरस्वती अन्य दो पुत्र कोशिंदर, कार्तिक व उसकी पत्नी सोमी देवी का आचरण मेरे क मेरे परिवार के प्रति ठीक न होने के कारण उपरोक्त सभी को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं आज के बाद उपरोक्त किसी के भी लेनदेन व अनैतिक कार्य की मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। **पाल्ला पुत्र बलजीत नि. ग्राम मुंडा खेड़ा खुर्द थाना लक्सर हरिद्वार।**

**खोया-पाया-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी हाई स्कूल वर्ष 2024-2025 स्वान पब्लिक स्कूल चुड़ियाला रोड भगवानपुर की मूल टी.सी वास्तव में कहीं खो गई है जिसका प्रयोग किसी अन्य को अवैध होगा। **राव फैज अली पुत्र राव फरमूद खां नि. ग्राम सिकरौढ़ा परगना व तहसील भगवानपुर जिला हरिद्वार।**

# पिस्टल के खुले पुर्जों को जोड़ने में दरोगा फेल, चेतक पास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** एसपी देहात शेखर चंद सुयाल के अर्धवार्षिक निरीक्षण में सरकारी हथियारों के खुले पुर्जों को जोड़ने में एक के बाद कई दरोगा फेल हो गए। बाद में चेतक ने पिस्टल को लेकर जोड़ दिया। इस बीच अधिकारियों में कोतवाली पुलिस के प्रशिक्षण और रखरखाव को लेकर नाराजगी देखने को मिली। इस दौरान रजिस्टरों के रखरखाव, लंबित मामलों की स्थिति, अपराध से संबंधित दस्तावेजों की समीक्षा की गई।

एसपी देहात शेखर चंद सुयाल ने बताया कि कोतवाली का अधवार्षिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान थाने के अभिलेखों, मालखाने और महिला हेल्प डेस्क की बारीकी से जांच की गई। साथ ही विवेचकों को लंबित मामलों के जल्द निपटारे और गुमशुदा लोगों की बरामदगी के लिए निर्देश दिए। थाना परिसर का भ्रमण कर साफ-सफाई की व्यवस्था परखी और सरकारी संपत्ति के रखरखाव का जायजा लिया। उन्होंने मुंशी को निर्देश दिए कि सभी रिकॉर्ड पूरी तरह से अपडेट रखे जाए। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# जीआईसी लाठरदेवाहूण की बालिकाओं ने 12वीं में बाजी मारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज लाठरदेवाहूण उत्तराखंड माध्यमिक बोर्ड परीक्षा में बालिकाओं ने बाजी मारी।

इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में विद्यालय के वरुण 77.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान एवं सुहाना ने 75.5% अंक प्राप्त कर विद्यालय की अंक तालिका में दूसरा स्थान प्राप्त किया। वही हाई स्कूल उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा में विद्यालय की तमन्ना ने 78 दशमलव 8% अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान एवं वंशिका ने 67.4% प्राप्त करके विद्यालय में दूसरा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के बोर्ड परीक्षा प्रभारी सुशील चौधरी ने बताया इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा का परिणाम 52% एवं हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा का परिणाम 90% रहा। इस अवसर पर पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज लाठरदेवाहूण के प्रधानाचार्य चंद्रपाल सिंह एवं शिक्षकों ने बोर्ड परीक्षा में सफल परीक्षार्थियों को ढेर सारी शुभकामनाएं दी एवं उज्जवल भविष्य की कामना की।



### जेएम के नेतृत्व में चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

# 40 दुकानदारों के चालान काटकर 68 हजार वसूले

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** ज्वाइंट मजिस्ट्रेट दीपक रामचंद्र सेठ के नेतृत्व में तहसील व नगर पंचायत की टीम ने बड़े पैमाने पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस दौरान रुड़की लक्सर मार्ग दुकानों के बाहर हुए अतिक्रमण को जेसीबी से हटाया गया। दुकानों के बाहर किए गए निर्माण और दुकानों के बाहर डाले गए टीन शेडों को जब्त कर नगर पंचायत के हवाले कर दिया गया है।

ज्वाइंट मजिस्ट्रेट दीपक रामचंद्र शेट के नेतृत्व में मंगलवार को तहसील व नगर पंचायत की टीम ने रुड़की लक्सर मार्ग पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस दौरान जेसीबी मशीन से दुकानों के बाहर डाले गए टीन शेड, दुकानों के बाहर बने चबूतरों को तोड़ा गया। अस्थाई तरीके से बनाए गए फल और सब्जी बेचने के ठिए भी तोड़े गए। हटाए गए अतिक्रमण को जब्त कर नगर पंचायत के हवाले कर दिया गया। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट का कहना है कि सीजन यात्रा शुरू होने को लेकर मुख्यमंत्री व जिलाधिकारी महोदय के निर्देश पर रुड़की, लंढौरा व मंगलौर में जाम की स्थिति बनी रहती है। इन सभी स्थानों पर एक सप्ताह लगातार अभियान चलाया जाएगा। जेएम ने अतिक्रमण कर्ताओं को दोबारा अतिक्रमण करते पाए जाने पर सख्त कार्रवाई अमल में लाने की बात कही कार्रवाई के दौरान अतिक्रमण करने वालों में हड़कंप मचा रहा। कुछ दुकानदार पहले सामान अंदर कर दुकानें बंद कर फरार हो गए अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान अतिक्रमण करने वाले 40 दुकानदारों के 68 हजार रुपये के चालान भी काटे गए अतिक्रमण हटाने वाली टीम नायाब तहसीलदार युसुफ अली, कानूगों ओमप्रकाश, लेखपाल पंकज राजपूत, एसएसआई सुखपाल सिंह मान, चौकी प्रभारी अशोक सिरस्वाल ईओ हेमंत गुप्ता, सफाई निरीक्षक आदेश कुमार, अब्दुर्रहमान, गुलशेर, राहुल पाल, विपिन के अलावा नपा सफाई कर्मचारी मौजूद रहे।



# कांग्रेस के मलकपुर चुंगी पर लगाए रिफ्लेक्टरों में भ्रष्टाचार के आरोप, जेएम से जांच की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** महानगर कांग्रेस ने मलकपुर चुंगी पर लगाये गये रिफलेक्टरों में भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाते हुए जेएम से जांच कर कार्यवाही की मांग की है।

महानगर अध्यक्ष राजेंद्र चौधरी के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने जेएम को ज्ञापन देकर रिफलेक्टर लगाने वाली कंपनी पर आरोप लगाते हुए कहा कि मलकपुर चुंगी स्थित तिराहा मोड पर 10 रिफ्लेक्टर लगने की पुष्टि हुई मौके पर मात्र दो रिफ्लेक्टर मौजूद है और एक-एक टूटा हुआ रिफ्लेक्टर उनके ऊपर रखा है और एक उखड़ा हुआ और है 10 में से सिर्फ पांच रिफ्लेक्टर है। मौके पर देखने पर अंदाजन एक रिफ्लेक्टर की कीमत मात्र दो ढाई सौ रुपए रही होगी कांग्रेसियों का कहना है कि यह कौन से विभाग का कारनामा है जिसने चार-पांच हजार रुपए मय लेबर के जो काम होना चाहिए था उसका ढाई लाख का बिल बनाया गया है। इस भ्रष्टाचार में कौन-कौन इंवॉल्व है किन की सहभागिता है आखिर प्रशासन कर क्या रहा है। भाजपा सरकार के ईमानदार का ढिंढोरा इस जांच के बाद जनता के बीच फूटना तय है और यह लूट जनता के पैसे की सीधे सीध बंदरबांट है। यह भ्रष्टाचार रुड़की महानगर की जनता के टैक्स के पैसे की खुल्लम खुल्ला लुट है।

**❖जो काम कुछ हजारों का है उसका ढाई लाख का बिल बनाकर खुला भ्रष्टाचार किया गया है**

उपरोक्त भ्रष्टाचार के संबंध में जिला कांग्रेस कमेटी ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रुड़की को एक शिकायती पत्र सौंपेगी ताकि उक्त प्रकरण की जांच कराई जा सके और जो जो लोग भ्रष्टाचार में लिप्त हैं उनके खिलाफ कार्रवाई की जा सके।



**भगवानपुर में समाचार व विज्ञापन के लिए संपर्क करें।**

**आशू मलिक** (संवाददाता भगवानपुर)
**कार्यालय :** जिला पंचायत मार्किट भगवानपुर,
मोबाइल नं0 9761496669

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# गुटरेस की चेतावनी

आज सभी को संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटरेस की इस चेतावनी पर ध्यान देने की जरूरत है। जो उन्होंने संयुक्त राष्ट्रीय मुख्यालय में परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) के सदस्य देशों की बैठक के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि आज परमाणु अप्रसार संधि बेहद कमजोर पड़ रही है, क्योंकि सदस्य देशों की प्रतिबद्धताएं पूरी नहीं हो रही हैं और वैश्विक भरोसा लगातार घट रहा है। उन्होंने किसी का नाम तो नहीं लिया, लेकिन साफ कहा कि विश्वास और विश्वसनीयता छिन्न हो रही है और परमाणु प्रसार की प्रवृत्तियां तेज हो रही हैं। गुटरेस के अनुसार दुनिया परमाणु हथियारों के खतरों को सामूहिक रूप से भूल रही है। इतना ही नहीं उन्होंने कहा कि भू राजनीतिक तनाव और सैन्य खर्च लगातार बढ़ रहे हैं। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि परमाणु हथियारों के उन्मूलन का लक्ष्य आज का नहीं है, बल्कि 1946 में संयुक्त राष्ट्र महासभा के पहले प्रस्ताव से जुड़ा है। गुटरेस ने यह भी कहा कि मौजूदा समय में इस दिशा में हुई प्रगति गंभीर दबाव में है और एक बार फिर परमाणु हथियार की धमक सुनाई दे रही है। अविश्वास हावी है और कठिन प्रयासों से बने मानदंड कमजोर हो रहे हैं। ऐसा कहकर उन्होंने साफ कर दिया कि इस संबंध में अब तक जो प्रयास हुए हैं, वह नाकाफी साबित हुए हैं। उन्होंने एक सैनिक खर्च को लेकर बेहद चौंकाने वाला आंकड़ा भी पेश किया। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष वैश्विक सैन्य खर्च 2.7 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच गया, जो विकास सहायता कार्यों से कहीं अधिक है और वैश्विक प्राथमिकताओं के असंतुलन को दर्शाता है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि कई दशकों बाद पहली बार परमाणु हथियारों की संख्या बढ़ रही है। जबकि कुछ देशों में परमाणु परीक्षण फिर से शुरू करने और परमाणु हथियार हासिल करने की चर्चाएं भी हो रही हैं। बड़ी बात जो उन्होंने कही है कि यह भ्रम ठीक नहीं है कि परमाणु हथियार सुरक्षा प्रदान करते हैं। यह सुरक्षा प्रदान नहीं करते, परमाणु युद्ध जीता नहीं जा सकता और न ही इसे लड़ा जाना चाहिए। दो सप्ताह तक चलने वाला यह एनपीटी सम्मेलन ऐसे समय में हो रहा है जब वैश्विक स्तर पर परमाणु हथियारों की नई प्रतिस्पर्धा की शंका बढ़ रही है और 1970 की एनपीटी संधि को मजबूत करने पर सहमति बनाना अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के लिए बड़ी चुनौती बना हुआ है। परमाणु अप्रसार संधि को लेकर समय-समय पर चर्चाएं होती रहती हैं और सभी इस पर सहमत होते भी दिखाई देते हैं। अगर व्यक्तिगत रूप से देशों के व्यवहार की बात करें, तो हर कोई यह बयान देता दिखाई देता है कि सबको परमाणु अप्रसार संधि को लेकर गंभीर हो जाना चाहिए और शांति के लिए दुनिया में परमाणु हथियार के लिए कोई जगह नहीं है, लेकिन हो क्या रहा है, हर बड़ा देश अपने पास परमाणु हथियारों का जखीरा बढ़ा रहा है, जिसमें अमेरिका, चीन, रूस, ब्रिटेन, फ्रांस शामिल हैं तो वहीं देखा-देखी अन्य छोटे देश भी अपनी सुरक्षा के नाम पर परमाणु बम को किसी न किसी तरह हासिल करना चाहते हैं।

## आम महिलाओं की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित होगी



समय आने पर लोकतंत्र के अपराधी बख्शे नहीं जाएंगे, बंगाल चुनाव में ऑब्जर्बर बनकर पहुंचे आईपीएस अधिकारी अजय पाल शर्मा के वायरल एक वीडियो प्रकरण ने प्रदेश के शासन-प्रशासन की छवि को गहरा नुकसान पहुंचाया है और महिला सम्मान व नारी वंदन जैसे दावों की वास्तविकता भी उजागर कर दी है, भाजपा शासन में इस तरह के मामले अपवाद नहीं हैं, जब महिला सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालने वाले ही इस तरह के आचरण में शामिल पाए जाएं, तो आम महिलाओं की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित होगी, इस घटना से भाजपा से जुड़ी महिलाएं भी असहज और शर्मिंदा महसूस कर रही होंगी, अब सबकी नजर इस बात पर है कि संबंधित अधिकारी के खिलाफ निलंबन या बर्खास्तगी की कार्रवाई कितनी तेजी से होती है। **-अखिलेश यादव, अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी**

# शहरों का ढांचा बनाने वाले, बदहाली का जीवन जीने को मजबूर





**कृति आरके जैन**

भोर की पहली किरण जब शहर की नींद पर धीरे से दस्तक देती है, उसी समय किसी निर्माण स्थल पर हथौड़े की चोटें नए कल की नींव रखने लगती हैं। यह ध्वनि केवल पत्थर नहीं तराशती, बल्कि उस भविष्य को गढ़ती है जिसे हम विकास के नाम से पहचानते हैं। धूल से सने, छालों से भरे ए हाथ ही वे अ.श्य निर्माता हैं, जिनकी मेहनत से कांच जैसी ऊंची इमारतें, चौड़ी सड़कों की रेखाएं और उड़ान भरते एयरपोर्ट खड़े होते हैं। सुबह पांच बजे चाय की भाप के बीच वे अपने बच्चों के सपनों को संवारते हैं, जबकि स्वयं शहर की रोशनी से दूर, तिरपाल के साए में रातें काटते हैं। उनकी थकान ही उनकी ताकत हैकृजीने की, बनाने की और टूटे सपनों को फिर से खड़ा करने की अदम्य जिद। 1 मई इस सच्चाई का स्मरण कराता है कि जिनके हाथों से दुनिया बनती है, उनकी आवाज कभी दबाई नहीं जा सकतीकृवह हर युग में उठती है और व्यवस्था की नींव हिला देने का सामर्थ्य रखती है।

यह मजदूर जिसे हम अनस्किल्ड कहकर खारिज करते हैं, दरअसल सबसे जरूरी स्किल रखते हैं वो स्किल जो मशीनें अभी सीख नहीं पाईं। यह लोग बिना तकनीक के भी प्रकृति के संकेत पहचान लेते हैं, सीमित संसाधनों में समाधान खोज लेते हैं और छोटी-सी सजगता से बड़े जोखिम टाल देते हैं। शहरों की ऊंचाइयां इन्हीं के परिश्रम से आकार लेती हैं, फिर भी वे व्यवस्था के किनारों पर ही खड़े रह जाते हैं। कोई तपती सड़क पर डिलीवरी करता है, कोई आग की लपटों में वेल्डिंग कर भविष्य गढ़ता है, तो कोई दूसरों के घरों में सेवा देकर जीवन को सहारा देता है। उनकी पहचान फिर भी केवल 'मजदूर' तक सिमटी रहती है। वास्तव में वे समाज की रीढ़ हैं जिनके बिना आधुनिकता का ढांचा ढह सकता है, और अगर ए हाथ थम जाएं तो स्मार्ट सिटी का सपना भी बिखर जाएगा। विकास की ऊंचाइयों पर खड़ा आज का भारत, उन्हीं श्रमिक हाथों की नींव पर टिका है जिन्हें अक्सर अनदेखा कर दिया जाता है। हालिया आंकड़े बताते हैं कि अनौपचारिक क्षेत्र लगभग 12.81 करोड़ श्रमिकों को रोजगार देता है, जबकि निर्माण क्षेत्र में 90 प्रतिशत से अधिक कार्यबल असंगठित है।

करीब 15 करोड़ प्रवासी मजदूर अर्थव्यवस्था को गति दे रहे हैं और अनौपचारिक क्षेत्र कुल जीडीपी का लगभग 50 प्रतिशत योगदान करता है। ई-श्रम पोर्टल पर 31 करोड़ से अधिक श्रमिक पंजीकृत हैं। यह केवल आंकड़े नहीं, बल्कि उन अनगिनत कहानियों की गवाही हैं जहां पेट भरने के लिए कोई बिहार से दिल्ली, कोई उत्तर प्रदेश से मुंबई पहुंचता है। उनकी निःशब्द मेहनत ही देश की प्रगति का असली आधार है।

अब एआई का युग है। हम स्मार्ट सिटी, ऑटोमेशन और रोबोटिक्स की बात करते हैं, लेकिन एआई भी कहीं न कहीं श्रमिकों की स्किल पर ही निर्भर है। यह डिजाइन बना सकता है, ड्रोन नियंत्रित कर सकता है और डिलीवरी मार्ग सुधार सकता है, पर ईंट उठाना, वेल्डिंग करना या कठिन परिस्थितियों में काम पूरा करना आज भी मनुष्य के ही बस की बात है। एआई गिग वर्कर्स को बेहतर अवसरों से जोड़ रहा है और 2026 तक एआई-आधारित गिग अर्थव्यवस्था के 335 बिलियन डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। फिर भी, एआई थकान का अनुमान लगा सकता है, पर वह वह धैर्य और जिद नहीं दे सकता जो एक मजदूर बारिश में भी काम करते हुए दिखाता है। एआई मजदूरों का विरोधी नहीं, बल्कि सही उपयोग होने पर उनका सहयोगी बन सकता है। मजदूरों का संघर्ष अब केवल वेतन या कार्य-घंटों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह सम्मान, सुरक्षा और सुरक्षित भविष्य की लड़ाई बन चुका है। गिग अर्थव्यवस्था में काम करने वाले लाखों युवा तपती धूप और ठंडी रातों में सेवाएं देते हैं, फिर भी उन्हें पर्याप्त सामाजिक सुरक्षा नहीं मिलती। महिलाएं घरेलू कार्य से लेकर निर्माण स्थलों तक अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रही हैं, लेकिन समान अवसर और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति अभी भी गंभीर कमी है। 1 मई 2026 इन्हीं प्रश्नोंकृमहिला सशक्तिकरण, कार्यस्थल पर मानसिक स्वास्थ्य और सामाजिक न्यायकृपर केंद्रित है। इतिहास साक्षी है कि मजदूरों की एकजुटता ने बदलाव रचे हैं, चाहे 1886 का शिकागो हो या आज का भारत। उनकी चुप्पी भी एक गहरा प्रश्न छोड़ती है क्या उनकी भागीदारी के बिना प्रगति संभव है? हमें ऐसे समाज की आवश्यकता है जहां मेहनत को किसी वर्ग या दर्जे से नहीं, बल्कि उसके वास्तविक मूल्य और गरिमा के आधार पर देखा जाए। जहां कोई बच्चा अपने पिता को मजदूर कहकर शर्मिंदा न हो, बल्कि पूरे गर्व से उनका सम्मान करे। नीतियां ऐसी हों कि एआई मजदूरों का सशक्त सहायक बने उन्हें ऑनलाइन कौशल प्रशिक्षण, वास्तविक समय सुरक्षा निगरानी और न्यायसंगत आय की सुनिश्चितता दे। निर्माण स्थलों पर एआई-सहायता प्राप्त आधुनिक उपकरण श्रम का बोझ भले हल्का करें, लेकिन आत्मसम्मान और गौरव को कभी कम न करें। जब तक उनकी मुस्कान विकास की मुख्यधारा का हिस्सा नहीं बनती, तब तक हर उपलब्धि अधूरी ही रहेगी। श्रम की धड़कनों से गढ़ी यह दुनिया किसी एक दिन की पहचान नहीं मांगती, बल्कि निरंतर सम्मान चाहती है। इस 1 मई को केवल अवकाश न समझें, बल्कि उन हाथों को महसूस करें जो ईंट-पत्थर जोड़कर हमारे सपनों के शहर बनाते हैं। उनकी जीवन-कहानियों को सुनें, उनकी आवाज को मंच दें और उनके परिश्रम को वह स्थान दें जो वास्तव में उनका अधिकार है। वे लोग जो शहरों की परछाइयों में रहकर भी राष्ट्र की प्रगति का भार उठाते हैं, असली निर्माता वही हैं। जब हर श्रमिक का सम्मान समाज की ऊंचाई बनेगा, तभी विकास का अर्थ पूर्ण और सार्थक होगा। यह दिन हमें याद दिलाता है कि परिवर्तन की सबसे बड़ी शक्ति श्रम के मौन पसीने में छिपी होती है।

# एक किला जो इतिहास और साहसिकता का संगम है

**राजमाची के आस-पास का प्राकृतिक दृश्य मनमोहक है। यहां की हरियाली, पहाड़ियां और आसपास की नदियां इस स्थान को और भी खूबसूरत बनाती हैं। खासकर मानसून के दौरान, जब यहां की घाटियां हरियाली से भर जाती हैं, तो यह .श्य देखने लायक होता है। राजमाची से आपको आसपास के पहाड़ी क्षेत्रों और वन्यजीवों का अद्भुत नजारा देखने को मिलता है। राजमाची ट्रेकिंग के लिए एक लोकप्रिय स्थान है। यहां के ट्रेक मार्ग प्राकृतिक सौंदर्य से भरे हुए हैं और यह अनुभवियों के लिए एक चुनौती प्रस्तुत करते हैं।**

राजमाची, महाराष्ट्र के लोनावला क्षेत्र में स्थित एक प्रसिद्ध किला है। यह किला समुद्र तल से लगभग 2,700 फीट की ऊंचाई पर स्थित है और यहां से चारों ओर का दृश्य अद्भुत होता है। राजमाची किला न केवल अपने ऐतिहासिक महत्व के लिए जाना जाता है, बल्कि यह साहसिकता प्रेमियों के लिए भी एक आदर्श गंतव्य है।

**ऐतिहासिक पृष्ठभूमि**

राजमाची का किला भारतीय इतिहास में एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है। इसे छत्रपति शिवाजी महाराज के समय में बनाया गया था और इसका उद्देश्य इस क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित करना था। किले के भीतर कई प्राचीन मंदिर और संरचनाएं हैं, जो उस समय की स्थापत्य कला को दर्शाती हैं। यहां की दीवारें और दरवाजे आज भी अपने ऐतिहासिक महत्व को जीवित रखते हैं।

**प्राकृतिक सौंदर्य**

राजमाची के आस-पास का प्राकृतिक दृश्य मनमोहक है। यहां की हरियाली, पहाड़ियां और आसपास की नदियां इस स्थान को और भी खूबसूरत बनाती हैं। खासकर मानसून के दौरान, जब यहां की घाटियां हरियाली से भर जाती हैं, तो यह .श्य देखने लायक होता है। राजमाची से आपको आसपास के पहाड़ी क्षेत्रों और वन्यजीवों का अद्भुत नजारा देखने को मिलता है।

**साहसिक गतिविधियां**

**ट्रेकिंग**- राजमाची ट्रेकिंग के लिए एक लोकप्रिय स्थान है। यहां के ट्रेक मार्ग प्राकृतिक सौंदर्य से भरे हुए हैं और यह अनुभवियों के लिए एक चुनौती प्रस्तुत करते हैं। ट्रेकिंग करते समय आप ठंडी हवा और हरे-भरे वातावरण का आनंद ले सकते हैं।



**कैंपिंग**- किले के पास कैंपिंग करने का अनुभव भी बहुत रोमांचक है। यहां आप रात में तारे देख सकते हैं और प्राकृतिक वातावरण में रात बिताने का मजा ले सकते हैं।

**बोटिंग**- राजमाची के नजदीक स्थित भोर घाटी में बोटिंग का आनंद भी लिया जा सकता है, जो एक अलग अनुभव प्रदान करता है।

**यात्रा का सबसे अच्छा समय**

राजमाची जाने का सबसे अच्छा समय अक्टूबर से मार्च के बीच है। इस दौरान मौसम ठंडा और च्समेंदज रहता है। मानसून में भी यहां का .श्य अद्भुत होता है, लेकिन ट्रैकिंग के दौरान सावधानी बरतनी चाहिए। राजमाची एक ऐसा स्थल है जो साहसिकता और इतिहास का अद्भुत संगम प्रस्तुत करता है। यहां की प्राकृतिक सुंदरता, ऐतिहासिक महत्व, और रोमांचक गतिविधियां इसे एक अनोखा पर्यटन स्थल बनाती हैं। अगर आप प्रकृति के साथ-साथ इतिहास का आनंद लेना चाहते हैं, तो राजमाची आपकी यात्रा सूची में अवश्य होना चाहिए। यहां का अनुभव आपको हमेशा याद रहेगा। **...साभार प्रभा**

# अधिक खतरनाक होते कीटनाशक का मानव पर प्रभाव

कीटनाशक प्राकृतिक या रासायनिक रूप से संश्लेषित यौगिक हैं जो संपूर्ण खाद्य और पशु आहार उत्पादन चक्र के दौरान कीटों को रोकने, नष्ट करने, खदेड़ने या नियंत्रित करने के लिए उपयोग किए जाते हैं। कीटनाशक कई तरह के होते हैं। जैसे, पौधों के विकास नियामक, डिफॉलिएटर्स (पत्तीनाशी), डेसिकैंट्स (जलशोषक), फलों की तादाद कम करने वाले रसायन, और परिवहन एवं भंडारण के दौरान फसल को खराब होने से बचाने वाले रसायन जिन्हें कटाई के पहले या बाद में फसलों पर लगाया जाता है। जंतुओं के बाह्य-परजीवियों का प्रबंधन भी कीटनाशकों के माध्यम से किया जाता है। कीटनाशी, शाकनाशी, कवकनाशी, कृमिनाशी और पक्षीनाशी वगैरह कीटनाशकों की विभिन्न श्रेणियां हैं।

कीटनाशकों को उनके सक्रिय घटक, रासायनिक संरचना, क्रिया के तरीके और विषाक्तता के आधार पर वर्गीकृत किया जाता है। कीटनाशक कार्बनिक और अकार्बनिक दोनों तरह के हो सकते हैं। जैविक कीटनाशक कार्बन आधारित होते हैं, जैसे प्राकृतिक पदार्थों से प्राप्त कीटनाशक या कार्बनिक रसायनों से संश्लेषित कीटनाशक। अकार्बनिक कीटनाशक खनिज या ऐसे रासायनिक यौगिकों से प्राप्त होते हैं जो प्रकृति में जमा होते हैं। इनमें मुख्य रूप से एंटीमनी, तांबा, बोरॉन, फ्लोरीन, पारा, सेलेनियम, थैलियम, जस्ता के यौगिक तथा तात्विक फास्फोरस और सल्फर होते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कीटनाशकों को उनकी विषाक्तता के आधार पर वर्गीकृत किया है। अत्यधिक खतरनाक कीटनाशकों को वर्ग-1a, अधिक खतरनाक को वर्ग-1 b, मध्यम खतरनाक को वर्ग-II और थोड़े खतरनाक को वर्ग-III में वर्गीकृत किया गया है।

किसानों की बढ़ती उत्पादकता और बढ़ती आमदनी के रूप में कीटनाशकों के उपयोग का भारी प्रभाव पड़ा है। लेकिन बढ़ती जनसंख्या के चलते बढ़ती वैश्विक खाद्य मांग ने इनके उपयोग को बेतहाशा बढ़ा दिया है। कीटनाशकों के अंधाधुंध उपयोग से खाद्य उपज में कीटनाशक अवशेष बचे रह जाते हैं जो मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होते हैं। कीटनाशकों के अनियमित उपयोग और दुरुपयोग के कारण पर्यावरण में अवशेष जमा हो जाते हैं, जिनमें से कई आसानी से नष्ट नहीं होते और वर्षों तक वहीं बने रहते हैं, जिससे पारिस्थितिकी तंत्र का संतुलन बिगड़ जाता है और मानव स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। अनाज, सब्जियों, फलों, शहद और उनसे व्युत्पन्न उत्पादों, जैसे जूस आदि में कीटनाशकों के अंश पाए गए हैं। लापरवाह और अनुचित निपटान प्रथाएं मछली, अन्य जलीय जीवन, प्राकृतिक परागणकर्ताओं (मधुमक्खियों और तितलियों) सहित गैर-लक्षित जीवों (पशुधन, पक्षी और लाभकारी सूक्ष्मजीव) पर नकारात्मक प्रभाव डालती हैं।

खाद्य, कृषि उत्पादों या पशु आहार में कीटनाशक अवशेष विभिन्न रूपों में हो सकते हैं-जैसे उनके चयापचय से बने, परिवर्तन से बने, अभिक्रियाओं से बने पदार्थ। कीटनाशकों के बार-बार उपयोग से लाभकारी जीव मारे जाते हैं, कीटों में प्रतिरोध बढ़ जाता है और जैव विविधता का नुकसान होता है। इन सबके चलते कीटों का वापिस लौटना आसान हो जाता है। हेप्टाक्लोर, एंड्रिन, डायएल्ड्रिन, एल्ड्रिन, क्लोर्डेन, डीडीटी और एचसीबी कुछ टिकाऊ कार्बनिक पर्यावरण प्रदूषक हैं। भारत कीटनाशकों का एक प्रमुख निर्माता और आपूर्तिकर्ता है। भारत में कीटनाशक उद्योग एक अरब डॉलर का है। जिसमें एसीफेट का उत्पादन सबसे अधिक होता है, इसके बाद अल्फामेथ्रिन और क्लोरपाइरीफॉस का नंबर आता है। एनएसीएल इंडस्ट्रीज लिमिटेड, यूपीएल लिमिटेड और भारत रसायन लिमिटेड के अलावा बायर क्रॉप साइंस लिमिटेड, रैलीज कुछ प्रमुख कीटनाशक निर्माता हैं। एक ओर भारत से 6,29,606 मीट्रिक टन कीटनाशकों का निर्यात किया जाता है वहीं दूसरी ओर, 1,33,807 मीट्रिक टन कीटनाशकों का आयात किया जाता है। कीटनाशकों की खपत यूरोप में सबसे अधिक है। इसके बाद चीन और यूएसए का नंबर आता है। भारत में भी प्रति हैक्टर कीटनाशकों की खपत बढ़ी है। 2022 की आधिकारिक रिपोर्ट के अनुसार, भारत में कीटनाशकों की औसत खपत लगभग 0.381 किग्रा सक्रिय घटक हैक्टर है। तुलना के लिए, विश्व की औसत खपत 0.5 किग्रा सक्रिय घटक/हैक्टर है। (विश्व स्तर पर) उपयोग के लिए पंजीकृत 293 कीटनाशकों में से भारत में 104 कीटनाशकों का निर्माण हो रहा है। 2022 तक, हमारे देश में 46 कीटनाशकों और 4 कीटनाशक फॉर्मूलेशन पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। अभी भी 39 कीटनाशक वर्ग-1b के हैं, जबकि 23 कीटनाशक वर्ग-II और वर्ग-III स्तर के हैं। भारत में खपत होने वाले कुल कीटनाशकों में से अधिकांश अत्यधिक या अधिक खतरनाक (1a या 1b) श्रेणी में आते हैं और केवल 10-15 प्रतिशत गैर-विषैले कीटनाशक के रूप में पंजीकृत हैं। भारत में कीटनाशकों के उपयोग का नियमन व नियंत्रण 1968 के कीटनाशक अधिनियम और 1971 के कीटनाशक नियमों के अधीन है। यह नियम-अधिनियम मनुष्यों, जानवरों और पर्यावरण की सुरक्षा के उद्देश्य से कीटनाशकों के



आयात, पंजीकरण, निर्माण, बिक्री, परिवहन, वितरण और उपयोग को नियंत्रित करते हैं। यद्यपि दो कीटनाशकों, बेरियम कार्बोनेट व कूमाक्लोर का उपयोग बंद कर दिया गया है लेकिन तीन बेहद खतरनाक कीटनाशक, ब्रोडिफाकम, ब्रोमैडायओलोन और फ्लोकोमाफेन (1a) अभी भी भारत में उपयोग के लिए पंजीकृत हैं। फरवरी 2020 में प्रकाशित एक मसौदा अधिसूचना में प्रस्ताव दिया गया था कि मनुष्यों व जानवरों के स्वास्थ्य और पर्यावरण सम्बंधी खतरों को देखते हुए ट्राइसाइक्लाजोल और बुप्रोफेजिन के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया जाना चाहिए।

ये पौधों, जानवरों, बैक्टीरिया और कुछ खनिजों जैसे प्राकृतिक पदार्थों से बने होते हैं। यह पर्यावरण के अनुकूल हैं। और आम तौर पर रासायनिक कीटनाशकों की तुलना में अधिक सुरक्षित होते हैं। कीट प्रबंधन के लिए एक समग्र दृष्टिकोण जिसमें रासायनिक कीटनाशकों के उपयोग को कम करने के लिए जैविक और यांत्रिक तरीकों सहित विभिन्न कीट नियंत्रण विधियां हैं। कीटों को दूर रखने या लाभकारी कीटों को आकर्षित करने के लिए एक साथ विभिन्न फसलें लगाई जाती हैं। जैविक खाद का उपयोग मिट्टी के स्वास्थ्य में सुधार और रासायनिक उर्वरकों की आवश्यकता को कम करने के लिए किया जा सकता हैय रासायानिक उर्वरक कीटों को आकर्षित कर सकते हैं। हालांकि यह उपाय उतने प्रभावी नहीं हैं, लेकिन अधिक सुरक्षित व टिकाऊ हैं। जैविक खेती, परिशुद्ध खेती और कृषि-पारिस्थितिकी जैसे कुछ अन्य वैकल्पिक उपाय रासायनिक कीटनाशकों पर निर्भरता घटाकर अधिक टिकाऊ विधियां अपनाने में मदद कर सकते हैं।

**(स्रोत फीचर्स)**



किर्गिस्तान। बिश्केक में दक्षिण अफ्रीकी रक्षा मंत्री संघ (एससीओ) की बैठक के दौरान अपने रूसी समकक्ष एंड्री बेलौसोव के साथ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह।

## भारत-अमेरिकी वाणिज्य मंडल ने की राजस्थान चैप्टर की शुरुआत

**नई दिल्ली।** भारत-अमेरिकी वाणिज्य मंडल (आईएससीसी) ने अपने राजस्थान चैप्टर की शुरुआत की है, जो राज्य स्तर पर भारत-अमेरिका व्यापार और निवेश संबंधों को मजबूत करने के उद्देश्य से एक रणनीतिक विस्तार है। आईएससीसी की मंगलवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में उम्मीद जताई गई है कि यह चैप्टर सीमा पार साझेदारी को सुविधाजनक बनाने, नीतिगत संवाद को बढ़ाने और भारतीय तथा अमेरिकी व्यवसायों के बीच क्षेत्र-विशिष्ट के लिए सहयोग के लिए एक मंच के रूप में कार्य करेगा। अमेरिकी दूतावास में वाणिज्यिक मामलों के सलाहकार जोनाथन हेइमर ने कहा कि विकसित होती भारत-अमेरिका साझेदारी वैश्विक आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने कहा कि दुनिया का भविष्य काफी हद तक अमेरिका और भारत के बीच की साझेदारी पर निर्भर करेगा।

# पाक का अफगान पर मिसाइल अटैक, 7 की मौत

## 75 घायल, 6 पाक सैनिकों की मौत के बाद किया जवाबी हमला

**काबुल/इस्लामाबाद।** अफगानिस्तान के पूर्वी प्रांत कुनार में हुए हमलों में कम से कम 7 लोगों की मौत हो गई, जबकि 75 से ज्यादा लोग घायल बताए जा रहे हैं। घायलों में यूनिवर्सिटी के छात्र, बच्चे और आम नागरिक शामिल हैं। स्थानीय अधिकारियों ने कहा कि राजधानी असदाबाद में घरों के साथ-साथ सैयद जमालुद्दीन अफगानी यूनिवर्सिटी को भी निशाना बनाया गया।

तालिबान सरकार के उप प्रवक्ता हमदुल्लाह फितरत ने आरोप लगाया है कि ये हमले पाकिस्तान की तरफ से किए गए। उनका कहना है कि सोमवार दोपहर करीब 2 बजे शुरू हुए इन हमलों में मोर्टार और राकेट दागे गए। वहीं दूसरी तरफ पाकिस्तान ने इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। पाकिस्तान के सूचना मंत्रालय का कहना है कि यूनिवर्सिटी और रिहायशी इलाकों को निशाना बनाने की खबरें पूरी तरह गलत हैं। इससे पहले रविवार को अफगानिस्तान के कंधार इलाके में पाकिस्तान के साथ सीमा पर फिर हिंसक झड़प की घटना हुई थी। खामा प्रेस ने सूत्रों के हवाले से दावा किया कि स्पिन बोल्डक इलाके में रात के दौरान दोनों पक्षों के बीच फायरिंग हुई। इसमें



- सोमवार दोपहर करीब 2 बजे शुरू हुए इन हमलों में मोर्टार और राकेट दागे गए: हमदुल्लाह फितरत
- दूसरी तरफ पाक ने इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है

पाकिस्तान के छह सैनिक मारे गए। तालिबानी लड़ाके एक सैनिक को बंधक बनाकर ले गए। पाकिस्तानी सैनिकों के हथियार भी लेकर चले गए। हालांकि, इन दावों की अभी पुष्टि नहीं हुई है। बताया जा रहा है कि देर रात पाकिस्तान की तरफ से सीमा पार फायरिंग हुई, जिसमें एक स्थानीय बच्चे की मौत हो गई। इसके बाद तालिबान ने जवाबी हमला किया। दोनों देशों के बीच पहले से ही तनाव बना हुआ है। पाकिस्तान ने मार्च में राजधानी काबुल में एक नशा मुक्ति केंद्र पर भी हमला किया था, जिसमें 400 से ज्यादा लोगों की मौत का दावा किया गया था। दोनों देशों के बीच मार्च में एक सीजफायर हुआ था, जिससे कई हफ्तों से चल रही खूनखराबे वाली झड़पें रुकी थीं, लेकिन अब हालात फिर बिगड़ते दिख रहे हैं। चीन के अलावा तुर्की, कतर, संयुक्त अरब अमीरात और सऊदी अरब भी इस विवाद को खत्म कराने की कोशिश कर चुके हैं। पाकिस्तान और अफगानिस्तान में इस साल संघर्ष की शुरुआत 22 फरवरी को हुई थी। पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के सीमावर्ती इलाकों में एयरस्ट्राइक की थी। पाकिस्तान के उप गृह मंत्री तलाल चौधरी ने दावा किया था कि सीमावर्ती इलाकों में टीटीपी के ठिकानों पर कार्रवाई में कम से कम 70 लड़ाके मारे गए। बाद में पाकिस्तानी अखबार डान ने यह संख्या 80 तक पहुंचने का दावा किया था। इसके जवाब में अफगानिस्तान ने 27 फरवरी को पाकिस्तान पर हमला किया। अफगान रक्षा मंत्रालय ने कहा था कि पाकिस्तान को 'सही समय पर कड़ा जवाब' दिया जाएगा। मंत्रालय ने इन हमलों को देश की संप्रभुता का उल्लंघन बताया था। पाकिस्तान लंबे समय से अफगानिस्तान की तालिबान सरकार पर दबाव बनाता रहा है कि वह अपनी जमीन का इस्तेमाल किसी भी आतंकी संगठन को न करने दे। इस्लामाबाद का आरोप है कि टीटीपी अफगानिस्तान से आपरेट हो रहा है, जबकि तालिबान सरकार इन आरोपों से लगातार इनकार करती रही है। 2001 में अमेरिका के अफगानिस्तान पर हमले के बाद पाकिस्तान ने अमेरिका का साथ दिया। इससे टीटीपी नाराज हो गया, वह इसे इस्लाम के खिलाफ मानता था।

# इमरान खान की आंखों की रोशनी पर खतरा



- चौथी बार हुई सर्जरी इमरान खान की दाहिनी आंख में सेंट्रल रेटिनल वेन आक्स्युप्यूजन यानी सीआरवीओ नाम की बीमारी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को एक बार फिर आंखों के इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। पिम्स अस्पताल में उन्हें चौथी बार इंट्राविट्रियल एंटी-वीईजीएफ इंजेक्शन दिया गया। उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। अस्पताल के प्रवक्ता ने बताया कि 74 वर्षीय इमरान खान को 28 अप्रैल को इलाज के लिए अस्पताल लाया गया था।

डाक्टर ने जांच के बाद उनकी हालत को स्थिर बताया और फिर आपरेशन थिएटर में जरूरी प्रक्रियाओं के बाद उन्हें चौथा इंजेक्शन दिया गया। इमरान खान की दाहिनी आंख में सेंट्रल रेटिनल वेन आक्स्युप्यूजन यानी सीआरव.ीओ नाम की बीमारी है, जिसका पता इस साल जनवरी के अंत में चला था। इससे पहले इमरान खान को 24 जनवरी को पहला इंजेक्शन लगाया गया था। इसके बाद 24 फरवरी को उन्हें दूसरी खुराक दी गई और 23 मार्च को तीसरा इंजेक्शन लगाया गया। डाक्टरों ने बताया कि उनके ताजा टेस्ट में सुधार देखा गया है। यह प्रक्रिया एक डे केयर सर्जरी की तरह थी जिसके बाद उन्हें जरूरी सुझावों के साथ अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। पीटीआई के अध्यक्ष बैरिस्टर गोहर अली खान ने सोशल मीडिया पर इमरान खान के अस्पताल जाने की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि इमरान खान को रात में इंजेक्शन और मेडिकल चेकअप के लिए पिम्स ले जाया गया था। हालांकि उन्होंने सरकार के रवैये पर सवाल भी उठाए हैं। बैरिस्टर गोहर अली खान ने कहा, श्इलाज जो भी हो लेकिन हमारी चिंताएं अभी भी बनी हुई हैं। इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को किसी ऐसे अस्पताल में शिफ्ट किया जाना चाहिए जहां उनके निजी डाक्टरों और परिवार की देखरेख में इलाज हो सके। यह उनका मौलिक अधिकार है और हम लंबे समय से इसकी मांग कर रहे हैं। विपक्ष लगातार मांग कर रहा है कि पूर्व प्रधानमंत्री को इलाज के लिए शिफा इंटरनेशनल अस्पताल में शिफ्ट किया जाए। पीटीआई का आरोप है कि सरकार इमरान खान के स्वास्थ्य को लेकर पारदर्शिता नहीं बरत रही है।

# ईरान-रूस रणनीतिक साझेदारी की गहराई साबित हुईः अराघची

## कहाः क्षेत्रीय उथल-पुथल ने दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों की मजबूती को उजागर किया



- हालिया घटनाक्रमों ने दोनों देशों के संबंधों की शक्ति को प्रमाणित किया है: अराघची
- उनकी यह टिप्पणी रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के साथ हुई बैठकों के बाद आई

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने रूस के साथ ईरान की रणनीतिक साझेदारी की बढ़ती गहराई को रेखांकित करते हुए कहा कि ईरान पर अमेरिका-इजरायल के हमले के बाद क्षेत्रीय उथल-पुथल ने दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों की मजबूती को उजागर किया है।

अराघची ने सेंट पीटर्सबर्ग में उच्चस्तरीय बैठकों के बाद कहा कि क्षेत्र बड़े बदलाव के दौर से गुजर रहा है और ऐसे समय में रूस के साथ सर्वोच्च स्तर पर संवाद महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि हालिया घटनाक्रमों ने दोनों देशों के संबंधों की शक्ति को प्रमाणित किया है। अराघची ने रूस के समर्थन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जैसे-जैसे सहयोग का विस्तार हो रहा है, ईरान कूटनीतिक प्रयासों में रूस की एकजुटता का स्वागत करता है। उनकी यह टिप्पणी रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के साथ हुई बैठकों के बाद आई। पुतिन ने ईरानी जनता की संप्रभुता की रक्षा के लिए उनके 'साहसिक और वीरतापूर्ण' प्रयासों की सराहना की और विश्वास जताया कि क्षेत्र में स्थिरता लौटेगी। उन्होंने कहा कि रूस ईरान और अन्य क्षेत्रीय देशों के हितों की सुरक्षा तथा शांति बहाली के लिए आवश्यक कदम उठाएगा। लावरोव ने अराघची के साथ अपनी वार्ता को उपयोगी बताया। अराघची ने अपने क्षेत्रीय दौरे के अंतिम चरण में दोहराया कि ईरान-रूस के बीच संबंध आगे भी और मजबूत होंगे तथा इसे उन्होंने 'रणनीतिक साझेदारी' बताया। उन्होंने अमेरिका और इजरायल पर 'अकारण आक्रामक युद्ध' का आरोप लगाते हुए कुछ देशों की चुप्पी की आलोचना की। अराघची ने पाकिस्तान की मध्यस्थता कोशिशों का उल्लेख करते हुए कहा कि अमेरिका की बदलती स्थितियां, तीखी बयानबा.जी और प्रतिबद्धताओं के उल्लंघन ने कूटनीतिक प्रगति को बाधित किया है। उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसे दोहरे मापदंडों से अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के लिए व्यापक परिणाम सामने आने का खतरा है।


## युद्ध के बाद से ईरान में दवाओं की भारी किल्लत

**तेहरान।** ईरान पर अमेरिका-इजरायल संयुक्त हमलों के बाद से ईरानी दवाखानों में दवाओं की भारी कमी हो गई है। ईरानी अधिकारियों के अनुसार, 28 फरवरी से अब तक अमेरिका-इजरायल ने देश के विभिन्न प्रांतों में लगभग 25 फार्मास्युटिकल सुविधा केंद्रों पर हमले किए हैं। लक्ष्यों की सूची में बड़े और रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण संस्थान शामिल हैं, जिनमें कैंसर, हृदय रोग, एनेस्थीसिया और मल्टीपल स्केलेरोसिस की दवाएं बनाने वाले फार्मास्युटिकल केन्द्र के साथ-साथ तेहरान में पाश्चर संस्थान (टीका निर्माता) भी शामिल है। तेहरान के वलीअसर स्क्वायर के पास एक फार्मेसी में कार्यरत डॉ. पेजमान नईम ने स्पुतनिक को बताया कि मधुमेह और हृदय रोगों जैसी कुछ दवाएं बाजार में अत्यंत दुर्लभ हो गई हैं। युद्ध के दौरान भी इनकी आपूर्ति बहुत कम थी और नागरिकों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ा था। अब स्थिति और भी गंभीर हो गई है। डॉ. नईम ने उल्लेख किया कि चुनौतियों के बावजूद स्थिति नियंत्रण में है। ईरानी अधिका.रियों ने एक हेल्पलाइन स्थापित की है जिसके माध्यम से नागरिक यह जान सकते हैं कि कौन सी दवाएं स्टॉक में नहीं हैं और वे किन फार्मेसियों में उपलब्ध हैं। फार्मासिस्टों ने मरीजों को दवाएं उपलब्ध कराने के लिए स्वयं एक नेटवर्क तैयार किया है।

# हमलावर पर ट्रम्प की हत्या की कोशिश का लगा आरोप

**वाशिंगटन।** अमेरिका में व्हाइट हाउस कारेस्पान्डेंट्स डिनर में फायरिंग करने वाले हमलावर 31 वर्षीय कोल टामस एलन पर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की हत्या की कोशिश का आरोप लगाया है। डिनर कार्यक्रम में ट्रम्प, फर्स्ट लेडी मेलानिया, उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, कैबिनेट सदस्य और वरिष्ठ पत्रकार मौजूद थे।

आरोपी पर राष्ट्रपति की हत्या की कोशिश, हथियारों को राज्य सीमा पार ले जाने, हिंसक अपराध के दौरान गोली चलाने और फेडरल अधिकारियों पर हमला करने जैसे आरोप लगाए गए हैं। दोषी पाए जाने पर उसे कम से कम 10 साल जेल से लेकर उम्रकैद तक की सजा हो सकती है। अधिकारियों के मुताबिक आरोपी कैलिफोर्निया के टारेंस का रहने वाला है। एफबीआई के अनुसार उसने 6 अप्रैल को होटल में कमरा बुक कराया था। वह 21 अप्रैल को लास एंजिलिस क्षेत्र से निकला, पहले ट्रेन से शिकागो पहुंचा और फिर वाशिंगटन आया। जांच एजेंसियों के मुताबिक आरा.ेपी शाटगन, पिस्तौल और कई चाकुओं के साथ सुरक्षा जांच क्षेत्र तक पहुंचा और मेटल डिटेक्टर पार करने की कोशिश की। इसी दौरान गोली चलने की आवाज सुनी गई। वाशिंगटन डीसी की अमेरिकी अटार्नी जीनिन पिरो शनिवार को हुए व्हाइट हाउस कारेस्पान्डेंट्स डिनर शूटिंग मामले के आरोपी कोल टोमस एलन के पास मिली शाटगन की तस्वीर दिखाती हुईं। एफबीआई ने कहा कि आरोपी ने एक ईमेल भी तैयार किया था, जिसमें प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों को निशाना बताया गया था। हमले के करीब डेढ़ घंटे बाद ट्रम्प ने मीडिया को संबोधित किया। उन्होंने कहा: अमेरिका के संविधान पर हमला हुआ। सीक्रेट सर्विस ने मेरी जान बचाई। सुरक्षाकर्मियों ने बहादुरी से काम किया। जिस अफसर को गोली लगी, वह सुरक्षित है। उसने बुलेटप्रूफ जैकेट पहनी थी। हमलावर के पास पावरफुल गन थी।



- कम से कम 10 साल जेल से लेकर उम्रकैद तक की सजा हो सकती है कोल टामस एलन को
- एफबीआई के अनुसार उसने छह अप्रैल को होटल में कमरा बुक कराया था

# गुटेरेस ने परमाणु प्रसार पर जताई चिंता

## संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने किया एनपीटी की व्यापक समीक्षा का आह्वान

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने चेतावनी दी है कि वैश्विक स्तर पर परमाणु प्रसार तेज हो रहा है, जिससे नये परमाणु हथियारों की दौड़ का खतरा बढ़ता जा रहा है।

गुटेरेस ने संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) के सदस्य देशों की बैठक के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि यह ऐतिहासिक संधि कमजोर पड़ रही है, क्योंकि सदस्य देशों की प्रतिबद्धताएं पूरी नहीं हो रहीं और वैश्विक भरोसा लगातार घट रहा है। उन्होंने कहा कि संधि कमजोर हो रही है, वचन पूरे नहीं हुए हैं, विश्वास और विश्वसनीयता क्षीण हो रही है तथा परमाणु प्रसार की प्रवृत्तियां तेज हो रही हैं। गुटेरेस ने कहा कि दुनिया परमाणु हथियारों के खतरों को 'सामूहिक रूप से' भूल रही है, जबकि



- कठिन प्रयासों से बने मानदंड कमजोर हो रहे हैं और हथियार नियंत्रण व्यवस्था दम तोड़ रही है: गुटेरेस

भू-राजनीतिक तनाव और सैन्य खर्च लगातार बढ़ रहे हैं। उन्होंने याद दिलाया कि परमाणु हथियारों के उन्मूलन का लक्ष्य 1946 में संयुक्त राष्ट्र महासभा के पहले प्रस्ताव से जुड़ा है, लेकिन मौजूदा समय में इस दिशा में हुई प्रगति गंभीर दबाव में है। उन्होंने कहा कि एक बार फिर परमाणु हथियारों की धमक सुनाई दे रही है। अविश्वास हावी है। कठिन प्रयासों से बने मानदंड कमजोर हो रहे हैं और हथियार नियंत्रण व्यवस्था दम तोड़ रही है। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख के अनुसार, पिछले वर्ष वैश्विक सैन्य खर्च 2.7 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच गया, जो विकास सहायता से कहीं अधिक है और वैश्विक प्राथमिकताओं के असंतुलन को दर्शाता है। उन्होंने चेतावनी दी कि कई दशकों बाद पहली बार परमाणु हथियारों की संख्या बढ़ रही है, जबकि कुछ देशों में परमाणु परीक्षण फिर शुरू करने और परमाणु हथियार हासिल करने की चर्चाएं भी तेज हो रही हैं। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि परमाणु हथियार सुरक्षा प्रदान नहीं करते।

## इंडोनेशिया में दो ट्रेनों की टक्कर में सात लोगों की मौत

**जकार्ता।** इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता के पूर्व में स्थित बेकासी शहर में सोमवार देर रात दो ट्रेनों की टक्कर में कम से कम सात लोगों की मौत हो गई और 81 अन्य घायल हो गए। एक समाचार एजेंसी ने रेलवे के अधिकारी के हवाले से यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घटना स्थल पर खोज और बचाव कार्य जारी है। ट्रेनों की यह टक्कर बेकासी तैमूर स्टेशन पर हुई, जब एक उपनगरीय यात्री ट्रेन और एक लंबी दूरी की ट्रेन आपस में टकरा गईं। लंबी दूरी की ट्रेन ने दूसरी ट्रेन के पिछले डिब्बे को टक्कर मार दी, जो महिलाओं के लिए आरक्षित था।



## मर्दानी-3 का सफर बेहद भावनात्मकः रानी मुखर्जी

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री रानी मुखर्जी का कहना है कि उनके लिये मर्दानी 3 का सफर बेहद भावानात्मक रहा है। फिल्म मर्दानी 3 को यश राज फिल्म्स ने प्रोड्यूस किया है। इस फिल्म में रानी मुखर्जी मुख्य भूमिका में हैं। यह फिल्म स्ट्रीमिंग पर एक बड़ी सफलता के रूप में उभरी है। फिल्म अपनी मजबूत थिएट्रिकल रन के बाद 30 दिनों तक नेटफ्लिक्स पर ट्रेंड करती रही। मर्दानी 3 ने कल नेटफ्लिक्स पर 30 दिन पूरे किए, जो इस चर्चित फ्रेंचाइज़ के लिए एक बड़ी उपलब्धि है, जो देश की एकमात्र सफल महिला-प्रधान फिल्म फ्रेंचाइज़ बनी हुई है। रानी मुखर्जी ने कहा कि मेरे लिए मर्दानी 3 का सफर बेहद भावनात्मक है, क्योंकि इसने हर जगह दर्शकों से जुड़ाव बनाया है। पहले सिनेमाघरों में और अब दुनिया भर में नेटफ्लिक्स पर। फिल्म का थिएट्रिकल रन बहुत मजबूत रहा, इसने महिला-प्रधान एक्शन फिल्म और फ्रेंचाइज़ के लिए कई मील के पत्थर पार किए, और आज इसे पूरे एक महीने तक स्ट्रीमिंग पर टॉप फिल्मों में ट्रेंड करते देखना बेहद विनम्र करने वाला अनुभव है।




# एनपीटी के आसपास की स्थिति चिंताजनक

## पश्चिमी देश इस संधि का कर रहे हैं राजनीतिकरणः रूसी दूत का आरोप

**जिनेवा।** जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र के लिये रूस के स्थाई प्रतिनिधि गेनेडी गैतिलोव ने 'आरआईए नोवोस्ती' को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) के आसपास की स्थिति चिंताजनक है, क्योंकि पश्चिमी देश संधि के मंच पर कार्यों का राजनीतिकरण करना चाहते हैं।

परमाणु अप्रसार संधि का 11वां समीक्षा सम्मेलन सोमवार को न्यूयॉर्क में शुरू हुआ। रूसी राजनयिक ने कहा कि सच कहूं तो, संधि के आसपास की स्थिति चिंताजनक है। पश्चिमी देश एनपीटी मंच पर कार्यों का राजनीतिकरण करना जारी रखे हुए हैं, और संधि से असंबद्ध राष्ट्रीय मुद्दों को चर्चा के केंद्र में ला रहे हैं। गैतिलोव ने कहा कि 'रूसी खतरे' के बहाने पेरिस परमाणु हथियारों का संचय कर रहा है, जो रूस की सुरक्षा के लिये तत्काल जोखिम पैदा करता है।

- 'रूसी खतरे' के बहाने पेरिस परमाणु हथियारों का संचय कर रहा है

राजनयिक ने कहा कि फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की 'परमाणु' आकांक्षाओं का हमारे लिये एक महत्वपूर्ण पहलू यह है कि उन्हें एक काल्पनिक रूसी खतरे के माध्यम से उचित ठहराया जा रहा है। हमारा मानना है कि ऐसा घटनाक्रम न केवल रूस की सुरक्षा के लिये तत्काल जोखिम पैदा करता है, बल्कि रणनीतिक स्थिरता पर भी बहुत नकारात्मक प्रभाव डालता है। उन्होंने यह भी कहा कि यह हमारे देश के प्रति फ्रांस और पूरे नाटो सैन्य-राजनीतिक गुट के शत्रुतापूर्ण इरादों की भी पुष्टि करता है। रूसी राजदूत ने दावा किया कि रूस ने पेरिस द्वारा परमाणु हथियारों के संचय का जवाब देने के लिये पर्याप्त उपाय तैयार किये हैं। राजनयिक ने कहा कि रूसी संघ स्थिति की बारीकी से निगरानी कर रहा है। हम एक जिम्मेदार और संयमित दृष्टिकोण के प्रति प्रतिबद्ध हैं। साथ ही, यदि फ्रांस और अन्य नाटो देशों की उपरोक्त योजनाओं को पूरी तरह से लागू किया जाता है, तो निस्संदेह हमारे पास रूस और उसके नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिये पर्याप्त उपाय मौजूद हैं। मैक्रों ने मार्च में घोषणा की थी कि फ्रांस अपनी परमाणु निवारण नीति को मजबूत कर रहा है और उन्होंने परमाणु हथियारों की संख्या बढ़ाने का आदेश दिया था। उन्होंने यह भी कहा था कि फ्रांस को पूरे यूरोप को कवर करने के लिये अपनी परमाणु रणनीति का विस्तार करने पर विचार करना चाहिए। डेनमार्क ने पहले ही फ्रांस के साथ एक रणनीतिक परमाणु निवारण समझौता कर लिया है, जिसका उद्देश्य नाटो के निवारण तंत्र को पूरक बनाना है।

